✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 117 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, सोमवार, 22 सितंबर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

## प्रथम नवदुर्गा : माता शैलपुत्री



**वंदे वाद्द्रिछतलाभय**
**चंद्रार्धकृतशेखराम।**
**वृषारूढां शूलधरां शैलपुत्री**
**यशस्विनीम।।**

दुर्गा पूजा के प्रथम दिन माता शैलपुत्री की पूजा-वंदना की जाती है। मां दुर्गा की पहली स्वरूपा और शैलराज हिमालय की पुत्री शैलपुत्री के पूजा के साथ ही दुर्गा पूजा आरम्भ हो जाता है। नवरात्र पूजन के प्रथम दिन कलश स्थापना के साथ इनकी ही पूजा और उपासना की जाती है।

### शारदीय नवरात्र की पूर्व संध्या पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को किया संबोधित

# जीएसटी सुधारों को लेकर देश में उत्साह : मोदी

**प्रिय देशवासियों, नमस्कार।**

कल से नवरात्र शुरू हो रहा है। आप सभी को नवरात्र की शुभकामनाएं। नवरात्र के प्रथम दिवस सूर्योदय के साथ ही नेकस्ट जेनरेशन जीएसटी रिफॉर्म्स शुरू हो जाएंगे। जीएसटी बचत महोत्सव शुरू हो रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि जीएसटी बचत उत्सव में आपकी बचत बढ़ेगी और आप अपनी पसंद की चीजों को और ज्यादा आसानी से खरीद पाएंगे। हमारे देश के गरीब, मध्यम वर्गीय लोग, न्यू मिडिल क्लास, युवा, किसान, महिलाएं, दुकानदार, व्यापारी, उद्यमी, सभी को ये बचत उत्सव का बहुत फायदा होगा। यानी त्योहारों के इस मौसम में सबका मुंह मीठा होगा। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश के हर परिवार की खुशियां बढ़ेंगी। मैं देश के कोटि-कोटि परिवारजनों को नेक्सट जेन जीएसटी रिफॉर्म्स की बधाई देता हूं, शुभकामनाएं देता हूं। ये बदलाव भारत की ग्रोथ स्टोरी को आगे बढ़ाएंगे। कारोबार को और आसान बनाएंगे। निवेश को और आकर्षक बनाएंगे और हर राज्य को विकास की दौड़ में बराबरी का साथी बनाएंगे। साथियों जब साल 2017 में जीएसटी रिफॉर्म्स की तरफ कदम बढ़ाया था तब नया इतिहास रचने की शुरुआत हुई थी। आप सभी लोगों को देश के व्यापारी, अलग-अलग टैक्स के जाल में उलझे हुए थे। एंट्री टैक्स, सेल्स टैक्स, एक्साइज, वैट, सर्विस टैक्स न जाने भांति-भांति के दर्जनों टैक्स देश में थे। पीएम मोदी ने कहा कि अलग-अलग जगहों पर माल भेजना हो तो पता नहीं कितने चेक पोस्ट पार करने पड़ते थे, कितने फॉर्म भरने पड़ते थे। हर जगह टैक्स के अलग-अलग नियम थे। जब 2014 में देश ने मुझे प्रधानमंत्री पद का दायित्व सौंपा था तब एक विदेशी अखबार में एक दिलचस्प उदाहरण छपा था। उसमें एक कंपनी की मुश्किलों का जिक्र था। उस कंपनी ने कहा था कि अगर

> कल सूर्योदय के साथ ही नई पीढ़ी के जीएसटी सुधार लागू हो जाएंगे। जीएसटी बचत उत्सव शुरू होने जा रहा है। त्योहारों के मौसम में सबका मुंह मीठा होगा। देश के हर परिवार की खुशियां बढ़ेंगी।
>
> *नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री*



उसे बंगलूरू से 570 किलोमीटर दूर हैदराबाद अपना सामान भेजना हो तो वो इतना कठिन था कि उन्होंने सोचा और कहा कि वो पसंद करती थी कंपनी कि पहले अपना सामान बंगलूरू से यूरोप भेजें और फिर वही सामान यूरोप से हैदराबाद भेजें। साथियों, टैक्स और टोल के जंजाल से ये तबके हालात थे और मैं आपको सिर्फ एक पुराना उदाहरण याद दिला रहा हूं। तब लाखों कंपनियों और देशवासियों को अलग-अलग तरह के टैक्स के जाल की वजह से रोज परेशानी होती थी। सामान को एक शहर से दूरे शहर पहुंचने के बीच जो खर्च बढ़ता था वो खर्च भी गरीब को उठाना पड़ता था। वो खर्च ग्राहकों को उठाना पड़ता था। देश को इससे निकालना जरूरी था। पीएम मोदी ने कहा कि जब आपने हमें 2014 में मौका दिया तो हमने जीएसटी को अपनी प्राथमिकता बनाया। हमने हर राज्यों की हर शंका का निवारण किया। हर सवाल का समाधान खोजा। सभी राज्यों को साथ लेकर आजाद भारत का इतना बड़ा टैक्स सुधार संभव हो पाया। ये केंद्र और राज्यों के प्रयासों का नतीजा था कि देश दर्जनों टैक्स के जाल से मुक्त हो गया। अब पूरे देश के लिए एक जैसी व्यवस्था बनी है। वन नेशन, वन टैक्स का सपना साकार हुआ। साथियों रिफॉर्म एक अनवरत चलने वाली प्रक्रिया होती है। जब समय बदलता है, देश की जरूरत बदलती है तो नेक्सट जेन रिफॉर्म्स भी उतने ही आवश्यक होते हैं। वर्तमान जरूरतों और भविष्य को देखते हुए जीएसटी के नए सुधार लागू हो रहे हैं। अब सिर्फ 5 फीसदी और 18 फीसदी के ही टैक्स स्लैब रहेंगे। यानी रोजमर्रा के इस्तेमाल की ज्यादा सामान सस्ती हो जाएंगे। खाने-पीने का सामान, दवाइयां, ब्रश-पेस्ट, बीमा- ऐसे ज्यादातर सामान पर या तो टैक्स शून्य होगा या 5 फीसदी टैक्स होगा। जिन सामानों पर पहले 12 फीसदी टैक्स लगता था उनमें से करीब 99 फीसदी चीजें अब पांच फीसदी टैक्स के दायरे में हैं। पीएम मोदी ने कहा कि पिछले 11 साल में देश में 25 करोड़ लोगों ने गरीबी को हराया है। गरीबी को परास्त किया है और गरीबी से बाहर निकलकर एक बहुत बड़ा समूह नियो मिडिल क्लास के तौर पर बड़ी भूमिका अदा कर रहा है। इस क्लास की अपनी महत्वाकांक्षाएं और सपने हैं। इस साल सरकार ने 12 लाख तक की **(शेष पृष्ठ 10 पर)**

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम नीतीश कुमार ने दी शारदीय नवरात्रि की बधाई

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शारदीय नवरात्रि के अवसर पर प्रदेश एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी है। उन्होंने अपने संदेश में कहा है कि मां दुर्गा शक्ति की अधिष्ठात्री देवी हैं। नवरात्रि के पूरे नौ दिन मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा का विशेष महत्व है। मां दुर्गा भक्तों और साधकों में शक्ति का संचार कर करूणा और परोपकार के द्वारा प्राणियों का कल्याण करती हैं। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि नवरात्रि पर्व को पारस्परिक सद्भाव, आपसी भाईचारा एवं शांतिपूर्ण तरीके से हर्षोल्लास के साथ मिल जुलकर मनायें।

### युवक की गोली मारकर हत्या

**भभुआ(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के भगवानपुर थाना क्षेत्र के कसेर गांव निवासी एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इसके बाद हत्यारों ने उसके शव को मोहनियां में रेलवे ट्रैक के पास फेंक दिया जिसे रविवार को बरामद किया गया। मृतक की पहचान भगवानपुर थाना क्षेत्र के केसर गांव निवासी सच्चिदानंद पांडेय के 23 वर्षीय पुत्र श्रीकांत पांडेय के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भभुआ सदर अस्पताल भेजा है।

### गंगाजल लेने गए दो युवक लापता

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** नवरात्र की तैयारियों के बीच पटना के दीघा गंगा घाट पर रविवार सुबह दो युवक गंगा जल लेने के दौरान डूबकर लापता हो गए। दोनों युवक गंगा जल लेने के लिए मरीन ड्राइव स्थित घाट पर गए थे, जहां तेज धारा में बहकर वे पानी में लापता हो गए। जानकारी के अनुसार बंटी कुमार और सुमित कुमार अपने एक दोस्त के साथ नवरात्रि के लिए गंगाजल लेने गए थे। तीनों घाट के नीचे उतरे लेकिन तेज धारा के कारण बंटी और सुमित गहरे पानी में बह गए जबकि उनका दोस्त सुरक्षित रहा और उसने तुरंत 112 डायल कर पुलिस को सूचना दी। एसडीआरएफ और पुलिस की टीम युवक को ढूंढने में जुटी हुई है।

### बिहारशरीफ-शेखपुरा नई रेललाइन पर जल्द दौड़ेगी ट्रेनें

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहारशरीफ-बरबीघा-शेखपुरा नई रेललाइन में 18 किमी लंबे नवनिर्मित अस्थावां-बरबीघा-सरसा जमालपुर रेलखंड का संरक्षा आयुक्त ने रविवार को निरीक्षण किया। इस मार्ग पर जल्द ट्रेन दौड़ेगी। पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चन्द्र ने बताया कि कोलकाता रेलवे (पूर्वी सर्किल) के संरक्षा आयुक्त सुमित सिंघल ने सरसा जमालपुर से अस्थावां के बीच मोटर ट्रॉली से नवनिर्मित लाइन, समपार फाटक, पुल-पुलिया, स्टेशन भवन, पैनल रूम, रिलेरूम एवं आईपीएस रूम का जायजा लिया। विशेष ट्रेन से अस्थावां से सरसा जमालपुर के बीच सफलतापूर्वक स्पीड ट्रायल भी किया गया। संरक्षा आयुक्त की अनुमति प्राप्त होते ही नवनिर्मित रेलखंड पर ट्रेनों का आवागमन शुरू होगा।

### नवरात्र की शुरुआत होने से पहले सीएम नीतीश की बड़ी घोषणा

# विकास मित्रों को टैबलेट व शिक्षा सेवकों को मिलेगा स्मार्टफोन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार चुनाव से पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार लगातार बिहारवासियों को सौगात दे रहे हैं। दशहरा की शुरुआत होने से एक दिन पहले उन्होंने विकास मित्रों के लिए बड़ी घोषणा की है। उन्होंने रविवार सुबह अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से बिहार महादलित विकास मिशन के अन्तर्गत कार्यरत प्रत्येक विकास मित्र को टैबलेट खरीदने के लिए राशि देने के साथ परिवहन एवं स्टेशनरी भत्ता बढ़ाने की बात कही। सीएम नीतीश कुमार ने लिखा कि न्याय के साथ विकास के सिद्धांत पर चलते हुए समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिए हमारी सरकार लगातार काम कर रही है। उन्होंने एलान करते हुए कहा कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग तक सरकार की विभिन्न विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में विकास मित्रों की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसे ध्यान में रखते हुए



बिहार महादलित विकास मिशन के अन्तर्गत कार्यरत प्रत्येक विकास मित्र को टैबलेट क्रय के लिए एकमुश्त 25 हजार रुपये की राशि प्रदान करने का निर्णय लिया गया है ताकि उन्हें विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभुकों के डाटा संधारण एवं अन्य कामकाज में सुविधा हो सके। इसके साथ ही विकास मित्रों का परिवहन भत्ता 1900 रुपये प्रतिमाह से बढ़ाकर 2500 रुपये प्रतिमाह एवं स्टेशनरी भत्ता 900 रुपये से बढ़ाकर 1500 रुपये किए जाने का निर्णय लिया गया है। इससे उन्हें क्षेत्र भ्रमण के साथ-साथ दस्तावेजों के संग्रहण में सुविधा होगी। सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि महादलित, दलित, अल्पसंख्यक एवं अति पिछड़ा वर्ग के बच्चों तक शिक्षा का लाभ तथा अक्षर आंचल योजना के अधीन महिलाओं को साक्षर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे शिक्षा सेवकों (तालिमी मरकज सहित) को डिजिटल गतिविधियों के संपादन हेतु स्मार्ट फोन क्रय करने के लिए 10-10 हजार रुपये की राशि दिए जाने का निर्णय लिया गया है। साथ ही शिक्षण सामग्री मद में भुगतान की जा रही राशि को 3405 रुपये से बढ़ाकर छह हजार रुपये प्रति केन्द्र प्रतिवर्ष किए जाने का निर्णय लिया गया है।

# पांच विदेशी नागरिक धराये, उर्दू में नोट्स और किताबें मिलीं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** जिले के घोड़ासहन में शनिवार देर रात एसएसबी और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में पांच विदेशी संदिग्धों को हिरासत में लिया गया। इनमें चार सूडानी और एक बोलीविया के नागरिक हैं। इनके पास से उर्दू में लिखे नोट्स, कुछ पुस्तकें और दस्तावेज बरामद हुए हैं। मोतिहारी पुलिस ने मुख्यालय को भी इसकी सूचना दे दी है। पुलिस टीम मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार शनिवार को रात करीब 9 बजे अठमोहन स्थित 71वीं वाहिनी एसएसबी के समवाय प्रभारी को इनपुट मिला कि पांच संदिग्ध अगरवा गांव से निकले हैं। इनमें चार लोग स्कॉर्पियो और एक व्यक्ति बाइक से सवार बस स्टैंड पहुंचा था। सभी विदेशी नागरिकों ने 'जय माता दी' नामक बस में पटना जाने के लिए पहले से ही किसी अन्य व्यक्ति के माध्यम से टिकट बुक करवा रखा था। सभी पटना आने की तैयारी में थे लेकिन इसकी भनक एसएसपी को लग गई। इसके बाद तत्काल एसएसबी के कमांडेंट ने मोतिहारी के पुलिस अधीक्षक को मामले की जानकारी दी। एसपी ने फौरन घोड़ासहन के थानेदार को पांचों को हिरासत में लेने का निर्देश दिया। इसके बाद थानेदार अपनी टीम के साथ छापेमारी करने निकले। इधर पुलिस की टीम बस स्टैंड पहुंचकर चार संदिग्धों को दबोच लिया। इसके बाद एसएसबी की टीम भी मौके पर पहुंच गई। पांचवां संदिग्ध कुछ देर बाद खुद घोड़ासहन थाने पहुंच गया। छापेमारी के दौरान इनके पास से कई आपत्तिजनक सामान बरामद किए जाने की भी सूचना है। सूडानी युवकों का कहना है कि वह हैदराबाद में पढ़ाई करते हैं। हालांकि चारों ने नेपाल सीमा होते हुए भारत पहुंचने के बाद स्पष्ट कोई जानकारी नहीं दी। वहीं पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए इंटेलिजेंस ब्यूरो को भी सूचना दे दी है। हिरासत में लिए गये विदेशियों में अब्दुल फितह, रमा सिद्दीकी, अली अब्दुल ग़फ्फार एवं अहमद डफआला-सभी सूडान तथा मिगुएल सोलानो चावेज (32 वर्ष)- बोलीविया के निवासी हैं।

# पटना हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने ली शपथ



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना हाईकोर्ट के नए मुख्य न्यायाधीश के रूप में रविवार को पवन कुमार भीमप्पा बाजंथरी ने शपथ ग्रहण किया। राजभवन में आयोजित समारोह में बिहार के राज्यपाल अरिफ मोहम्मद खान ने उन्हें शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इस संबंध में केंद्रीय कानून और न्याय मंत्रालय द्वारा शनिवार को अधिसूचना जारी की गई थी। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बी. आर. गवई कर रहे ने गुरुवार को जस्टिस बाजंथरी की नियुक्ति की सिफारिश की थी। वे इससे पहले कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के पद पर कार्यरत थे और अब उन्हें पटना हाईकोर्ट का स्थायी मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है।

### जंगल में 150 मीटर कॉर्डेक्स विस्फोटक बरामद

**जमुई (नबिटा ब्यूरो)।** जिले में सुरक्षा बलों ने नक्सलियों की बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया है। गढ़ी थाना क्षेत्र के केरुवातरी गांव और मालिन नाला के बीच जंगल से उच्च क्षमता वाला विस्फोटक बरामद किया गया है। एसएसबी की 16वीं वाहिनी को गुप्त सूचना मिली थी कि इस क्षेत्र में विस्फोटक छिपाया गया है। कमांडेंट अनिल कुमार पठानिया के निर्देश पर विशेष टीम का गठन किया गया। टीम में एसएसबी के 26 जवान, बारूद खोजी श्वान दस्ता और जमुई पुलिस का बम निरोधक दस्ता शामिल था। सर्च अभियान में करीब 200 मीटर क्षेत्र की जांच की गई। टीम को लगभग 150 मीटर कॉर्डेक्स विस्फोटक मिला। इसमें से 105-110 मीटर विस्फोटक को खतरा देखते हुए वहीं नष्ट कर दिया गया। बाकी 40 मीटर विस्फोटक को बरामद किया गया। यह कार्रवाई ऐसे समय में की गई है जब चार दिन पहले जमुई और झारखंड में सक्रिय एक नक्सली की मुठभेड़ में मौत हो गई थी। इसके बाद से नक्सली संगठनों में आक्रोश है और वे सुरक्षा बलों को निशाना बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

# तुतला भवानी धाम का होगा आधुनिकीकरण : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** विंध्य पर्वत श्रृंखला पर स्थित तुतला भवानी धाम में रविवार को बिहार सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. सुनील कुमार ने लगभग 12 करोड़ रुपए की विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। इस अवसर पर धाम परिसर में आयोजित शिलान्यास कार्यक्रम का मंत्री ने दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया। कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व विधायक जवाहर प्रसाद, जिला वन पदाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, भाजपा नेत्री शीला सिंह सहित कई एनडीए नेता मौजूद रहे। मंत्री डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि धाम परिसर में आने वाले पर्यटकों और श्रद्धालुओं को विश्व स्तर की सुविधाएं दी जाएंगी। तुतला भवानी धाम के जीर्णोद्धार के लिए कुल 11.89 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास किया गया है और विकास कार्य जल्द ही शुरू कर निर्धारित समय-सीमा में पूरा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि धाम परिसर



में पर्यटकों की सुविधा के लिए एक नया झूला पुल बनाया जाएगा। इसके अलावा महिला और पुरुष पर्यटकों के लिए पेयजल सुविधा, चेंजिंग रूम, बाथरूम, कैफेटेरिया, पार्किंग जैसी सुविधाओं का निर्माण भी किया जाएगा। इन विकास कार्यों पर कुल 11.89 करोड़ रुपए खर्च होंगे। कार्यक्रम में डॉ. सुनील कुमार ने सबसे पहले मां भवानी के दरबार में पूजा अर्चना की। इसके बाद धाम परिसर की ओर से उन्हें माता की चुनरी पहनाकर और डीएफओ मनीष कुमार वर्मा एवं अन्य नेताओं ने फूल माला से स्वागत किया।

### अवैध हथियार फैक्ट्री का खुलासा

**खगड़िया(नबिटा ब्यूरो)।** खगड़िया पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ चल रहे अभियान में बड़ी सफलता हासिल की है। इस मामले में एसपी राकेश कुमार ने प्रेस वार्ता आयोजित कर बताया कि पसराहा थाना क्षेत्र के बसुआ दियरा में एक मिनी गन फैक्ट्री का खुलासा किया गया है। पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने 3 तस्करों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में मुंगेर के दो सगे भाई मो. सिरोज और मो. फिरोज के साथ मो. चांद शामिल हैं। तीनों पहले भी हथियार तस्करी के मामले में जेल जा चुके हैं। गुप्त सूचना के आधार पर बलवीर यादव के खेत में छापेमारी की गई। मौके से 7 देसी कट्टे, एक अर्धनिर्मित हथियार बरामद किए गए। इसके अलावा हथियार बनाने के उपकरण जैसे ड्रिल मशीन, भट्ठी और लोहे की रॉड भी मिली। पूछताछ में एक और आरोपी राजेश यादव का नाम सामने आया है। उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। मामले में पसराहा थाने में केस दर्ज कर लिया गया है।

# मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना से सूबे में 703 नए पुलों का निर्माण शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

- **पुलों के निर्माण से हजारों गांवों को मिलेगा स्थायी और सुरक्षित सड़क संपर्क**
- **ग्रामीण पुलों के निर्माण पर खर्च की जा रही है कुल 3,688 करोड़ रूपये की धनराशि**
- **मिसिंग ब्रिज की वजह से अधूरे रास्तों को नए पुलों का निर्माण कर किया जाएगा पूरा**
- **पुराने और जर्जर पुलों को हटाकर ग्रामीण कार्य विभाग बनवाएगा नए और मजबूत पुल**

**पटना।** गांवों को शहरों से जोड़ने और ग्रामीण स्तर पर बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए बिहार सरकार ने एक बड़ी पहल की है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना के तहत मौजूदा वित्तीय वर्ष यानी 2025-26 में राज्यभर में कुल 703 नए पुलों की स्वीकृति के साथ ही विगत 15 सितंबर से निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया गया है। इस योजना पर कुल 3,688 करोड़ रूपये की धनराशि खर्च की जाएगी जिससे राज्य के हजारों गांवों को स्थायी और सुरक्षित सड़क संपर्क मिल सकेगा। इस योजना का उद्देश्य राज्य के उन ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध सड़क संपर्क स्थापित करना है जहां आज भी बरसात, बाढ़ या पुराने जर्जर पुलों के कारण आवागमन बाधित हो जाता है। मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना के तहत न सिर्फ पुराने और जर्जर पुलों की जगह नए और मजबूत पुल बनाए जाएंगे बल्कि उन मार्गों को भी पुलों से जोड़ा जाएगा जहां आज भी मिसिंग ब्रिज की वजह से रास्ते अधूरे पड़े हैं। साथ ही बाढ़ या अन्य प्राकृतिक आपदाओं से क्षतिग्रस्त पुलों को फिर से खड़ा किया जा रहा है। राज्य के कई ग्रामीण इलाकों में पुल तो पहले से बने हुए हैं लेकिन पहुंच पथ (एप्रोच रोड) का निर्माण नहीं हो सका है। अब वहां भी पुलों के अधूरे निर्माण कार्य को पूरा कराया जा रहा है ताकि लोगों को आवागमन में किसी तरह की परेशानी न हो। राज्य के जिन जिलों में इन पुलों के निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है उसमें उत्तर बिहार के साथ-साथ दक्षिण बिहार के जिले भी शामिल हैं। सबसे अधिक पुलों का निर्माण पूर्वी चंपारण में किया जाएगा। पूर्वी चंपारण में कुल 56 पुलों के निर्माण की मंजूरी दी गई है। इसी तरह दरभंगा में 38, गया, सिवान और सीतामढ़ी में 30-30, सारण और वैशाली में 28-28 भागलपुर और गोपालगंज में 27-27, रोहतास और शेखपुरा में 26-26, नालंदा में 24, बेगूसराय में 20 और राजधानी पटना में कुल 18 पुलों का निर्माण कराया जा रहा है। यह योजना खास इसलिए भी है क्योंकि इसमें आम जनता की मांग को सरकार ने प्राथमिकता दी है। जनता के दरबार में मुख्यमंत्री कार्यक्रम में आए प्रस्ताव और मुख्यमंत्री द्वारा की गई सार्वजनिक घोषणाएं, दोनों को इस योजना में शामिल किया गया है। यानी यह योजना सिर्फ विभागीय पहल नहीं, बल्कि जनभागीदारी से बनी योजना है। सरकार का मानना है कि यह योजना सिर्फ पुलों का निर्माण नहीं बल्कि गांवों के सामाजिक और आर्थिक विकास की आधारशिला है। किसानों को अपने उत्पाद मंडी तक पहुंचाने में आसानी होगी। बच्चों को स्कूल आने-जाने के लिए सुरक्षित और सुगम मार्ग उपलब्ध होगा और आपात स्थिति में लोगों को इलाज के लिए शहरों के बड़े अस्पतालों तक पहुंचने में आसानी होगी।

# लोजपा नेता रईस खान साथियों समेत गिरफ्तार, हथियार बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सिवान।** सिसवन थाना क्षेत्र के ग्यासपुर निवासी लोजपा (आर) के नेता सह पूर्व एमएलसी प्रत्याशी सह कुख्यात रईस खान सहित चार साथियों को बिहार एसटीएफ की टीम ने भारी मात्रा में हथियार व गोली के साथ गिरफ्तार किया है। रईस खान की गिरफ्तारी होने के बाद से वह एक बार फिर से चर्चा में आ गया है। बता दें कि मई 2016 में रईस खान को तत्कालीन पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार शाह के नेतृत्व में एसटीएफ और एसआइटी की टीम ने छापेमारी कर कार्बाइन व हैंड ग्रेनेड के साथ पकड़ा था। इस कार्रवाई के दौरान एसआइटी टीम में शामिल जवानों एवं रईस खान के गुर्गो के बीच हाथापाई भी हुई थी। इसके बाद रईस खान मौके का फायदा उठाकर भागने लगा था। इस दौरान त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार किया गया था। बता दें कि उस समय पुलिस के पहुंचने की भनक मिलते ही बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग भी करनी शुरू कर दी थी। इसके बाद पुलिस टीम द्वारा मोर्चा संभाला गया और जवाबी कार्रवाई में फायरिंग की गई थी। दोनों तरफ से करीब 18 राउंड गोली चली थी। उस समय रईस खान पर सरकार ने 50 हजार रुपये का इनाम भी रखा था। बता दें कि रईस खान को 2015 में मोस्ट वांटेड घोषित किया गया था। बता दें कि कुख्यात रईस खान एवं उसके साथी आफताब दोनों पर सिवान समेत बिहार व उत्तर प्रदेश के कई थानों में हत्या, अपहरण, रंगदारी के दर्जनों मामले दर्ज हैं।

C M Y K

## मुख्यमंत्री ने डॉ. ए.पी. जे. अब्दुल कलाम साइंस सिटी का किया उद्घाटन

# विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को जानने के लिये अनूठा होगा केन्द्र : मुख्यमंत्री



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना के राजेन्द्र नगर में 21 एकड़ के भू-खण्ड पर नवनिर्मित डॉ0 ए0पी0 जे0 अब्दुल कलाम साईंस सिटी का फीता काटकर एवं शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित अब्दुल कलाम साइंस सिटी के विभिन्न भागों का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने पूरे परिसर एवं प्रथम तल पर जाकर विभिन्न गैलरियों, वैज्ञानिक प्रदर्शों का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। कार्यक्रम में वहां उपस्थित बच्चों ने ताली बजाकर मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने भी बच्चों का अभिवादन स्वीकार किया। कार्यक्रम के दौरान भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि ने मुख्यमंत्री को डॉ0 ए0पी0 जे0 अब्दुल कलाम साईंस सिटी के निर्माण कार्य से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में अब्दुल कलाम साइंस सिटी के निर्माण से संबंधित एक लघु फिल्म प्रस्तुत की गयी। इस साइंस सिटी में विज्ञान आधारित 5 गैलरी, 269 रोचक विज्ञान प्रदर्श, ऑडिटोरियम, 4 डी थियेटर तथा छात्रों एवं शिक्षकों के लिये डोरमेट्री की सुविधा प्रमुख आकर्षण केन्द्र हैं। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ0 ए0पी0 जे0 अब्दुल कलाम साइंस सिटी बहुत अच्छा बना है। इसके निर्माण कार्य को हमने कई बार देखा है। लंदन में अधिकारियों के साथ जाकर हमने वहां के साइंस सिटी का भी निरीक्षण किया था। इसके निर्माण को लेकर कई विशेषज्ञों की राय ली गयी है। इस साइंस सिटी को विशिष्ट आइडियाज के साथ बनाया गया है। यह साइंस सिटी विज्ञान और नवाचार का एक ऐसा आधुनिक केन्द्र बना है जो सभी आयु वर्ग के लोगों को आकर्षित करेगा। देश में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को जानने-समझने के लिये यह आकर्षक और अनूठा केन्द्र होगा। डॉ0 ए0पी0 जे0 अब्दुल कलाम साइंस सिटी विज्ञान के प्रचार-प्रसार के विश्व के बेहतरीन केन्दों में से अपने आप में विशिष्ट होगा। साईंस सिटी का निर्माण कार्य पूर्ण होने के पश्चात यहां आनेवाले छात्र-छात्राओं को विज्ञान की मूलभूत बातें, गतिविधियों और विज्ञान के सिद्धांतों को सरलता से समझने में सुविधा होगी तथा विज्ञान में उनकी रूचि बढ़ेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोगों ने इस साइंस सिटी का नामकरण महान वैज्ञानिक एवं पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ0 ए0पी0 जे0 अब्दुल कलाम के नाम पर किया है। डॉ0 ए0पी0 जे0 अब्दुल कलाम जी का बिहार के प्रति विशेष लगाव था। हमारे मन में भी उनके प्रति विशेष श्रद्धा थी और हमारे प्रति भी वे स्नेह रखते थे। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुमित कुमार सिंह, बिहार विधान परिषद के उप सभापति डॉ0 रामवचन राय, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, विकास आयुक्त डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी विभाग की सचिव डॉ0 प्रतिमा एस0 वर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, भवन निर्माण विभाग के सचिव सह मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, पटना प्रमण्डल के आयुक्त डॉ0 चन्द्रशेखर सिंह, जिलाधिकारी डॉ0 त्यागराजन एस0एम0, वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के0 शर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के महासचिव अरविंद कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य व्यक्ति एवं छात्र-छात्रायें उपस्थित थी।

# अत्याधुनिक यात्री सुविधाओं से युक्त होगा लखीसराय स्टेशन

## उपलब्ध होंगी उन्नत यात्री सुविधाएं, स्थानीय नागरिकों एवं यात्रियों के बीच प्रसन्नता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**दानापुर।** भारतीय रेल अपने यात्रियों को सदैव बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए तत्पर रहती है। इन प्रयासों में से अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत रेलवे स्टेशनों पर विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के महत्व पर जोर दिया जा रहा है। इसके तहत पूर्व मध्य रेल के दानापुर मंडल में 20 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास का कार्य विभिन्न चरणों में है। इनमें लगभग 20 करोड़ की लागत से बन रहे भव्य लखीसराय स्टेशन का पुनर्विकास कार्य पूरा होने के बाद लखीसराय स्टेशन को पूरी तरह से हाईटेक लुक देते हुए वर्तमान की तुलना में मुख्य स्टेशन भवन के लिए अपेक्षाकृत अधिक जगह उपलब्ध होंगे साथ ही नया स्टेशन बिल्डिंग, बड़ा सर्कुलेटिंग एरिया, दोनों तरफ स्टेशन बिल्डिंग, पैदल ऊपरी पुल पर शेड का निर्माण एवं इसका विस्तार, गार्डेन और दिव्यांगजनों के लिए विशेष सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यात्रियों को अत्याधुनिक सुविधाएं प्राप्त होंगी। साथ ही यहां तकनीक, स्थानीय संस्कृति और समृद्ध विरासत का आकर्षक मेल देखने को मिलेगा।

स्टेशन पुनर्विकास का मुख्य उद्देश्य यात्रियों को बेहतर एवं सुखद यात्रा का अनुभव, संरक्षा में वृद्धि तथा उन्नत यात्री सुविधाएं प्रदान करना है। अमृत भारत स्टेशन के तहत लखीसराय स्टेशन के पुनर्विकास का कार्य लगभग संपूर्ण किया जा चुका है। यात्रियों और स्थानीय नागरिकों के बीच में इसको लेकर काफी उत्साह है। यात्री विनोद कुमार एवं उनके सह यात्री सुलोचन कुमार से बातचीत करने पर उन्होंने अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि स्टेशन के पुनर्विकास से लखीसराय की जनता काफी खुश है और पुनर्विकास के पश्चात हमें आधुनिक समय के अनुसार विश्वस्तरीय सुविधा प्राप्त होंगी जिसके लिए हम तहे दिल से रेल मंत्रालय के आभारी हैं।

# सुधा दूध ने घटाए उत्पादों के मूल्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना/गया/आरा/बरौनी।** सुधा दुग्ध उत्पादों के मूल्य में एक से 10 रुपये तक की कमी की गई है। नई कीमत सोमवार से प्रभावी होगी। कॉम्फेड (बिहार स्टेट मिल्क कोऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड) ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि जीएसटी घटने के कारण दरें कम की गई हैं। वर्तमान में बाजार में उपलब्ध कुछ उत्पाद पुराने पैकेजिंग में ही हैं जिन पर पूर्व में मुद्रित एमआरपी दर्शायी गई है। यह सभी उत्पाद अब संशोधित दरों पर ही बेचे जाएंगे। ऐसे में उपभोक्ताओं से निवेदन है कि खरीदारी के समय संशोधित दर की जानकारी प्राप्त कर ले और नई दर पर ही सुधार उत्पादों की खरीदारी करें।

**सुधा उत्पादों के परिवर्तित दर**

टेबल बटर (50 ग्राम) की कीमत 32 से घटकर 31 रुपये, 100 ग्राम की कीमत 56 से घटकर 55 रुपये, 500 ग्राम की कीमत 275 से घटकर 270 रुपये हुई। वहीं, पनीर (100 ग्राम) के दाम 47 रुपये से घटकर 46 रुपये, पनीर (200 ग्राम) 90 से घटकर 85 रुपये, पनीर (500 ग्राम) 210 से घटकर 205, टेट्रा पैक टोन्ड मिल्क (1000 एमएल) 74 से घटकर 73 और डीटीएम मिल्क (1000 एमएल) 70 से घटकर 68 रुपये हो गए हैं। इसी तरह एप्पल जूस 200 एमएल 25 से घटकर 24 रुपए, एलेस्टर टोंड मिल्क 200 एमएल 15 से घटकर 14, 500 एमएल 33 से घटकर 32 रुपए, 1000 एमएल 64 से घटकर 63 रुपए, स्टैंडर्ड मिल्क 500 एमएल 35 से घटकर 34, स्पेशल पाउच घी 200 एमएल 145 से घटकर 143, 500 एमएल 320 की जगह 315 रुपये, टेट्रा पैक घी (500 एमएल) 330 की जगह 325 तथा 1000 एमएल 640 की जगह 630 में मिलेंगे। स्पेशल टीन पैक घी एक किलो 650 से घटकर 640 हो गया है।

# पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा सुनीता सिंह के निर्देश में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, हाजीपुर की अध्यक्षा सुनीता सिंह के दिशा-निर्देश में 21 सितंबर 2025 को अखिल भारतीय ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन हाजीपुर एवं पटना में किया गया। इस प्रतियोगिता में ग्रुप-1 (आयु 6 से 9 वर्ष), ग्रुप-2 (आयु 10 से 12 वर्ष) एवं ग्रुप-3 (आयु 13 से 15 वर्ष) के कुल 242 बच्चे शामिल हुए। विदित हो कि ड्राइंग एवं पेंटिंग के माध्यम से बच्चों के रचनात्मक सोच को उजागर करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर संगठन की उपाध्यक्षा रंजना कुमार, सचिव मीनाक्षी कुमार, कोषाध्यक्षा अर्चना चौधरी एवं संयुक्त सचिव प्रियंका सिंह द्वारा बच्चों को उपहार स्वरुप मिल्टन का वाटर बोतल एवं स्नैक्स वितरित किया गया।

# बिहार को-आपरेटिव फेडरेशन लि. की वार्षिक आमसभा अध्यक्ष विनय कुमार शाही की अध्यक्षता में सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार को-आपरेटिव फेडरेशन लि0, बुद्ध मार्ग, पटना फेडरेशन परिसर में अध्यक्ष विनय कुमार शाही के अध्यक्षता में वार्षिक आम सभा सम्पन्न हुआ। इस दौरान विशाल सिंह, अध्यक्ष नई दिल्ली - सह- बिस्कोमान (बिहार झारखंड) को बिस्कोमान के नवनिर्वाचित अध्यक्ष होने के उपलक्ष्य में फेडरेशन द्वारा मोमेंटो, बुके एवं अंग वस्त्र से भव्य स्वागत किया गया। विजय सिंह, विधान पार्षद सह अध्यक्ष भारतीय राष्ट्रीय सहकारी आवास बोर्ड, नई दिल्ली एवं रमेश चन्द्र चौबे, अध्यक्ष बिहार राज्य सहकारी बैंक लि0, पटना का फेडरेशन के द्वारा मोमेंटो, बुके एवं अंग वस्त्र से भव्य स्वागत किया गया। विनय कुमार शाही द्वारा फेडरेशन के भावी कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई, जैसे- फेडरेशन के खाली पड़े जमीन में सहकारी हास्पीटल, प्रशिक्षण कक्ष, समा भवन एवं गेस्ट हाउस का जल्द निर्माण होने जा रहा हैं। इस आम सभा में बिस्कोमान के उपाध्यक्ष सह डीसीसीबी गोपालगंज के अध्यक्ष महेश राय, डीसीसीबी पाटलिपुत्रा के अध्यक्ष रीतेश कुमार, डीसीसीबी वैशाली के अध्यक्ष सुधीर मिश्रा, डीसीसीबी नालन्दा के अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार, डीसीसीबी मुजफ्फरपुर के अध्यक्ष अमरनाथ पाण्डेय, डीसीसीबी नवादा के अध्यक्ष एवं डीसीसीबी मुंगेर के पूर्व अध्यक्ष विनोद सिंह, डीसीसीबी पाटलिपुत्रा के पूर्व अध्यक्ष राजकिशोर सिंह, डीसीसीबी पाटलिपुत्रा के उपाध्यक्ष रामविशुन सिंह, डीसीसीबी बेतिया के उपाध्यक्ष संजीव पाण्डेय, फेडरेशन के उपाध्यक्ष राजेश कुमार एवं फेडरेशन के निदेशक अरूण यादव, गौरी शंकर सिंह, राजकिशोर सिंह, रामा ठाकुर, शम्भू प्रसाद सिंह, संजय कुमार मिश्रा, नरेन्द्र कुमार, प्रदीप सिंह, अवध बिहारी सिंह तथा अन्य निदेशक मंडल के सदस्यगण एवं इस आम सभा में आए बिहार-झारखण्ड के सहकारी सदस्यों को मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिन्हा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया।

# सर्वे भवंतु सुखीनः ही भारतीय शिक्षण प्रणाली का आधार : प्रोफेसर कुलश्रेष्ठ



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** यह कार्यशाला दो सत्रों में आयोजित की गई। प्रथम सत्र में भारतीय शिक्षण मंडल के अधिकारियों ने संगठन के विभिन्न कार्यों पर प्रकाश डाला और बताया कि किस प्रकार संगठन के मूल सिद्धांत नई शिक्षा नीति से मेल खाती हैं। इस सत्र में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ विकाश कुमार ने भारतीय ज्ञान परंपरा के विषय वस्तु, महत्व और संकल्पना पर प्रकाश डाला। द्वितीय सत्र तकनीकी सत्र था जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ हिमाचल प्रदेश, धर्मशाला से प्रोफेसर संदीप कुलश्रेष्ठ थे। उन्होंने मंडलगठन, मंडल संयोजन, संयोजक, कार्यक्रम आयोजन, व्यवस्था, संगठनात्मक चरण, शैक्षणिक चरण, प्रकाशन चरण, पाठ्यक्रम एवं शोध इत्यादि विषयों पर सूक्ष्म रूप से दृष्टि डाली।

# एनटीपीसी परियोजना के जीवन ज्योति अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**भागलपुर।** जिले के कहलगांव स्थित एनटीपीसी परियोजना के जीवन ज्योति अस्पताल में आज राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के मौके पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। राज्य सरकार के जवाहरलाल नेहरु भागलपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल एवं जीवन ज्योति अस्पताल के सहयोग से रविवार को आयोजित इस शिविर का उद्घाटन परियोजना प्रमुख रविन्द्र पटेल एवं सृष्टि समाज की अध्यक्षा अर्चना पटेल ने फीता काट कर किया। मौके पर एजीएम भास्कर गुप्ता, सीएमओ डॉ सुष्मिता सिंह, डॉ के के चौधरी, डॉ पी के तिर्की, डॉ बबीता चौरसिया, डॉ कन्हैया लाल, पीएन तिवारी उर्मिला कुमारी, दिलीप स्वैन, मालती मजूमदार एवं अमित कुमार मौजूद थे।

परियोजना प्रमुख रविन्द्र पटेल ने इस आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि मानव जीवन में रक्तदान एक महान कार्य है और ऐसे कार्य में हम सबो को स्वेच्छा से भाग लेने की जरुरत है। हर व्यक्ति को अपने शरीर का खून जरुरतमंद लोगों को देना चाहिए। अस्पताल की सीएमओ डॉ सुष्मिता सिंह ने आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए रक्तदान के महत्ता की चर्चा की। इधर शिविर मे लगभग चौतीस लोगों ने रक्तदान किया। जिसमें एनटीपीसी परियोजना, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल और ग्रामीण क्षेत्र से आए लोग शामिल हैं।

# वृक्ष महोत्सव के मौके पर आइपीएस वाइव्स एसोसिएशन ने लगाए पौधे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मातृ प्रकृति के प्रति सम्मान और हमारी प्रतिबद्धता के प्रतीक के रूप में भारतीय पुलिस सेवा वाइव्स एसोसिएशन (इपसोवा) ने 20 सितम्बर 2025 को बिहार होमगार्ड ट्रेनिंग सेंटर, बिहटा में अध्यक्षा मधुरिमा राज और सचिव सुकृति मिश्रा के मार्गदर्शन में 'वृक्ष महोत्सव 2025' का आयोजन किया। कार्यक्रम को सफल एवं अविस्मरणीय बनाने में कोषाध्यक्ष निवेदिता पोरीका के सराहनीय और निष्ठापूर्ण प्रयास रहे। बच्चों को भी इस अभियान का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित किया गया जिसका उद्देश्य उन्हें प्रेरित करना, शिक्षित करना और वनीकरण के लाभों के प्रति जागरूक करना था। वन विभाग के प्रधान मुख्य वन संरक्षक पीके गुप्ता ने लगभग 50 मजबूत एवं कम देखभाल वाली प्रजातियों के पौधों का प्रायोजन कर तथा अन्य आवश्यक सहयोग प्रदान कर इस कम लागत एवं अधिक प्रभावी ग्रीन इन्वेस्टमेंट पहल को प्रोत्साहन दिया। इस आयोजन में सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. भोला पासवान शास्त्री की 111 वीं जयन्ती मनायी गयी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. भोला पासवान शास्त्री की 111 वीं जयन्ती मनायी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने की। सर्वप्रथम स्व0 भोला पासवान शास्त्री के तैल चित्र पर कांग्रेस नेताओं ने माल्यापर्ण किया। इस अवसर पर स्व0 भोला पासवान शास्त्री के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि भोला पासवान शास्त्री, बिहार के ही नहीं, बल्कि देश के बड़े कद्दावर नेता थे। वे तीन बार बिहार के मुख्यमंत्री रहे एवं इन्दिरा गांधी के कार्यकाल में केन्द्रीय मंत्री भी थे। राजेश राम ने कहा कि स्व0 भोला पासवान शास्त्री की इमानदारी कृतज्ञ परायणता एवं देशभक्ति की मिशाल देश के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित रहेगा।

# शून्य से शिखर पर पहुंचा बीएमएस

## दो दिवसीय कार्यसमिति की बैठक सम्पन्न, वेबसाइट का किया गया विमोचन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** भारतीय मजदूर संघ की बिहार प्रांत इकाई की दो दिवसीय कार्यसमिति की बैठक रविवार को सम्पन्न हो गया। समापन अवसर पर भारतीय मजदूर संघ की बिहार इकाई के वेबसाइट का विमोचन किया गया। इस अवसर पर भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय संगठन मंत्री बी. सुरेन्द्रन ने कहा कि पूरे देश में बीएमएस की छह हजार तीन सौ यूनियनें कार्यशील हैं। शून्य से भारतीय मजदूर संघ ने अपनी यात्रा की शुरुआत की और आज यह शिखर पर है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रवादी विचार, राष्ट्रवादी कार्यकर्ता और राष्ट्रवादी कार्य पद्धति के आधार पर बीएमएस का कार्य निरंतर बढ़ रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन विस्तार की आवश्यकता पर बल दिया। भारतीय मजदूर संघ के क्षेत्रीय संगठन मंत्री धर्मदास शुक्ला ने कहा कि कार्यकर्ताओं में जुझारूपन का होना जरूरी है। साथ ही जिला स्तर पर संगठन की गतिविधियों को बढ़ाने की आवश्यकता है। कार्यसमिति बैठक में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के क्षेत्रीय बौद्धिक प्रमुख राणा प्रताप जी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस अवसर पर भारतीय मजदूर संघ की बिहार इकाई का वेबसाइट का लोकार्पण किया गया। लोकार्पण अवसर पर डाक विभाग के पीएमजी (उत्तरी) पवन कुमार, डीपीएस (मुख्यालय) पवन कुमार विशेष तौर पर उपस्थित हुए। प्रदेश कार्यसमिति बैठक की अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष राजेश कुमार लाल ने की जबकि संचालन प्रांतीय महामंत्री संजय कुमार सिन्हा ने किया। इस अवसर पर भारतीय मजदूर संघ के संयुक्त महामंत्री मनीष कुमार, वित्त सचिव मुकेश कुमार सिन्हा, प्रांतीय उपाध्यक्ष राम बाबू सिंह, उमा कुमारी व प्रमोद राम, प्रांतीय मंत्री शम्भू चौबे, सिम्पी कुमारी व राजेश कुमार, कार्यालय मंत्री अनंत कुमार शांडिल्य, अखिल भारतीय कंस्ट्रक्शन मजदूर महासंघ के संगठन मंत्री मुरारी प्रसाद, शकील अहमद, चितरंजन पांडेय, राकेश भारती, सुनील कुमार, बलिराम पांडेय, विकास कुमार सहित विभिन्न जिलों के श्रमिक प्रतिनिधियों उपस्थित थे।

# वनवासी विद्यालय के पूर्व छात्रों ने आयोजित किया सांस्कृतिक कार्यक्रम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** गीत, संगीत और नृत्य का शानदार संगम। देश भक्ति गीतों पर नृत्य की एक से बढ़कर एक जबरदस्त प्रस्तुति देख दर्शकों पर चढ़ता रहा देश भक्ति का रंग। हर कोई सांस्कृतिक प्रस्तुति देख मानो भारत की लोक संस्कृति के संगम में खो सा गया हो। मौका था प्रेमचंद रंगशाला में वनबंधु परिषद, पटना चैप्टर की ओर से एकल सुरताल प्रस्तुति के आयोजन का। इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत विजय किशोरपुरिया, सुजीत सिंघानिया, आलोक स्वरूप, राजेश ओझा, राजू अग्रवाल, गणेश खेत्रीवाल, राज कुमार, रमेश गुप्ता और मुख्य अतिथि ललन शर्मा ने दीप जलाकर की। इसके बाद देवा श्री गणेशा, देवा श्री गणेशा गीत पर कलाकारों ने गणेश वंदना की प्रस्तुति दी। ये सिलसिला यही नहीं थमा इसके बाद कलाकारों ने हर करम अपना करेंगे ए वतन तेरे लिए...है प्रीत जहां की रीत सदा...देश रंगीला, देश रंगीला, मेरा रंग दे बसन्ती चोला जैसे देशभक्ति गीतों पर प्रस्तुति देकर कलाकारों ने सबका दिल जीत लिया।

# तीन दिवसीय महोत्सव 'दुर्गा स्वरोत्सव' 26 से

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** स्पिक मैके, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, श्रीकृष्ण स्मारक विकास समिति, आयुक्त कार्यालय (पटना प्रमंडल) तथा श्रीम एजुकेशनल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में दुर्गा स्वरोत्सव का आयोजन आगामी 26, 27 एवं 28 सितम्बर को पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में किया जाएगा। इस तीन दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव का उद्घाटन राज्यपाल द्वारा किया जाएगा। उक्त बात की जानकारी रविवार को स्थानीय होटल पनाश में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान स्पिक मैके की सदस्य व शिक्षाविद डॉ. माया शंकर ने दी। अपने संबोधन में स्पिक मैके के संस्थापक मनीष सिंह ठाकुर ने कहा कि इस महोत्सव का उद्देश्य पटना की दुर्गा पूजा से जुड़ी उस गौरवशाली परंपरा को पुनर्जीवित करना है जब यहां देश के महानतम संगीतज्ञ और नर्तक अपने प्रदर्शन प्रस्तुत करते थे। दुर्गा स्वरोत्सव 2025 आज की युवा पीढ़ी को इस सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ने का प्रयास है। ताकि वे भारतीय शास्त्रीय संगीत और नृत्य की श्रेष्ठतम परंपराओं से रूबरू हो सके जबकि बिहार भाजपा कला संस्कृति प्रकोष्ठ के संयोजक वरुण कुमार सिंह ने बताया कि इस महोत्सव में पद्मभूषण, ग्रैमी पुरस्कार विजेता पं. विश्वमोहन भट्ट, पद्मश्री पं. उल्लास काशलकर, पद्मश्री उस्ताद पं. सुरेश तालवलकर, पद्मश्री पं. रोनु मजूमदार, डॉ. मैसूर मंजीनाथ, पं. ऋतेश मिश्रा एवं पं. रजनीश मिश्रा, विदुषी तनुश्री शंकर, विदुषी सूर्या गायत्री पं. मिथिलेश झा, पं. रामकुमार मिश्रा, पं. विनय मिश्रा, पं. अभिजीत बनर्जी, विद्वान अर्जुन कुमार सहित अन्य दिग्गज कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

# अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन पर आधारित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन पर आधारित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन सोनपुर स्टेशन पर किया गया। प्रतियोगिता में अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन से जुड़े संबंधित प्रश्न पूछे गए। प्रतिभागियों ने न केवल सही उत्तर दिए, बल्कि टीम भावना, तत्परता और ज्ञान की गहराई का भी परिचय दिया। यह आयोजन न केवल रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने हेतु था, बल्कि भारतीय रेल के भविष्य की दिशा, यात्री सुविधाओं के विकास और पर्यावरणीय जागरूकता को जन-जन तक पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम भी हैं।

# मुख्य सचिव के आश्वासन के बाद संविदा कर्मियों की हड़ताल समाप्ति की खबर फर्जी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के संज्ञान में यह बात आई है कि हाल ही में कुछ समाचार पत्रों एवं डिजिटल प्लेटफार्म्स पर यह खबर प्रकाशित की गई है जिसमें यह दावा किया गया है कि मुख्य सचिव से मुलाकात के बाद बर्खास्त विशेष सर्वेक्षण संविदा कर्मियों की हड़ताल समाप्त हो गई है और मुख्य सचिव द्वारा उनकी कुछ मांगों को जायज बताते हुये कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है। इस संबंध में विभाग स्पष्ट करना चाहता है कि यह समाचार तथ्यहीन, भ्रामक एवं असत्य है। विभाग को यह जानकारी प्राप्त हुई है कि उपरोक्त तथाकथित 'भेंट' किसी भी आधिकारिक बैठक का हिस्सा नहीं थी। दरअसल, मुख्य सचिव कुछ विधायकों से मुलाकात कर रहे थे जिसमें एक विधायक के साथ एक संघ का व्यक्ति भी गया था। उस व्यक्ति ने व्यक्तिगत रूप से संविदा कर्मियों की हड़ताल का मुद्दा उठाने का प्रयास किया, परंतु मुख्य सचिव ने स्पष्ट रूप से उन्हें बताया कि विभाग द्वारा जो निर्णय लिया गया है, वही मान्य होगा और किसी भी प्रकार का व्यक्तिगत आश्वासन नहीं दिया गया। इसलिए यह पुनः स्पष्ट किया जाता है कि मुख्य सचिव या विभाग की ओर से इस विषय पर किसी प्रकार का आश्वासन नहीं दिया गया है। उक्त समाचार पूर्णतः भ्रामक है और संघ द्वारा स्वयं को लाभ में प्रस्तुत करने का एक प्रयास मात्र है। विभाग सभी संबंधित पक्षों से आग्रह करता है कि वे केवल अधिकृत एवं प्रमाणिक स्रोतों से प्राप्त सूचना पर ही विश्वास करें एवं इस प्रकार के भ्रामक प्रचार से बचें।

# एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन में फिर से नीतीश कुमार की गूंज



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी (रोहतास)।** रामदुलारी गंगा उच्च विद्यालय में रविवार को एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन धर्मेंद्र सिंह कुशवाहा ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में बिहार के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, चेनारी विधायक मुरारी प्रसाद गौतम, पूर्व विधायक ललन पासवान, पूर्व विधायक श्याम बिहारी राम, आलोक कुमार सिंह, सविता नटराज, सुप्रिया कुमारी पासवान उपस्थित हुए। विधानसभा एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन में 2025 फिर से नीतीश की गूंज सुनाई दी। कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में फिर से नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बिठाने का ऐलान किया। नेताओं द्वारा भरे गए दम और उत्साह के बाद यह कार्यक्रम काफी सफल माना जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने बताया कि 2025 में फिर से नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाने का काम हम लोग करेंगे। उन्होंने बताया कि बिहार में विकास की गंगा बह रही है। महिला रोजगार योजना के तहत गरीब महिलाओं को 10 हजार रोजगार करने के लिए दे रहे हैं जो आगे दो या तीन दिन में बिहार के 50 लाख महिलाओं के खाते में चला जाएगा। आगे भी बेहतर रोजगार करने वाले महिलाओं को 2 लाख तक का लाभ दिया जाएगा। बिहार में आने वाले समय में एक विकास की नई दिशा देखने को मिलेगा। इस दौरान पूर्व विधायक ललन पासवान ने भी बताया कि डबल इंजन की सरकार लगातार बिहार को एक विकसित राज्य की ओर ले जा रहा है। नीतीश और मोदी की जोड़ी बिहार में लगातार विकास हो रहा है जितने भी वर्तमान में लोग विधायक गण इस सभा में उपस्थित है सब लोग नारे लगा रहे हैं कि बिहार को नीतीश कुमार की जरूरत है और हम लोग मिलकर 2025 में नीतीश कुमार का सरकार बनाने का काम करेंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महिलाओं बुजुर्गों के लिए हर सुविधा उपलब्ध कराया है ताकि बुजुर्ग महिलाओं को कोई परेशानी न हो बच्चे और बच्चियों को उचित शिक्षा का भी प्रबंध किया गया है। इस सम्मेलन में हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे और इस बार फिर नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाने की आवाज लगाई इंडिया कार्यकर्ता सम्मेलन में झंडा बैनर के साथ पहुंची महिला कार्यकर्ता भी नीतीश कुमार जिंदाबाद के नारे लगाई।

# राजद नेत्री सीमा कुशवाहा के भाषण से तिलौथू में लगा भीषण जाम

## घंटों जाम में फंसी रही एम्बुलेंस, प्रशासन मौन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**तिलौथू (सासाराम)।** रविवार को थाना चौक पर आयोजित कार्यक्रम में सीमा कुशवाहा के भाषण के दौरान तिलौथू थाना मोड़ का हाल बेहाल हो गया। जैसे ही भाषण शुरू हुआ, मुख्य सड़क पर भीषण जाम लग गया। हालात इतने खराब हो गए कि लोगों को घंटों तक सड़क पर ही फंसे रहना पड़ा। सबसे चिंताजनक स्थिति तब सामने आई जब एक एम्बुलेंस भी जाम में फंसकर घंटों तक कराहती रही। एम्बुलेंस में बैठे मरीज की स्थिति गंभीर बताई जा रही थी, लेकिन भीड़ और अफरातफरी के बीच रास्ता बनाने की कोशिश नाकाम रही। लोग बेबस होकर देखते रहे और प्रशासन मूक दर्शक बना खड़ा रहा। स्थानीय लोगों का कहना है कि नेत्री स्कार्पियो कार मे सवार होकर भाषण देती रही और जनता जाम से कराहती रही जिससे बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ा। कई लोगों ने आक्रोश जताते हुए कहा कि नेताओं के चौक-चौराहे पर भाषण से आम जनता को बेवजह बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ा जो जनता के हित में नहीं है। प्रशासन की चुप्पी पर भी सवाल उठ रहे हैं। मौके पर मौजूद पुलिस-प्रशासन ने न तो ट्रैफिक को डायवर्ट किया और न ही जाम हटाने की कोई ठोस पहल की। नेत्री पर एफआईआर करने की बात कही गई। लोगों का कहना है कि अगर इस तरह की लापरवाही जारी रही तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

# बाबा गणिनाथ जी महाराज चैरिटेबल ट्रस्ट की बैठक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** बाबा गणिनाथ जी महाराज चैरिटेबल ट्रस्ट के सदस्यों के द्वारा डिहरी बाजार स्थित ट्रस्टी अरविंद गुप्ता के निजी कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता पारसनाथ गुप्ता प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य महासभा (बिहार) के साथ संपन्न हुई। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए जिसमें झारखंडी मंदिर स्थित ट्रस्ट द्वारा संचालित बाबा गणिनाथ जी महाराज के मंदिर परिसर से किसी भी प्रकार के प्रयोजनों (मांगलिक कार्य या शादी ब्याह से संबंधित बैठक) पर कोई शुल्क नहीं लगेगा ट्रस्ट द्वारा किसी भी जरूरतमंद को चाहे वह किसी भी जाति संप्रदाय से हो आवश्यकता पड़ने पर उनकी पूरी मदद की जाएगी। नजदीक के दिनों में ट्रस्ट का शिष्ट मंडल अनुमंडल प्रशासन से मिलकर ट्रस्ट के साथ एक बैठक सुनिश्चित की जाएगी और समाज हित में ट्रस्ट के द्वारा और कैसे बेहतर कार्य किया जाए इस पर चर्चा होगी। बैठक का संचालन ट्रस्टी गोपाल प्रसाद के द्वारा किया गया। वहीं बैठक में संदीप कुमार गुप्ता उर्फ गट्टू, अरविंद गुप्ता, जमुना प्रसाद, अनिल कुमार उर्फ ब्लू, देवेंद्र प्रसाद उर्फ बाबू, ललन प्रसाद गुप्ता, प्रदीप कुमार गुप्ता, उदय कुमार गुप्ता, प्रेमचंद गुप्ता, अर्चना गुप्ता, नंदन कुमार सहित अन्य उपस्थित हैं।

# नशामुक्ति कार्यक्रम के आयोजन में भारत स्काउट-गाइड शामिल




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** जिला प्रशासन एवं खेल, शिक्षा विभाग रोहतास के संयुक्त रूप से स्वीप कोषांग के तत्वावधान में नशा मुक्ति दौड़ का आयोजन किया गया जिसका सीनियर डिप्टी कलेक्टर नेहा कुमारी के साथ जिले के विभिन्न वरीय पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखा कर रवाना किया जिसमें अरविन्द कुमार सिंह, जिला संगठन आयुक्त स्काउट के नेतृत्व में भारत स्काउट और गाइड रोहतास के कैडेट ने बढ़-चढ़कर इस कार्यक्रम में भाग लिया। दौड़ का आयोजन महिला आईटीआई बलथूआं बेदा से चलकर फैजलगंज न्यू स्टेडियम तक गया। दौड़ समाप्ति पर मल्टीपरपस हॉल सासाराम में नशा मुक्ति पर सीनियर डिप्टी कलेक्टर के द्वारा शपथ कराया गया जिसमें शहर के सैकड़ों बच्चों के साथ भारत स्काउट और गाइड रोहतास के कैडेट ने भाग लिया। स्काउट पीयूष कुमार कश्यप, गुलाम मोहम्मद, सुरित कुमार, रवि शंकर कुमार, सुभाष कुमार, साहस कुमार, अम्बिका कुमार, गाइड से सुरभि कुमारी, मुस्कान कुमारी, सोनी कुमारी, छोटी कुमारी, पूजा कुमारी, पूनम कुमारी के साथ सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# मंत्री सुनील कुमार ने किया 1189.87 लाख की लागत से तुतला भवानी इको पर्यटक स्थल की विकास योजना का शिलान्यास

## तुतला भवानी परिसर में झूला ब्रिज का किया जायेगा निर्माण : मंत्री



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम /तिलौथू।** स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के कैमूर पहाड़ी के गोद में स्थित मां तुतला भवानी पर्यटक स्थल पर रविवार को बिहार सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ सुनील कुमार पहुंचे जहां तुतला भवानी पर्यटक स्थल के विकास हेतु कई योजनाओं का शिलान्यास किया। इसके पूर्व तुतला धाम जाने के क्रम में तिलौथू प्रखंड के एनडीए कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। उसके बाद मंत्री सीधे मां तुतला भवानी के लिए रवाना हो गए। मंत्री को तुतला धाम पहुंचते ही वन विभाग के कर्मियों और स्थानीय लोगों द्वारा स्वागत किया गया। इसको लेकर तुतला धाम परिसर में एक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम के दौरान अपने सम्बोधन में मंत्री ने बताया कि राज्य सरकार या केंद्र सरकार मे वन विभाग एक महत्वपूर्ण विभाग है जिसमें मुझे मंत्री के रूप मे कार्य करने का अवसर मिला है। उन्होंने बताया कि मां तुतला भवानी धाम मे दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं के लिए हर तरह मूलभुत सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु विकास योजना का शिलान्यास किया गया है जिसको बहुत जल्द ही पूरा कर लिया जायेगा।

# सेवा पर्व पर संत जोसेफ स्कूल परिसर में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा सेवा पर्व (17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025) के तहत रविवार को रोहतास वन प्रमण्डल के बैनर तले मुख्यालय सासाराम, कनोडिया पंप स्थित संत जोसफ स्कूल परिसर में 'सेवा पर्व' के तहत क्विज प्रतियोगिता स्कूल के बच्चों के बीच आयोजित किया गया जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ फॉरेस्टर अमलेश कुमार, गुडु कुमार, स्कूल निदेशक सह बिहार पब्लिक स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन जिलाध्यक्ष संतोष कुमार, प्रधानाचार्य शिवानी कुमारी, वनरक्षक रोहित कुमार, कवि किशोर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार एवं उपस्थित अतिथियों ने सेवा पर्व के महत्व को रेखांकित करते हुए विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में प्रथम आकांक्षा कुमारी, द्वितीय स्नेहा कुमारी, तृतीय आयुष पांडेय एवं चतुर्थ अनन्या कुमारी, अमन राज मौर्य, सोनाक्षी मौर्य को रोहतास वन प्रमंडल द्वारा प्रमाण पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# प्रबंधन अध्ययन संकाय ने किया फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के प्रबंधन अध्ययन संकाय 2025 बैच के नवागंतुक छात्रों के स्वागत हेतु एक जीवंत और यादगार फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम देव मंगल सभागार में आयोजित हुआ जो परंपरा, प्रतिभा और एकता का उत्सव था।

सत्र की शुरुआत गणेश वंदना की भावपूर्ण प्रस्तुति से हुई जिसमें सफल शैक्षणिक यात्रा के लिए आशीर्वाद की कामना की गई। कार्यक्रम में प्रबंधन संकाय के डीन प्रोफेसर विवेक शर्मा, परीक्षा नियंत्रक डॉ कुमार आलोक प्रताप, अकादमी निदेशक सुदीप कुमार सिंह, संकाय सदस्य प्रोफेसर सुधांशु वर्मा, प्रोफेसर रजनीश रत्न, प्रोफेसर राजीव रंजन एवं जनसंपर्क अधिकारी भूपेंद्र नारायण सिंह उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों में शामिल थे। सम्मानित अतिथियों ने नवागंतुकों को हार्दिक शुभकामनाएं और प्रेरणादायक संदेश दिए जिसमें शैक्षणिक उत्कृष्टता, अनुशासन और समग्र विकास के महत्व को रेखांकित किया गया। इस आयोजन में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की श्रृंखला रही जिसमें जोशीले नृत्य, मधुर गीत और प्रभावशाली कविता पाठ शामिल थे जो छात्रों की विविध प्रतिभाओं को उजागर करते थे।

शाम का मुख्य आकर्षण था मिस्टर फ्रेशर और मिस फ्रेशर प्रतियोगिता रही जिसका मूल्यांकन रंधीर कुमार कर्ण और मोहम्मद गौहर हसनैन द्वारा किया गया। परिचय, प्रतिभा प्रदर्शन और प्रश्नोत्तर के उत्साही दौर के बाद, यह प्रतिष्ठित उपाधियां बीबीए हेतु मिस्टर फ्रेशर राजप्रताप सिंह एवं मिस फ्रेशर प्राची तथा एमबीए हेतु मिस्टर फ्रेशर रवि कुमार एवं मिस फ्रेशर साक्षी को प्रदान की गईं जिन्होंने अपने आत्मविश्वास और आकर्षण से निर्णायकों को प्रभावित किया। फ्रेशर पार्टी का संयोजन फैकल्टी मेम्बर मिसेज पम्मी कुमारी, मिस्टर निखिल निशांत एवं मिस स्वाति राज सिंह के निर्देशन में हुआ। इस अवसर पर समस्त फैकल्टी मेम्बर एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन और उत्साहपूर्ण डीजे सत्र के साथ हुआ जिससे छात्रों को यादगार पल और एफ एम एस परिवार से जुड़ाव की गहरी अनुभूति मिली।

# सरकार बांस की खेती पर दे रही अनुदान, राज्य में बागवानी को मिल रहा बढ़ावा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार अब बांस की खेती पर अनुदान दे रही है। कृषि विभाग का उद्यान निदेशालय राष्ट्रीय बांस मिशन योजना का कार्यान्वयन कर रहा है। उद्यान निदेशालय बिहार में बागवानी विकास के लिए लगातार काम कर रहा है। इसी कड़ी में यह बांस की आधुनिक और वैज्ञानिक तकनीक से खेती को बढ़ावा दे रहा है। बांस की खेती पर अनुदान देकर बिहार सरकार जहां एक ओर इसके उत्पादन को बढ़ाने की कोशिश कर रही है वहीं दूसरी ओर इसके जरिए किसानों की आय बढ़ाना भी मकसद है। राष्ट्रीय बांस मिशन योजना का मुख्य उद्देश्य किसानों को बांस की खेती करने के लिए प्रोत्साहित कर स्वरोजगार को बढ़ावा देना है। इस योजना का लाभ बिहार के 27 जिलों के किसान ले सकते हैं।

इन जिलो में अररिया, बांका, बेगूसराय, भागलपुर, दरभंगा, पूर्वी चम्पारण, गोपालगंज, जमुई, कटिहार, खगड़िया, किशनगंज, लखीसराय, मधेपुरा, मधुबनी, मुंगेर, मुजफ्फरपुर, पूर्णियां, सहरसा, समस्तीपुर, सारण, शिवहर, शेखपुरा, सीतामढ़ी, सिवान, सुपौल, वैशाली एवं पश्चिम चम्पारण शामिल हैं।

# धर्मान्तरण रोकने को विहिप सख्त, उपमुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के शिष्टमंडल ने बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुलाकात कर रोहतास जिले में सक्रिय जेम्स संस्था पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। शिष्टमंडल में विहिप के प्रांत मंत्री संतोष सिसौदिया तथा रोहतास जिला मंत्री यश उपाध्याय शामिल थे। उपमुख्यमंत्री को सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि 7 सितंबर को डिहरी ऑन सोन स्थित जेम्स संस्था के होस्टल में रहने वाली बच्चियों के साथ दुराचार की गंभीर घटना सामने आई। घटना के इतने दिन बीत जाने के बावजूद अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है जिससे संस्था की भूमिका संदिग्ध प्रतीत होती है। विहिप नेताओं ने आरोप लगाया कि जेम्स संस्था वर्षों से लोभ, लालच और प्रलोभन देकर अनेक जिलों में धर्मान्तरण की गतिविधियां चला रही है। पहले भी बच्चियों के गायब होने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर ठोस कार्रवाई नहीं की गई। जिला मंत्री यश उपाध्याय ने कहा, धर्मान्तरण का कड़ा विरोध करना हमारा कर्तव्य है। किसी को भय या लालच देकर धर्म बदलवाना हमारी संस्कृति पर आघात और समाज की एकता को तोड़ने का षड्यंत्र है। यह न केवल असंवैधानिक है बल्कि गंभीर अपराध भी है। उन्होंने मांग की कि ऐसे संस्थानों को तुरंत बंद किया जाए और दोषियों पर कठोरतम कार्रवाई कर पीड़िताओं को न्याय दिलाया जाए।

# बैंक से पैसा निकालने आई नाबालिग बच्ची का अपहरण, प्राथमिकी दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला।** बाजार स्थित एक गांव से बैंक से पैसा निकालने आई नाबालिग बच्ची को अपहरणकर्ताओं ने अपहरण कर लिया जब समय से घर नहीं पहुंची तो परिजन ढूढने के लिए बाजार पर आए, लेकिन लड़की का कोई सुराग नहीं लग सकी। परिजन हताश होते हुए दो दिनों बाद इसकी लिखित सूचना पुलिस को दिया। पुलिस ने परिजन के आवेदन को संज्ञान में लेते हुए अज्ञात अपहरणकर्ता पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि बाजार स्थित एक गांव से 17 वर्षीय नाबालिग बच्ची बाजार स्थित एक बैंक से पैसा निकालने के लिए शुक्रवार को आई थी जब शाम तक बच्ची अपनी घर नहीं पहुंची तो परिजन ढूढने के लिए बाजार आए, लेकिन बच्ची की कोई सुराग नहीं मिल सकी तो परिजन ने रविवार को आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करवाई है।

## बाइक के साथ चोर धराया

**अकोढ़ीगोला।** दरिहट थाना क्षेत्र के भुसहूला गांव से चोरी हुई बाइक के साथ पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष रवि रंजन प्रियदर्शी ने बताया कि भुसहूला गांव के सुमित कुमार ने शनिवार की शाम थाना में बाइक चोरी की लिखित शिकायत दर्ज कराई थी।

# पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की ओर से किड्स कार्नर स्कूल में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रविवार को पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन हाजीपुर के दिशा निर्देश पर पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, पं0 दीन दयाल उपाध्याय मंडल ने किड्स कॉनर स्कूल, यूरोपियन कॉलोनी, डी0डी0यू0 में ऑन-द-स्पॉट ऑल इण्डिया ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगीता का आयोजन किया। इस प्रतियोगीता में रेलवे कर्मचारियों के 6 से 15 वर्ष के कुल 129 बच्चों ने तीन ग्रुप में भाग लिया। इस अवसर पर संगठन की अध्यक्षा चित्रा सिंह ने बताया कि इस तरह की प्रतियोगिताएं बच्चों को प्रेरित करने और उन्हें क्षेत्र की समकालीन प्रतिभाओं से परिचित कराकर उनके रचनात्मक कौशल को विकसित करने में मदद करती है। इस तरह के प्रतियोगिताएं बच्चों को जोखिम-मुक्त तरीके से अपने रचनात्मक विचारों को परखने का अवसर प्रदान करती है। इससे कलाकार के रूप में सीखने और विकसित होने का अवसर मिलता है और इस अवधि को भविष्य की सफलता में निवेश के रूप में भी देखा जा सकता है। निश्चित रूप से कोई पुरस्कार या प्रशंसा जीतना इन बच्चों के लिए एक प्रेरक उपकरण के रूप में अमूल्य है और रचनात्मक क्षेत्र में करियर बनाने के लिए एक गंभीर प्रयास को गति प्रदान कर सकता है। इस संगठन द्वारा भाग ले रहे बच्चों को जलपान एवं शिक्षा संबंधित कुछ सामग्री का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर संगठन की उपाध्यक्षा स्मिता सिंह, मीता नारी, सचिव शालीनी भूषण, स्कूल सचिव दीपिका, संयुक्त सचिव वैष्णवी, प्रतिभा, सोमा चटर्जी आदि उपस्थित रहे।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल में स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 के पांचवें दिन रविवार को वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन मंडल के विभिन्न स्टेशनों, कार्यालय परिसरों और रेलवे कॉलोनियों में किया गया। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और स्वच्छता के प्रति भावनात्मक जुड़ाव स्थापित करना था। मंडल मुख्यालय स्थित बाकले खेल परिसर में मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना, अपर मंडल रेल प्रबंधक दिलीप कुमार तथा शाखा अधिकारियों ने सामूहिक रूप से पौधे लगाए। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पर्यावरणीय संतुलन, हरियाली और स्वच्छ वातावरण की आवश्यकता पर बल दिया। सभी से 'एक पेड़ माँ के नाम' लगाने की अपील की गई। मंडल भर में रेलकर्मियों, सफाई मित्रों और स्थानीय निवासियों ने भी इस अभियान में भाग लेकर स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शायी। यह पहल स्वच्छता को केवल सफाई तक सीमित न रखकर, प्रकृति से जुड़ाव के रूप में प्रस्तुत करती है। इन गतिविधियों के साथ-साथ मंडल भर में गहन सफाई अभियान भी निरंतर जारी है जिसमें स्टेशनों, यार्डों, कार्यालयों और कॉलोनियों में व्यापक स्तर पर स्वच्छता कार्य किया जा रहा है।

# नशा मुक्त युवा-विकसित भारत अभियान के तहत मतदाता जागरूकता का आयोजन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** भारत सरकार के दिशा-निर्देशानुसार खेल विभाग, बिहार, पटना तथा जिला प्रशासन, रोहतास के संयुक्त तत्वाधान में नशा मुक्त युवा-विकसित भारत राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत रविवार को रोहतास जिले में भव्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दौड़ प्रतियोगिता, शपथ ग्रहण, योगाभ्यास तथा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत बालिका आई.टी.आई., बलथूआ वेदा से हुई जहां से जागरूकता दौड़ का शुभारंभ नेहा कुमारी, वरीय उप समाहर्ता-सह-नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग एवं मुकेश कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी-सह-कार्यकारी उपाधीक्षक, शारीरिक शिक्षा, रोहतास के द्वारा हरी झंडी दिखाकर की गई। यह दौड़ उत्साह और जोश के साथ न्यू स्टेडियम, फजलगंज में समाप्त हुई। इस दौड़ में विद्यालय, बॉक्सिंग संघ के खिलाड़ी, योगा के खिलाड़ी, रोहतास हॉकी संघ के खिलाड़ी तथा ए. बी. क्रिकेट अकादमी के खिलाड़ियों, शिक्षकों, युवा संगठनों एवं आम नागरिकों की उल्लेखनीय भागीदारी रही। दौड़ में खिलाड़ियों के द्वारा नशा मुक्ति के नारों नशा छोडो, देश को जोड़ो एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत उम्र 18 पूरी है, तो मतदान जरुरी है मेरा वोट मेरा अधिकार नारों के साथ सड़कें गुंजती रही। समापन अवसर पर प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से नशा मुक्त भारत का संकल्प लिया तथा शपथ ग्रहण किया कि वे स्वयं नशे से दूर रहेंगे और समाज को भी इसके दुष्परिणामों से जागरूक करेंगे। इसके पश्चात योगाभ्यास का आयोजन कर सभी को स्वस्थ जीवन के महत्व से अवगत कराया गया। साथ ही मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को संविधान प्रदत्त अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर नेहा कुमारी ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति ही नहीं बल्कि परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है। यदि युवा पीढ़ी नशा मुक्त होकर शिक्षा, रोजगार और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाए तो भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य शीघ्र ही प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम में तृप्ति चौबे, अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी सेस्टो बॉल तथा सुश्री ज्योति कुमारी, राष्ट्रीय खिलाड़ी ने भी भाग लिया। इस अभियान को सफल बनाने में जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग, खेल विभाग तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम में हॉकी संघ के सचिव, नरेंद्र प्रसाद सिन्हा, बॉक्सिंग संघ के सचिव नरेंद्र कुमार यादव, योगा संघ से नवल किशोर उपस्थित थे साथ ही खेल कार्यालय से प्रभात कुमार पाठक, जयशंकर कुमार, उज्जवल कुमार सिंह, पवन कुमार, सुनील चंद्रवंशी, विकास तिवारी उपस्थित थे।

# जीएसटी को लेकर सांसद ने व्यवसायियों के साथ की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। भारतीय जनता पार्टी के द्वारा व्यवसाई सम्मेलन कर नवादा में व्यापारी वर्ग और प्रबुद्धजनों के साथ संवाद कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नवादा लोकसभा सांसद विवेक ठाकुर एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड भारत सरकार के अध्यक्ष सुनील जे सिंगही उपस्थित रहें। व्यापारी सम्मेलन की अध्यक्षता व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सुधीर सिंह ने किया एवं मंच का संचालन जिला महामंत्री सह कार्यक्रम प्रभारी अरविंद कुमार गुप्ता ने किया। सर्वप्रथम भारत माता, श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित एवं वन्देमातरम गीत गाकर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। निवर्तमान जिला अध्यक्ष संजय कुमार मुन्ना ने कार्यक्रम में विषय प्रवेश कराया, विस्तार से उन्होंने जीएसटी में हुए बदलाव से फायदा पर व्यापारियों से साझा किया।

सांसद विवेक ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री जीएसटी में कई बदलाव एवं कई वस्तुओं पर टैक्स में कमी कर जनता को बहुत बड़ा फायदा देने का काम किए है,नेक्स्टजेन जीएसटी सुधारों से व्यापारी वर्ग को भी बहुत फायदा है, समान का रेट जब कमी आएगा तब उसका उपभोक्ता के द्वारा मांग बढ़ जाएगा इसमें व्यापार में लाभ होगा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो आह्वान किए है स्वदेशी अपनाने हम भी आप सभी व्यापारी बंधु से निवेदन है कि आप स्वदेशी वस्तु का बिक्री करें और स्वदेशी वस्तु से ही पूजा से लेकर घर सजावट करें, आज प्रधानमंत्री देश को विकसित भारत बनाने में दिन रात मेहनत कर रहे है आप सभी प्रधानमंत्री जी को साथ दे तब निश्चित अपना देश बहुत आगे जाएगा, हम नवादा को विकसित करने में लगा हुआ हूं, चुनाव में विकसित नवादा का संकल्प लिया था उसे पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा। राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सुनील जे सिंगही ने उपस्थित व्यापारियों से जीएसटी में हुए बदलाव पर विस्तार से बताया, प्रधानमंत्री 'एक देश एक कर' करके व्यापारी बंधुओं को बहुत आसान कर दिए, देश को 1947 तक विकसित भारत को पूरा करने में लगे हुए ह , नरेंद्र मोदी किसी देश से झुकने वाले नहीं है चाहे आर्थिक नीति को या अंतराष्ट्रीय विदेश नीति हो हर जगह देश की नंबर वन स्थान पर रख रहे है, आज उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर करके दिखा दिया कि अब का भारत घर में घुस कर मारने वाला भारत है। जीएसटी में बदलाव किये जाने से समानों के दाम में जो कमी होगा उसे आप सभी व्यापारी अपने अपने ग्राहकों को बताने का काम करने का आग्रह किया। कार्यक्रम प्रभारी अरविंद गुप्ता ने उपस्थित सैकड़ों व्यापारी बंधुओं से स्वदेशी अपनाने और जीएसटी के फायदे ग्राहकों को बताने पर दोनों हाथ उठा कर सांसद विवेक ठाकुर जी को समर्थन देने की मांग की। सम्मेलन में भाजपा पूर्व जिला उपाध्यक्ष बिनोद भदानी, पूर्व कोषाध्यक्ष संजय वर्णवाल, समाजसेवी राजेंद्र विशा, पूर्व व्यवसाय मंच के संयोजक सुर्यनारायण गुप्ता, जिला महामंत्री नंदकिशोर चौरसिया, जिला उपाध्यक्ष तेजस सिन्हा, जिला प्रवक्ता राधेश्याम चौधरी, भाजपा नेता रणजीत यादव, अजीत यादव, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अजीत शंकर, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष रौशन आर्य, संजय भोजपुरी, महावीर चंद्रवंशी, व्यवसाई दाऊद खान, अशोक कुमार सिन्हा, अंजनी पांडेय, दवा विक्रेता संघ के अध्यक्ष राजन प्रसाद, पंकज साव, मुकेश कुमार, पिंटू कुमा, नवीन बरनवाल, रिंकू बरनवाल, महेश वर्मा, संदीप चुन्नू, सुनील कुमार बरनवाल, रणधीर कुमार इत्यादि व्यापारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# भाजपा ने चलाया जनसंपर्क अभियान



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। भाजपा कार्यकर्ताओं ने रविवार को जनसंपर्क अभियान चलाया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा सह जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत आज जिला उपाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार के नेतृत्व में बिहारशरीफ के नई सराय मुहल्ले में घर घर संपर्क अभियान चलाया गया। कार्यकर्ताओं ने केन्द्र सरकार के 11 सालों के कार्यों एवं उपलब्धियों का पत्रक लोगों को बांटते हुए, जनकल्याणकारी योजनाओं की चर्चा करते हुए आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में हो रहे सकारात्मक बदलाव की जानकारी देते हुए एनडीए उम्मीदवार के पक्ष में मतदान कर फिर से बिहार में एनडीए सरकार बनाने का आग्रह किया। मौके पर लोगों की सहमति से घरों के दरवाजों मेरा विधायक मेरा परिवार एवं मेरा परिवार भाजपा परिवार के स्टीकर चिपकाए । इस अवसर पर जिला मंत्री सह सेवा पखवाड़ा जिला सह संयोजक अमरेश कुमार, बिहारशरीफ विधानसभा विस्तारक सुशील कुमार चंदेल, नगर महामंत्री अमित शान, राजेश सिंह सिसोदिया, नगर उपाध्यक्ष निराला कुमार, प्रवीण कुशवाहा आदि उपस्थित थे।

## एक नजर

### शारदीय नवरात्र को ले गायत्री परिवार ने निकाली कलश यात्रा



**कौआकोल**। सोमवार से शुरु हो रहे शारदीय नवरात्र को लेकर कौआकोल प्रखण्ड में रविवार को गायत्री परिवार के द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस कलश यात्रा में दो हजार से अधिक महिला श्रद्धालुओं ने अपने अपने सर पर कलश रखकर बाजार का परिभ्रमण किया। कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु जोगाचक गांव अवस्थित गायत्री ज्ञान मंदिर परिसर से निकल कर कौआकोल बाजार से ब्लॉक मोड़ होते हुए रानीबाजार अवस्थित सूर्य मन्दिर के पास पहुंचे। जहां श्रद्धालुओं ने अपने अपने कलश में विधिवत जल भरकर वहां से पुनः बीझो गांव होते हुए गायत्री मंदिर स्थित पूजा मण्डप पहुंच कर कलश को रखा गया। आयोजक ने बताया कि सोमवार को विधिवत रुप से स्थापित कर मां दुर्गा की आराधना एवं नौ दिनों तक पाठ की जाएगी। जबकि दिन में हवन एवं सांय काल में प्रवचन का आयोजन किया जाएगा। इधर नवरात्र शुरू होते ही पूरे प्रखण्ड में भक्ति भाव का माहौल देखा जा रहा है। कलश यात्रा में सुरेश प्रसाद, श्रीचंद्र प्रसाद, सरिता देवी, नीलम देवी बजरंग दल के मुकेश कुमार समेत हजारों श्रद्धालु शामिल थे।

### स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**कौआकोल**। प्रखण्ड के जेपी आश्रम सोखोदेवरा में रविवार को कृषि विज्ञान केंद्र, ग्राम निर्माण मंडल सर्वोदय आश्रम कौआकोल में 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दर्जनों मरीजों का स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक दवाएं वितरित की गई। मौके पर पीएचसी प्रभारी डॉ० रामप्रिय सहगल,चिकित्सक डॉ० सचिन सक्सेना,स्वास्थ्यकर्मी पंकज कुमार,मोहन कुमार राजवंशी, जितेंद्र कुमार, एएनएम मीना कुमारी, शिल्पी कुमारी के अलावे ग्राम निर्माण मंडल के डॉ० भारत भूषण शर्मा, कृषि विज्ञान केंद्र के विषय वस्तु विशेषज्ञ अंगद कुमार, अनिल कुमार, विकास कुमार, पिंटू पासवान, सरवन रविदास आदि मौजूद रहे।

### नारदीगंज में दुर्गा पूजा की तैयारियां शुरू

**नारदीगंज, नवादा**। थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में दुर्गा पूजा की तैयारियां शुरू हो गई है। पूजा समिति के लोग मंदिर की साफ सफाई व रंग रोगन में लग गए है। आगामी 22 सितम्बर 2025 को कलश स्थापना के साथ नवरात्रि पर्व शुरु हो जायेगा। पुलिस प्रशासन भी क्षेत्र में विधि व्यवस्था व शांति व्यवस्था में कमर कस ली है। थानाध्यक्ष राहुल अभिषेक ने कहा दुर्गा पूजा 22 सितम्बर से शुरु होगी। इस पूजा में शांति व्यवस्था बहाल रखना है। सभी के सहयोग से पूजा शांति व सद्भाव,भाईचारे के साथ सम्पन्न हो सके। उन्होंने कहा नारदीगंज थाना क्षेत्र में मां दुर्गा व माता काली पूजा के लिए पांच लाइंसेसधारी हैं। सभी पूजा समितियों को पूजा को लेकर लाइसेंस प्राप्त करना अनिवार्य है।

### लौन्द पंचायत में विधिक जागरुकता कार्यक्रम



**नवादा**। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पटना के निर्देश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नवादा के सचिव धारेंद्र कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में सिरदला प्रखंड के लौन्द सामुदायिक भवन परिसर में किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015 से संबंधित विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नवादा के हेड लीगल एड डिफेन्स काउंसिल साजिद अयूब खान, पीएलवी रामानुज कुमार एवं लौन्द पंचायत के मुखिया गणेश राम द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। अपने संबोधन में साजिद अयूब खान ने बताया कि किशोर न्याय अधिनियम बच्चों की देखरेख, सुरक्षा, संरक्षण एवं पुनर्वास प्रदान करता है, ताकि वे एक सम्मानजनक जीवन जी सकें। उन्होंने कहा कि यह अधिनियम उन बच्चों के लिए है जिन पर अपराध के आरोप हैं या जो असहाय, परित्यक्त एवं शोषण के शिकार हैं। किशोर न्याय बोर्ड ऐसे बच्चों के मामलों की सुनवाई करता है और सुधार एवं पुनर्वास पर विशेष बल देता है। उन्होंने यह भी बताया कि बाल कल्याण समिति बच्चों की देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों के पुनर्वास, देखरेख, गोद देने आदि की अनुमति प्रदान करती है।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों को अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई तथा बच्चों की सुरक्षा एवं अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया गया।

### धनरूआ को दो नई पुलिस चौकियों की सौगात, नदवां और बहरामपुर में होगा उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढी**। धनरूआ थाना क्षेत्र में बढ़ते अपराध पर नियंत्रण के लिए पुलिस विभाग ने सोमवार को दो नई पुलिस चौकियों का उद्घाटन करने की योजना बनाई है। पूर्वी सिटी एसपी परिचय कुमार ने नदवां और बहरामपुर का स्थल निरीक्षण किया और बताया कि नवरात्र के पहले दिन दोनों चौकियों का विधिवत उद्घाटन किया जाएगा। मौके पर थानाध्यक्ष आलोक कुमार भी मौजूद रहे। नदवां में कृषि भवन के पास स्थापित इस नई पुलिस चौकी से नदवां, पथरहट और बौरही पंचायत के लगभग 30 हजार निवासियों को सुरक्षा और सुविधा मिलेगी। नदवां पंचायत के मुखिया शंकर कुमार सिंह ने पुलिस चौकी बनाने पर पुलिस विभाग और सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे अपराध पर कड़ा अंकुश लगेगा। वहीं, बहरामपुर में कृषि भवन में पुलिस चौकी स्थापित होने के बाद बहरामपुर, विजयपुरा और छाती पंचायत के ग्रामीणों को इसका लाभ मिलेगा। बहरामपुर पंचायत के मुखिया गुड्डू कुमार ने बताया कि मुख्यालय से दूर होने के कारण यहां अपराध की आशंका अधिक रहती थी, लेकिन अब नई पुलिस चौकी खुलने से सुरक्षा सुनिश्चित होगी। पुलिस विभाग का यह कदम क्षेत्रीय सुरक्षा में मजबूती लाने और नागरिकों की सुरक्षा बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

# नवादा में 12 करोड़ की लागत से बनेगा आधुनिक टाउन हॉल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा**। जिले के लिए एक महत्वपूर्ण विकासात्मक पहल के तहत नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना (वित्तीय वर्ष 2025-26) के अंतर्गत नवादा टाउन हॉल (नगर भवन) के निर्माण प्रस्ताव को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इस योजना के तहत लगभग 1192.19897 लाख (लगभग 11.92 करोड़ रुपये) की तकनीकी राशि अनुमोदित की गई है। जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश ने जानकारी देते हुए बताया कि इस परियोजना का कार्यान्वयन बुडको द्वारा किया जाएगा। भवन निर्माण कार्य ई-टेंडरिंग प्रक्रिया के माध्यम से कराया जाएगा, जिससे कार्य की पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित की जा सके। निर्मित होने वाला यह आधुनिक टाउन हॉल अत्याधुनिक तकनीकी सुविधाओं से सुसज्जित होगा। भवन में बड़े पैमाने पर बैठकों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, शैक्षणिक गतिविधियों तथा प्रशासनिक आयोजनों के संचालन के लिए पर्याप्त हॉल स्पेस, आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर और सभी आधुनिक संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। जिला पदाधिकारी ने कहा कि यह योजना न केवल नवादा जिले के नागरिकों को एक केंद्रीकृत स्थल प्रदान करेगी, बल्कि जिले के सांस्कृतिक, सामाजिक एवं प्रशासनिक विकास को नई दिशा देगी। यह भवन स्थानीय प्रतिभाओं को मंच उपलब्ध कराएगा, विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के आयोजन को सुगम बनाएगा और जिले के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। बुधौल में बनने वाले अटल कला भवन के साथ-साथ नवादा नगर परिषद क्षेत्र में इस टाउन हॉल का निर्माण स्थानीय लोगों के लिए एक बहुउद्देश्यीय केंद्र के रूप में उभरकर आएगा, जहां वे सांस्कृतिक, शैक्षणिक, सामाजिक और प्रशासनिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग ले सकेंगे। यह योजना नवादा जिले की सुविधाओं से परिपूर्ण एवं आधुनिक शहरी पहचान को और मजबूत करेगी।

# पंचाने नदी में स्नान करने गई महिला की डूबने से मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। राजगीर थाना क्षेत्र के चमरडीहा गांव में शनिवार को स्नान करने गयी महिला की पंचाने नदी में डूबने से मौत हो गयी। मृतका की पहचान चमरडीहा निवासी रामोतार यादव की पत्नी किरण देवी (45 वर्ष) के रूप में हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि किरण देवी स्नान के दौरान नदी की तेज धारा में बह गयी और देखते ही देखते लापता हो गयी। घटना के बाद ग्रामीणों ने काफी खोजबीन की। लेकिन उनका कोई पता नहीं चल पाया। रविवार को घटना स्थल से लगभग पांच किलोमीटर दूर सिलाव थाना क्षेत्र के जुनेदी गांव के समीप नदी में शव तैरता हुआ दिखाई दिया। स्थानीय लोगों ने शोर मचाया तो आसपास के लोग भी जुट गए। सूचना मिलते ही मृतका के परिजन जुनेदी पहुंचकर शव की पहचान की। पुलिस द्वारा ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला गया। राजगीर थानाध्यक्ष रमण कुमार ने बताया कि परिजनों द्वारा मृतिका के शव को पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया गया है। इसलिये बिना पोस्टमार्टम के ही शव को परिजनों को सौंप दिया गया है।

# पूजा समिति सदस्यों की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा**। नवादा नगर दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों की एक बैठक साहू सदन में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष अंशुमान शर्मा ने किया। इस कार्यक्रम में सभी पूजा समिति के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी मौजूद रहे। सभी सदस्यों ने सुझाव दिया की दुर्गा पूजा को बेहतर ढंग से मनाने के लिए कई रणनीति तैयार किए जाएं। अध्यक्ष अंशुमन शर्मा ने कहा कि जगह-जगह पर लाइटिंग के साथ पानी टंकी विसर्जन स्थल पर व्यवस्था किया जाए। शोभिया कृषि फार्म एवं कादिरगंज को विसर्जन स्थल के रूप में चिन्हित किया गया। लाइटिंग की व्यवस्था कृष्ण मेमोरियल कॉलेज से मंगर बीघा पुल के नजदीक एवं यादव चौक से हरिशचंद्र स्टेडियम, आरएम डब्लू कॉलेज से नगर परिषद तक, मिर्जापुर 2 नंबर पुल से स्टेशन तक लाइटिंग की व्यवस्था करने एवं भगत सिंह चौक पर जल जमाव की निकासी के साथ स्वच्छता का ख्याल रखने एवं जगह-जगह पानी टंकी, पुलिस बल की तैनाती प्रशासन के द्वारा कराई जाने की मांग की गई। दोनों रेलवे क्रॉसिंग पर अतिरिक्त पुलिसकर्मी लगाने की भी मांग की गई। साथ ही चलंत शौचालय एवं रावण वध के साथ-साथ बैरिकेडिंग एवं बैरियर की व्यवस्था प्रशासन द्वारा कराए जाने की बात कही गई। मूर्ति का विसर्जन एकत्रित होकर 3:00 बजे से रात्रि 8:30 बजे तक करने का प्रस्ताव पारित किया गया। हर एक पंडाल के पास कार्यकर्ता का मोबाइल नंबर एवं प्रशासन का मोबाइल नंबर की व्यवस्था करने का भी निर्णय लिया गया। मेला में कार्यकर्ता के द्वारा तत्पर होकर शांति व्यवस्था बनाए एवं हर एक पंडाल पर सीसीटीवी कैमरा लगाने, अग्निशमन यंत्र की व्यवस्था कराए जाने, नगर पूजा कमेटी के द्वारा खोया पाया का दो स्टॉल की व्यवस्था करने का भी निर्णय लिया गया । डीजे पर प्रतिबंध है, प्रशासन के द्वारा जो गाइडलाइन जारी किया गया उसका अनुपालन किया जाएगा। सभी जिले वासियों से अनुरोध है कि शांति बनाए रखने में सहयोग करते रहे। सभी पंडाल वाले बिजली का कनेक्शन अवश्य लेंगे। चार लेन अंडर पास में लाइटिंग की व्यवस्था किया जाए, फोर लेन के पास पुलिस बल की भी तैनाती किया जाए। इस बैठक में दुर्गा पूजा पंडाल के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी सभी लोग मौजूद रहे। सभी ने खुलकर सहयोग करने का निर्णय लिया । बैठक में सचिव नरेश विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष चंद्रिका यादव, कोषाध्यक्ष होम लाइट महेंद्र कुमार, संरक्षक राजकुमार गुप्ता, संतोष कुमार चौरसिया, अनिल कुमार, पवन कुमार गुप्ता, सत्येंद्र कुमार, देवेंद्र कुमार रंजन प्रसाद गुप्ता फल्टन कुमार, कार्तिक कुमार, विवेक कुमार, सोनू वर्मा, मंटू कुमार, बृजेश कुमार, नीरज कुमार, रंजीत कुमार, राजू कुमार, समीर वत्स, राहुल कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# समाजसेवी यासिर इमाम ने किया जनसंवाद कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। बिहारशरीफ विधानसभा क्षेत्र के सोसंदी और सोनसा पंचायत में समाजसेवी यासिर इमाम ने जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय समस्याओं की जानकारी ली और जनता को भरोसा दिलाया कि उनकी सरकार बनने पर क्षेत्र की सभी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा।कार्यक्रम के उपरांत यासिर इमाम ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के युवा नेता पप्पू कुमार द्वारा आयोजित भोज में भी शिरकत की। मौके पर उन्होंने हाल ही में संपन्न हुई वोटर अधिकार यात्रा और बिहार अधिकार यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि दोनों यात्राएँ बिहार में पूरी तरह सफल रहीं। इन अभियानों को महागठबंधन के तमाम नेताओं का व्यापक समर्थन मिला, जिसमें राजद की अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आयशा फातिमा का विशेष योगदान रहा। यासिर इमाम ने कहा कि बिहार में बदलाव की बयार चल रही है और इसकी झलक साफ दिखने लगी है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जहां-जहां नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव जा रहे हैं, वहां जनता उन्हें अपार समर्थन और स्नेह दे रही है। उन्होंने कहा कि इस बार बिहार की जनता बहकावे में नहीं आएगी। जनता अब बदलाव के मूड में है और यह बदलाव निश्चित होकर रहेगा। इस मौके पर समाजसेवी टूप टुप मल्लिक, पप्पू खान, चंगेज खान, मदन, पप्पू प्रसाद , कालिया आदि उपस्थित थे।

### बेरोजगार युवक-युवतियों के बीच बांटा गया स्टडी एवं टूल किट

**बिहारशरीफ/नबिटा ब्यूरो**। बेरोजगार युवक युवतियों के लिये स्टडी एवं टूल किट वरदान बन रहा है स्टडी किट से लाभांवित युवक युवतियां विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। साथ ही इस परीक्षा में सफल युवक युवतियां केंद्र व बिहार सरकार के विभिन्न विभागों में नौकरी भी पा रहे हैं। सहायक निदेशक (नियोजन) अंकित राज ने यह बातें संयुक्त श्रम भवन में आयोजित स्टडी एवं टूल किट वितरण समारोह के उदघाटन मौके पर कहा। उन्होंने बेरोजगार युवक युवतियों से कहा कि आप केंद्र एवं बिहार सरकार की विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करें। सरकार आपको स्टडी किट के अंतर्गत आवश्यक पुस्तकें उपलब्ध करा रही है। सरकार की इस योजना का आप लाभ उठाएं। मौके पर जिला नियोजन पदाधिकारी मोहम्मद आकिफ वक्कास ने कहा कि हुनरमंद एवं दक्ष युवक युवतियां आज खुद स्वावलंबी बन रही है।

# नये राशन कार्ड के लिए जिलेभर में विशेष कैंप होगी आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। प्रभारी जिला आपूर्ति पदाधिकारी, नवादा डॉ. राज कुमार सिन्हा ने बताया कि खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, बिहार सरकार के निर्देशानुसार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के पात्र लाभुकों को नये राशन कार्ड निर्गत करने एवं राशन कार्ड में नाम जोड़ने/हटाने के उद्देश्य से जिले में विशेष कैंप आयोजित किये जा रहे हैं। यह विशेष कैंप 22 सितम्बर 2025 से 10 अक्टूबर 2025 तक जिले के सभी पंचायतों के पंचायत सरकार भवनों में चरणबद्ध ढंग से आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कैंप में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी/कर्मचारी कंप्यूटर एवं लैपटॉप के साथ उपस्थित रहेंगे। कैंप के दिन प्राप्त सभी आवेदनों को RConline.bihar.gov.in पोर्टल पर तुरंत ऑनलाइन दर्ज कर रसीद निर्गत की जाएगी। प्राप्त सभी आवेदनों की नियमानुसार जांच कर पात्र लाभुकों को नए राशन कार्ड निर्गत करने की प्रक्रिया समय पर पूरी की जाएगी।

**निम्न स्थलों पर विशेष कैंप का आयोजन**

काशीचक – पंचायत सरकार भवन,पार्वती
कौआकोल –पंचायत सरकार भवन,पहाड़पुर
हिसुआ –पंचायत सरकार भवन,छातीहर
पकरीबारवां –पंचायत सरकार भवन,पकरीबारवाँ दक्षिणी
वारसलीगंज –पंचायत सरकार भवन,हाजीपुर
नारदीगंज –पंचायत सरकार भवन,हड़िया
नवादा सदर –पंचायत सरकार भवन,सोनसिहारी
मेसकौर –पंचायत सरकार भवन,मेसकौर
सिरदला –पंचायत सरकार भवन, सांढ़ मंझगावा
रोह –पंचायत सरकार भवन,सिउर
रजौली –पंचायत सरकार भवन,लेंगुरा
नरहट –पंचायत सरकार भवन,पुन्थर
अकबरपुर –पंचायत सरकार भवन,बलिया बुजुर्ग

# प्रमुख बस पड़ावों पर वाहन चालकों का किया गया निःशुल्क नेत्र परीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**नवादा**। जिला पदाधिकारी, नवादा रवि प्रकाश ने के निर्देशानुसार जिले के प्रमुख बस पड़ावों पर बस चालकों सहित अन्य वाहन चालक जैसे ट्रक, ऑटो, ई-रिक्शा एवं अन्य व्यवसायिक वाहनों के चालकों का निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा।

जिला परिवहन पदाधिकारी नवीन कुमार पांडेय ने बताया कि यह शिविर आगामी 24 सितम्बर 2025 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक आयोजित किए जाएंगे। इसके अंतर्गत नवादा नगर क्षेत्र के पांच प्रमुख बस स्टैंड पर परीक्षण कार्यक्रम होगा। बुडको बस स्टैंड, नवादा, बिहार स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन बस स्टैंड, नवादा, 3 नंबर गेट बस स्टैंड, नवादा, हिंदुजा बस स्टैंड, नवादा, रजौली बस स्टैंड, नवादा।

सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वाहन चालकों का स्वास्थ्य विशेषकर नेत्र परीक्षण अत्यंत आवश्यक है। इस पहल से सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी और सुरक्षित परिवहन व्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। नेत्र परीक्षण हेतु विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम उपलब्ध रहेगी। सभी वाहन चालकों से अपील की जाती है कि वे इस निःशुल्क शिविर में भाग लेकर अपनी नेत्र जांच अवश्य कराएं। जिला प्रशासन द्वारा यह पहल सड़क सुरक्षा अभियान के तहत की जा रही है, ताकि जिले में यातायात व्यवस्था को और अधिक सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित बनाया जा सके।

# पपेट शो के माध्यम से लोगों को किया जागरूक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा**। डायन प्रथा जैसी कुप्रथा के प्रति जन-जागरूकता फैलाने और इसके पूर्ण उन्मूलन के उद्देश्य से जिला प्रशासन, नवादा द्वारा जिले के विभिन्न स्थलों पर पपेट शो का आयोजन किया गया। प्रभारी जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी अमरनाथ कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के आमजन को यह संदेश देना है कि अंधविश्वास, कुप्रथाओं और अफवाहों के आधार पर किसी महिला को डायन बताना न केवल सामाजिक अपराध है, बल्कि कानूनन दंडनीय भी है। पपेट शो के माध्यम से नाटकीय शैली में यह दर्शाया गया कि किस प्रकार अफवाह और अंधविश्वास समाज को विभाजित करता है तथा महिलाओं पर अत्याचार को बढ़ावा देता है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमूह को बिहार डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम, 1999 एवं अन्य संबंधित कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई। लोगों से अपील की गई कि वे ऐसी कुप्रथाओं के खिलाफ आवाज़ उठाएं और अपने आस-पास किसी भी प्रकार की घटना की तुरंत सूचना जिला या पुलिस प्रशासन को दें, ताकि दोषियों पर त्वरित कार्रवाई की जा सके। नवादा सदर प्रखंड के खरांट, ओरैना, महुली, जमुआवा पटवासराय और लोहरपुरा पंचायत के चिन्हित स्थलों पर पपेट शो का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रभारी जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी ने यह भी बताया कि कल दिनांक 21 सितम्बर 2025 को नवादा सदर प्रखंड के पौरा, झुनाठी तथा प्रखंड अकबरपुर के बड़ेल, बकसंडा और पचगावा पंचायत के चिन्हित स्थलों पर इसी प्रकार के पपेट शो का आयोजन किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक जागरूकता का संदेश पहुंच सके।

# डाक विभाग ने किया प्रधानमंत्री विश्वकर्मा टूल किट का वितरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ**। डाक विभाग के नालंदा डिवीजन के तत्वावधान में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा टूल किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डाक अधीक्षक कुंदन कुमार ने बताया कि यह टूल किट ग्रामीण डाक सेवाओं और लाभार्थियों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से दी जा रही है। इससे सेवा वितरण में पारदर्शिता, गति और विश्वसनीयता को और मजबूत बनाया जाएगा। सभी ने इस पहल की सराहना की और कहा कि यह कदम ग्रामीण डाक सेवाओं की कार्यक्षमता को और बेहतर बनाएगा। इंडिया पोस्ट नालंदा मंडल का मानना है कि इस पहल से ग्रामीण व शहरी दोनों ही क्षेत्रों में लोगों को सुविधाजनक सेवाएं मिल सकेंगी और डिजिटल इंडिया के लक्ष्य को गति मिलेगी। कार्यक्रम में अमित कुमार (सांसद प्रतिनिधि), धीरज पाठक (मीडिया प्रभारी, भाजपा नालंदा), पोस्टमास्टर बिहार शरीफ मनीष आनंद, अमलेश कुमार, सिंकु कुमारी एवं शैलेंद्र कुमार उपस्थित थे।

# मसौढ़ी में दो अलग-अलग जगहों से दो छात्र लापता, थाने में गुमशुदगी दर्ज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी**। मसौढी थाना क्षेत्र से दो अलग-अलग स्थानों से दो छात्र लापता होने की खबर सामने आई है। परिजनों ने मसौढ़ी थाने में उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पहला मामला तारेगना चकिया का है, जहां एक निजी स्कूल के हॉस्टल में रहने वाले 11 वर्षीय दिलखुश कुमार स्कूल से लापता हो गए। उनके पिता राकेश कुमार ने इस संबंध में थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

वहीं दूसरा मामला श्यामनगर का है, जहां कोचिंग जाने के बाद युवक पवन कुमार (पिताः वीरेंद्र प्रसाद) घर नहीं लौटे। दोनों मामलों में पुलिस ने गहनता से छानबीन शुरू कर दी है और लापता छात्रों की खोज जारी है।

# दर्द से बेहाल मरीज ने डॉक्टर के साथ की गाली-गलौज व मारपीट

**चिकित्सक ने दर्ज कराई प्राथमिकी**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली**। अनुमंडलीय अस्पताल में बीते शनिवार की रात्रि लगभग 7:55 मिनट पर बहादुरपुर पंचायत के अदलबिगहा गांव से सुरेश यादव अंगुली टूटा हुआ मरीज दर्द से बेहाल अपने परिजनों के साथ इलाज करवाने पहुंचा।इलाज के क्रम में मरीज ने ड्यूटी पर रहे चिकित्सक डॉ. अनुज कुमार को भद्दी-भद्दी गालियां देने लगा,जिसका चिकित्सक द्वारा विरोध किए जाने पर मरीज ने मारपीट भी की। अस्पताल में कार्यरत चिकित्सकों ने घटना की गहरी निंदा की। साथ ही मरीज के विरुद्ध थाने में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी भी दर्ज करवाई है। बुद्धिजीवी वर्ग के लोगों डॉक्टर के साथ की गई मारपीट की घंटा की निंदा की है। वहीं पीड़ित मरीज एवं उसके परिजनों से उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया,किंतु उनका पक्ष सामने नहीं आ पाया।

मारपीट के बाद घंटों स्वास्थ्य सेवा रही बाधित मरीज द्वारा डॉक्टर के साथ अभद्र व्यवहार और मारपीट को लेकर अस्पताल में पदस्थापित चिकित्सकों ने रोष जताया एवं प्राथमिकी दर्ज होने के बाद काम पर लौटने की बात कही। इधर अस्पताल में भर्ती अन्य मरीजों को शनिवार की रात्रि से लेकर रविवार की सुबह तक डॉक्टर का इंतजार करना पड़ा।हालांकि जीएनएम द्वारा मरीजों की देखभाल की जाती रही।रविवार को प्रभारी डीएस डॉ. दिलीप कुमार द्वारा आवश्यक निर्देश दिए जाने के बाद अस्पताल में चिकित्सक पुनः अपने कार्यों में जुट गए।

# पितृपक्ष मेला महासंगम 2025 का भव्य समापन

## पितृपक्ष मेला केवल धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि भारत की सनातन संस्कृति और परंपरा का अद्वितीय प्रतीक : मंत्री डॉ. प्रेम कुमार




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** गया जी में आस्था और श्रद्धा के महासंगम पितृपक्ष मेला 2025 का समापन भव्य और ऐतिहासिक रूप से सम्पन्न हुआ। समापन समारोह में सहकारिता मंत्री डॉ0 प्रेम कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। समारोह को संबोधित करते हुए डॉ0 प्रेम कुमार ने कहा कि पितृपक्ष मेला केवल धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि भारत की सनातन संस्कृति और परंपरा का अद्वितीय प्रतीक है। यह मेला गया जी की आस्था को विश्व स्तर पर पहचान दिलाता है और यहां आने वाले लाखों श्रद्धालु अपने पितरों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। मंत्री ने कहा कि मेला को सफल बनाने में जिला प्रशासन, धार्मिक संगठनों, सामाजिक संस्थाओं एवं स्थानीय जनता का अतुलनीय योगदान रहा है। सभी के संयुक्त प्रयासों से इस बार का आयोजन पहले से कहीं अधिक सुव्यवस्थित और प्रभावी रहा। डॉ0 प्रेम कुमार ने विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र भाई मोदी ने हृदय योजना के तहत गया जी के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व को देखते हुए यहां के विकास की दिशा में अभूतपूर्व कदम उठाए हैं। उज्जैन महाकाल कॉरिडोर एवं काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के तर्ज पर गयाजी बोधगया कॉरिडोर का कार्य जल्द ही धरातल पर दिखाई देगा। वहीं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रयासों से फल्गु नदी पर रबर डैम का निर्माण समेत अनेक महत्वपूर्ण कार्य संपन्न हुए हैं जिनसे श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा मिली है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की ओर से पितृपक्ष मेला को विश्व स्तरीय स्वरूप देने का प्रयास निरंतर जारी है। आने वाले वर्षों में और अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी जिससे श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। मंत्री ने अंत में कहा मैं बिहार सरकार की ओर से गया जी के वासियों, प्रशासनिक पदाधिकारियों, धार्मिक व सामाजिक संगठनों को धन्यवाद देता हूं जिनकी मेहनत और निष्ठा के कारण पितृपक्ष मेला महासंगम 2025 सफल और यादगार बन सका।

# मगध विश्वविद्यालय में मीर तकी मीर की जयंती पर दीवार पत्रिका का विमोचन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के स्नातकोत्तर उर्दू विभाग में शहंशाह-ए-गजल मीर तकी मीर की जयंती के अवसर पर एक दीवार पत्रिका (वॉल मैगजीन) का विमोचन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन सीनियर सहायक प्रोफेसर डॉ. शकीला निगार के निर्देशन में हुआ। दीवार पत्रिका में मीर तकी मीर का संक्षिप्त परिचय, उनकी गजल लेखन कला, उर्दू गजल की दुनिया में उनके योगदान और उनकी प्रमुख गजलों को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर डॉ. शकीला निगार ने दीवार पत्रिका के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा यह माध्यम छात्र-छात्राओं को उर्दू साहित्य के लेखकों, कवियों, विभिन्न विधाओं और साहित्यिक आंदोलनों की बुनियादी जानकारी प्रदान करता है। यह स्वशिक्षण का एक सुंदर और प्रभावी जरिया है, जो विद्यार्थियों को आत्म-निर्भर बनने में मदद करता है। इस पत्रिका को तैयार करने में एम.ए. सत्र 2024-26 की छात्राओं मिद्हत आमिर, फतहुन निसा, नेहा परवीन, खुशनुमा परवीन, खुशबू परवीन, शमा परवीन और रोशन कोनैन ने उत्साहपूर्वक योगदान दिया। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ. अबुललैस शम्सी, डॉ. शाहिद रिजवी, डॉ. तरन्नुम जहां, डॉ. सिम्मी इकबाल, असिस्टेंट लाइब्रेरियन निकहत और शगुफ्ता शाहीन सहित अन्य छात्र-छात्राओं ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। यह आयोजन न केवल मीर तकी मीर के साहित्यिक योगदान को याद करने का अवसर बना, बल्कि उर्दू साहित्य के प्रति छात्रों में रुचि और स्वशिक्षण की भावना को भी प्रोत्साहित करने में सफल रहा।

# कुलपति प्रो एसपी शाही की अध्यक्षता में अंगीभूत महाविद्यालय के प्राचार्यों की हुई बैठक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया।** मगध विश्विद्यालय अन्तर्गत शिक्षा विभाग के सभागार में कुलपति प्रो एसपी शाही की अध्यक्षता में अंगीभूत महाविद्यालय के प्राचार्यों की एक साथ एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में लड़कियों एवं अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के छात्रा छात्राओं से शिक्षण शुल्क नहीं लेने का निर्णय लिया गया। इस राशि की क्षति- पूर्ति हेतु सरकार को अवगत कराने के लिए कुलसचिव प्रो बिनोद कुमार मंगलम को अधिकृत किया गया। बैठक सीसीडीसी डॉ संजय कुमार तिवारी, अध्यक्ष छात्र कल्याण प्रो ब्रजेश कुमार राय भी मौजूद रहे। बैठक में अजीमजी प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा छात्राओं को दी जाने वालीं छात्रवृति के बारे में जानकारी दी गई। स्नातक के छात्र-छात्राओं के लिया एचसीएल द्वारा प्लेसमेंट कराए जाने सम्बंधित जानकारी भी दी गई। कुलपति ने छात्र हित में पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करने के लिए कई दिशा निर्देश दिए। बैठक के अंत में कुलसचिव ने सभी को बैठक में सहभागिता के लिए धन्यवाद किया।

# महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा के जन्मदिवस पर किया वृक्षारोपण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड में अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की महिला कार्यकर्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित रविवार को किया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित किया गया। प्रदेश सचिव, बिहार प्रदेश महिला कांग्रेस सह कोंच पैक्स अध्यक्ष रिया कुमारी के नेतृत्व में और गया जिला प्रभारी रेखा हिरन की मौजूदगी में महिला कांग्रेस की कार्यकर्ताओं ने विभिन्न स्थानों पर पौधे लगाकर पर्यावरण संवर्धन की दिशा में अपना योगदान दिया। इस अवसर पर कुल 51 पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने संकल्प लिया कि वे इन पौधों की नियमित देखभाल करेंगे और पर्यावरण संरक्षण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएंगी।

# हाइवा की चपेट में आने से अधेड़ की मौत, सड़क पर घंटों लगा जाम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** गया जिला के डोभी थाना क्षेत्र के करमौनी गांव के समीप रविवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में 50 वर्षीय शिवन मांझी की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शिवन मांझी सड़क किनारे बैठकर आराम कर रहे थे। उसी दौरान सड़क पर पहले से खड़ी हाइवा को उसका चालक बिना पीछे देखे लापरवाही से बैक करने लगा।

अचानक वाहन के पीछे आते ही शिवन मांझी उसकी चपेट में आ गए और मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई और देखते-ही-देखते सड़क पर लंबा जाम लग गया। ग्रामीणों ने चालक की लापरवाही पर कड़ा आक्रोश व्यक्त किया और प्रशासन से उचित कार्रवाई की मांग की। सूचना पाते ही डोभी थाना पुलिस दल-बल के साथ मौके पर पहुंची और भीड़ को शांत कर स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एएनएमएमसीएच) भेज दिया।

# दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** रविवार को टिकारी थाना परिसर में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। शांति समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे टिकारी थानाध्यक्ष चंद्रशेखर कुमार ने कहा कि बिना लाइसेंस के पंडाल निर्माण व प्रतिमा स्थापित नही करने की बात कही। साथ ही साथ तय अवधि के भीतर विसर्जन करने व डीजे का उपयोग नही करने की बात कही। बैठक में मौजूद सदस्यों ने बेलहड़िया में पुलिस बल की मांग, नवमी व दशमी तिथि को बाजार क्षेत्र में वाहनों के आवागमन पर रोक लगाने की मांग की। थानाध्यक्ष श्री चंद्रशेखर ने कहा कि किसी भी हाल में उपद्रव को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ ही साथ उपद्रव करने की स्थिति में सम्बंधित कमिटी के सदस्यों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी। श्री कुमार ने कमिटी के सदस्यों का परिचय पत्र सत्यापन करा जारी करवाने का निर्देश दिया। बैठक में गणेश प्रसाद, भोला वैध, अरशद आलम, प्रभु रजक, जीतनी देवी, गुड्डू कुमार, रणजीत कुमार, अक्षय चौधरी, रितेश कुमार सहित कई लोग शांति समिति के बैठक में शामिल हुए।

# आंती थाना में दशहरा को लेकर शांति समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच।** आंती थाना परिसर में रविवार को दशहरा पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर शांति समिति की बैठक दोपहर 3 बजे आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने की। बैठक में बताया गया कि क्षेत्र के आंती, चन्दैनी, काबर, खवासपुर और चबुरा गांवों में मूर्ति स्थापना की जाएगी। साथ ही आंती में विजयादशमी तथा चन्दैनी में एकादशी के अवसर पर मेला का आयोजन होगा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत आंती में जागरण, काबर में रामलीला, चन्दैनी में दुगोला और विजयादशमी की शाम काबर में रावण दहन का आयोजन करने की रूपरेखा तय की गई। आंती मुखिया प्रतिनिधि संजय यादव ने कार्यक्रमों के महत्व और तैयारी पर विस्तार से प्रकाश डाला। थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने पर्व के दौरान सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि जुलूस के मार्ग में बाधा उत्पन्न न हो, ध्वनि विस्तारक यंत्रों की आवाज निर्धारित सीमा से अधिक न हो और किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दिया जाए। भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा के लिए पुलिस बल की तैनाती रहेगी। मौके पर एसआई मीरा कुमारी, एएसआई दशरथ सिंह, एएसआई मुस्तफा कमाल सहित कई पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे। वहीं सामाजिक कार्यकर्ताओं में पुण्यदेव यादव, संजय सिंह, गुड्डू कुमार रौशन, मोहम्मद हसनैन, चंचल यादव, मोहम्मद ताजुद्दीन, मोहम्मद सगीर, रामाशीष यादव, उपेंद्र यादव समेत बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे। सभी ने मिलकर पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से सम्पन्न कराने का संकल्प लिया।

# स्वच्छ हाथ, स्वस्थ जीवन गृहविज्ञान विभाग एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय के गृहविज्ञान विभाग एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में गृह विज्ञान विभाग की छात्राओं ने प्राथमिक विद्यालय, मगध विश्वविद्यालय बोधगया में आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर गृहविज्ञान विभाग की समस्त शिक्षिकाएं और छात्राएं उपस्थित रहीं। प्राथमिक विद्यालय के सभी शिक्षकगण भी कार्यक्रम में सहभागी बने और बच्चों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी आदतों को प्रोत्साहित करना था। छात्राओं ने बच्चों को हाथ धोने की सात चरणीय विधि का प्रदर्शन किया। पहले चरण में दोनों हथेलियों को आपस में रगड़ना, दूसरे चरण में हाथों की पीठ को साफ करना, तीसरे चरण में उंगलियों के बीच झाग बनाकर धोना, चौथे चरण में नाखूनों के नीचे की गंदगी हटाना, पांचवें चरण में अंगूठों को घुमाकर साफ करना, छठे चरण में कलाई को धोना और सातवें चरण में साफ कपड़े या तौलिए से हाथ पोंछना बताया गया। बच्चों ने इन चरणों को ध्यान से सीखा और व्यवहारिक अभ्यास भी किया। प्राथमिक विद्यालय के अध्यापक राकेश कुमार ने इसे बच्चों के लिए अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि जीवनशैली और स्वास्थ्य आदतों का विकास भी उतना ही महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के अंत में यह संदेश दिया गया कि स्वच्छ हाथ ही स्वस्थ जीवन की गारंटी हैं और सही तरीके से हाथ धोना रोगों से बचाव का सबसे सरल और प्रभावी उपाय है।

# जेपी सेनानी के निधन पर शोक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बाराचट्टी (गया)।** बाराचट्टी प्रखंड के गोसाई पेसरा निवासी जेपी सेनानी जानकी दास का एक निजी अस्पताल गयाजी में निधन हो गया। वे 86 वर्ष के थे। जानकी दास के निधन से समाज में शोक की लहर छा गया। वे एक संघर्षशील व्यक्ति थे। जेपी आंदोलन हो या बोधगया किसान आंदोलन हो, उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाया। आपातकाल के दौरान वे जेल गए। पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार बाराचट्टी के गोसाई पेसरा घाट पर किया गया। उनके निधन पर शोक व्यक्त करने वालों में जेपी सेना अखौरी निरंजन, जेपी सेनानी प्रो. मुद्रिका नायक, जेपी सेनानी सह जिला खादी समिति के पूर्व अध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव, ग्राम निर्माण मंडल अध्यक्ष प्रभा कुमार , प्रधानमंत्री अरविन्द कुमार, दिलीप मंडल, सुनील कुमार, अशोक कुमार, दिलीप मंडल, मोहन पांडे, अनिल कुमार सिंह, अखिलेश कुमार सिंह, राजेश सिन्हा, कैलाश प्रसाद, सामाजिक कार्यकत्ता कारू' भाई, लोक समिति के संयोजक कौशल गणेश आजाद, कपिलदेव मिस्त्री, बोधगया के व्यवस्थापक धर्मेन्द्र कुमार, शिव बच्चन यादव, कुलदीप प्रसाद, महेश पाल जगनारायण जायसवाल, सुरेन कुमार, रामप्रवेश प्रसाद, सहदेव प्रजापति, दिनेश मंडल, वीरेंद्र कुमार, श्रवण कुमार पंकज पांडेय सहित अन्य शामिल हैं।

# अलग-अलग मामलों में एक दर्जन आरोपित गये जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** पुलिस ने थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगहों से शनिवार की रात छापेमारी कर पुलिस ने 46 केन और 16 बोतल कुल 28 लीटर विदेशी शराब के आरोप में महिला पुरुष सहित 7 लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दी है। शराब की तस्करी मामले में धोनी कुमार लीपगंज चट्टी, विपीन कुमार राममंदिर एवं एक महिला वहीं ई रिक्शा से शराब ले जाने के मामले में विकास कुमार एवं श्रवण कुमार बोधगया को जेल भेजा गया है। इसके अलावा पंकज कुमार साहू छत्तीसगढ़ को भी शराब का आरोपित होने के मामले में न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। इन लोगों के पास से 39 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई है जबकि कमलेश कुमार समोद बीघा को पत्नी के साथ मारपीट करने के आरोप में प्राथमिकी के आलोक में जेल जाना पड़ा। थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि विशेष छापेमारी अभियान के तहत उक्त आरोपित पकड़े जाने के बाद जेल भेजे गए हैं।

## प्रेमी युगल फरार, सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो से मचा बवाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र के एक गांव से बीती रात शादी की नीयत से प्रेमी युगल फरार हो गया। अगले दिन दोनों का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ जिसमें उन्होंने कहा कि वे अपनी मर्जी से घर छोड़कर कोर्ट मैरिज कर चुके हैं और खुशहाल जीवन जी रहे हैं। उन्होंने परिजनों और समाज से भी खुश रहने की अपील की। वीडियो वायरल होते ही क्षेत्र में चर्चा के साथ आक्रोश भी फैल गया। कुछ लोग इसे सामान्य प्रेम प्रसंग बता रहे हैं, तो वहीं कुछ इसे लव जिहाद से जोड़कर देख रहे हैं।

# दशहरा पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** रविवार को नव पदस्थापित थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार ने दशहरा पर्व को लेकर थाना परिसर में शांति समिति का बैठक किया। बैठक में क्षेत्र के पूजा समिति से संबंधित दर्जनों लाइसेंस धारक सहित दर्जनों आम लोग उपस्थित रहे। बैठक में थानाध्यक्ष ने कहा कि पूजा के नाम पर किसी भी प्रकार का डांस कार्यक्रम नहीं होगा। आयोजक इस प्रकार के कार्यक्रम को रद्द कर लें साथ ही साथ कहा कि प्रत्येक पूजा स्थल पर आयोजक सीसीटीवी कैमरे का व्यवस्था करें एवं डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा वहीं निवेदन करते हुए कहा कि पर्व को हर्षोल्लास से मनाये किसी को जानबूझकर परेशान करने की चेष्टा नहीं करें। पुलिस आपकी सेवा में सदैव तत्पर रहेगी।


MAGADH DUGDH UTPADAK SAHKARI SANGH LTD.

मगध दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0, गया

COMFED

Unit of: BIHAR STATE MILK CO-OPERATIVE FEDERATION LTD.

काम्फेड के आदेश सं. 9528 दिनांक 20.09.2025 के आलोक में वित्तीय कमिटि के अनुशंसा में दुग्ध जन्य पदार्थ उत्पाद और सलील सुधा का जी.एस.टी. दरों में संशोधन किया गया है। नया संशोधित वितरक दर, रिटेलर दर एवं उपभोक्ता दर निम्न प्रकार है:-

| S.I. | Products | Existing Rate MRP/Pack | New MRP/Pack |
|---|---|---|---|
| 1 | Ghee Low Cholestorol 200 ml jar | 150 | 148 |
| 2 | Ghee Low Cholestorol 500 ml Jar | 350 | 345 |
| 3 | Table Butter 50 gm | 32 | 31 |
| 4 | Table Butter 100 gm | 56 | 55 |
| 5 | Table Butter 500 gm | 275 | 270 |
| 6 | Cooking Butter (Unsalted) 500 gm | 280 | 275 |
| 7 | Paneer 100 gm (V.Pack) | 46 | 46 |
| 8 | Paneer 200 gm (V.Pack) | 85 | 85 |
| 9 | Paneer 500 gm (V.Pack) | 205 | 205 |
| 10 | Paneer 1 Kg (V.Pack) | 400 | 400 |
| 11 | Paneer 100 gm (Thermoforming Pack) | 47 | 46 |
| 12 | Paneer 200 gm (Thermoforming Pack) | 90 | 85 |
| 13 | Paneer 500 gm (Thermoforming Pack) | 210 | 205 |
| 14 | Mozzarella Cheese 200 gm | 140 | 138 |
| 15 | Mozzarella Cheese 500 gm | 340 | 335 |
| 16 | Cheese Spread 200 gm | 70 | 68 |
| 17 | TP. Milk 200 ml Tond | 16 | 16 |
| 18 | T.P. Milk 1000 ml Tond | 74 | 73 |
| 19 | T.P. Milk 200 ml D. Tond | 70 | 68 |
| 20 | T.P. Flavour Milk 200 ml | 20 | 20 |
| 21 | Pet Bottle Flavoured Milk 200 ml | 25 | 25 |
| 22 | Belgian Pet Bottle Flav. Milk 200 ml | 30 | 30 |
| 23 | T.P. Apple Juice 200 ml | 25 | 24 |
| 24 | T.P. Litchi Drink 200 ml | 20 | 18 |
| 25 | T. P. Mango Drink 200 ml | 15 | 13 |
| 26 | T.P. Sweet Lassi 200 ml | 20 | 20 |
| 27 | T.P. Spiced Butter Milk 200 ml | 15 | 15 |
| 28 | Pet Bottle Haldi Doodh Flav. Milk 200 ml | 25 | 23 |
| 29 | Elecster Tond Milk P. 200 ml | 15 | 14 |
| 30 | Elecster Tond Milk P. 500 ml | 33 | 32 |
| 31 | Elecster Tond Milk P. 1000 ml | 64 | 63 |
| 32 | Elecster SM 500 ml | 35 | 34 |
| 33 | Pet Bottle Flav. Milk 200 ml Railway | 30 | 28 |
| 34 | Pouch Lassi 200 ml Railway | 20 | 20 |
| 35 | SPL. Pouch Ghee 500 ml | 320 | 315 |
| 36 | SPL. RT Pack Ghee 500 ml | 330 | 325 |
| 37 | SPL RT Pack Ghee 1000 ml | 640 | 630 |
| 38 | SPL. Tin Pack Ghee 15 Kg | 9660 | 9510 |
| 39 | SPL. Tin Pack Ghee 1 Kg | 650 | 640 |
| 40 | SPL. Cow Ghee 1 Ltr. Pet Jar | 675 | 665 |
| 41 | SPL. Tin Pack Cow Ghee 15 Kg | 10245 | 10100 |
| 42 | SPL. Pouch Ghee 30 ml | 20 | 19 |
| 43 | SPL. Pouch Ghee 50 ml | 40 | 38 |
| 44 | SPL. Pet Jar Ghee 200 ml | 138 | 135 |
| 45 | Pouch Lassi - 180 ml | 15 | 15 |
| 46 | Pouch Lassi 150 ml | 12 | 12 |
| 47 | Pouch Lassi 140 ml | 10 | 10 |
| 48 | Pouch Lassi 200 ml (Railway Supply) | 20 | 20 |
| 49 | Mattha 180 ml | 12 | 12 |
| 50 | Mango Lassi 200 ml | 18 | 18 |
| 51 | Mango Lassi 140 ml | 12 | 12 |
| 52 | Flavoured Milk 200 ml (Kesar) | 25 | 25 |
| 53 | Flavoured Milk 200 ml (Coffee) | 25 | 25 |
| 54 | SS Ghee 500 ml Poly Pack (Per Kg.) | 320 | 315 |
| 55 | Salil Sudha 250 ml | 6 | 6 |
| 56 | Salil Sudha 500 ml | 10 | 9 |
| 57 | Salil Sudha 1000 ml | 20 | 18 |
| 58 | Salil Sudha 2000 ml | 30 | 28 |

नया MRP मुद्रित पॉलीफिल्म/पैक होने तक वर्तमान में उपलब्ध पुराने MRP अंकित पॉलीफिल्म / पैक में ही विभिन्न प्रकार के सुधा दुग्ध जन्य पदार्थ की आपूर्ति की जायेगी। सभी माननीय उपभोक्ताओं / रिटेलरों से पूर्ववत सहयोग अपेक्षित है।

अतः संशोधित दर दिनांक 22.09.2025 के प्रभावी तिथि से अगले आदेश तक लागू रहेगी।

प्रबंध निदेशक

Sudha PRIDE OF BIHAR

गया डेयरी, कटारी हिल रोड, गया- 823001

संपादकीय

# चुनाव आयोग जांच तो करे!

कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अपने 'वोट चोरी आरोप अभियान' के दूसरे चरण में एक और बम फोड़ा। उन्होंने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन देने के साथ यह दावा किया कि कर्नाटक और महाराष्ट्र में ऑनलाइन तरीके से उन वोटरों के नाम हटा दिए गए, जो कांग्रेस समर्थक थे। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर सीधा आरोप लगाया कि वो 'वोट चोरी को संरक्षण' दे रहे हैं। राहुल ने यह कहकर भी चौंकाया कि ये सारे आंकड़े उन्हें चुनाव आयोग से ही मिल रहे हैं। इन आरोपों के जवाब में हमेशा की तरह चुनाव आयोग ने कहा कि राहुल गांधी के आरोप बेबुनियाद हैं। वोटर लिस्ट से ऑन लाइन किसी का नाम नहीं हटाया जा सकता। साल 2023 में कर्नाटक के अलंद विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं के नाम डिलीट करने के कुछ असफल प्रयास हुए थे। इस मामले की जांच के लिए खुद चुनाव आयोग ने एफआईआर दर्ज करवाई थी। 2023 के चुनाव में यहां से कांग्रेस प्रत्याशी ने जीत हासिल की थी। इसके पूर्व दिल्ली में अपनी पत्रकार वार्ता में राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि मतदाता सूची से कांग्रेस समर्थक वोटरों के नाम फर्जी लॉग-इन के जरिये डिलीट किए गए। चोरी किए गए वोट महिलाओं, दलितों और आदिवासियों के हैं और टारगेट करके डिलीट किए गए हैं। प्रेजेंटेशन के पहले राहुल गांधी ने कहा कि ये हाइड्रोजन बम नहीं है। हाइड्रोजन बम तो आने वाला है। कर्नाटक की अलंद सीट का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि कर्नाटक के इस निर्वाचन क्षेत्र में किसी ने 6,018 वोट हटाने की कोशिश की। हमें पता नहीं कि 2023 के चुनाव में अलंद में कुल कितने वोट हटाए गए थे। वे 6,018 से बहुत ज़्यादा हैं। यह मामला संयोग से पकड़ा गया, जब वहां के बूथ स्तरीय अधिकारी ने देखा कि उनके अंकल का वोट हटा दिया गया है। उसने जांच की तो पता चला कि एक पड़ोसी ने वह वोट हटाया था। पड़ोसी से पूछा तो उसने भी कहा कि मैंने नहीं हटाया। यानी किसी और ताकत ने प्रक्रिया को हाईजैक कर वोट हटा दिए। यही नहीं उन्होंने सोशल मीडिया पर जेन जी से आह्वान किया कि वह संविधान बचाने आगे आए। इस पर भाजपा प्रवक्ता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि राहुल गांधी न तो संविधान को समझते हैं और न ही चुनाव प्रक्रिया को। अगर जनता उन्हें वोट नहीं देती तो हम क्या करें? राहुल के आरोपों में कितनी सच्चाई है, कहना मुश्किल है, लेकिन वो इसका राजनीतिक उद्देश्य से बड़ी कुशलता से इस्तेमाल कर रहे हैं। पिछली बार भी उन्होंने ऐसे ही आरोप लगाए थे। जब चुनाव आयोग ने उनसे हलफनामा देने को कहा तो वो मुकर गए। राहुल की रणनीति साफ है, वो माहौल बनाते रहेंगे। यह जिम्मेदारी चुनाव आयोग की है कि वो सारे आरोपों की निष्पक्ष जांच करवाकर दूध का दूध और पानी का पानी करे। केवल आरोपों को खारिज करने अथवा सफाइयां देने से कुछ नहीं होगा। आयोग आरोपों की सत्यता की जांच कर निष्कर्ष देश के सामने रखे। अगर कहीं कोई गड़बड़ी? नहीं है जांच करवाने में दिक्कत क्या है? सच्चाई सामने रखने पर राहुल के आरोपों की पोल स्वतः खुल जाएगी। राहुल के पीछे कुछ ताकतें काम कर रहीं हैं। जिनका मकसद देश का माहौल खराब करना है। लेकिन यदि आयोग के मन में कोई काला नहीं है तो जांच करवाने में परेशानी क्या है? जांच न करने से तो यही संदेश जा रहा है कि आयोग कहीं न कहीं कुछ छिपा रहा है। यह चिंताजनक स्थिति है और भारतीय चुनाव प्रणाली की प्रामाणिकता पर प्रश्न चिन्ह भी है।

# जी एस टी बनाम जी एस टी



सुमन कुमार झा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लोगों को नवरात्रि, दीपावली और छठ का उपहार जीएसटी की सफलता कि कहानी है और खासकर इसकी घोषणा सीमांचल के पूर्णिया के जन सभा में करना इस बात कि पुष्टि है कि जीएसटी अब गरीबों को सुविधा पहुँचाने वाला टैक्स हो गया है। विपक्ष जीएसटी का नया नामकरण 'गब्बर सिंह टैक्स' दिया है जबकि आम जन इसे 'गरीब सुविधा टैक्स' कहना शुरू कर दिया है।

2-3 सितम्बर, 2025 में केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारामन की अध्यक्षता में जीएसटी परिषद् की 56वीं बैठक नई दिल्ली में आयोजित हुई। जीएसटी परिषद् ने अन्य विषयों के अतिरिक्त, लोगों, आम आदमी, महत्वाकांक्षी मध्यम वर्ग को राहत प्रदान करने और जीएसटी में व्यापार को सुगम बनाने के उपायों के लिए जीएसटी टैक्स दरों में बदलाव से संबंधित सिफारिशें कीं। संशयों के समाधान के लिए एफएक्यू भी जारी किए जा रहे हैं। 56वीं जीएसटी परिषद् की ओर से की गई सिफारिशें कि अब टैक्स के दो ही स्लैब होंगे। 8 वर्ष, 02 महीना, 21 दिन में चार स्लैब से टैक्स का दो स्लैब हो गया।

लेकिन यह सुविधा पहुँचाने वाला टैक्स लम्बे समय तक जटिल और बहुस्तरीय रही। अलग-अलग राज्यों के अपने-अपने कर, केंद्र सरकार के कर, और इनके बीच होने वाले विवादों के कारण व्यापारियों और उद्योगपतियों को बड़ी परेशानियाँ झेलनी पड़ती थीं। इस स्थिति को सुधारने और पूरे देश में ÷एक राष्ट्र, एक कर÷ व्यवस्था लागू करने के लिए वस्तु एवं सेवा कर की परिकल्पना की गई।

भारत में जीएसटी लागू करने का विचार 2000 के दशक के आरंभ में उठा था। केंद्र सरकार ने विभिन्न कर सुधारों के लिए समितियाँ बनाई थीं। 2006 में पहली बार वित्त मंत्री पी. चिदंबरम ने जीएसटी को लागू करने की घोषणा की, लेकिन राज्यों और केंद्र के बीच कर-राजस्व बाँटने पर असहमति के कारण यह लागू नहीं हो सका।

जीएसटी लागू करने की इस लंबी और चुनौतीपूर्ण प्रक्रिया में कई नेताओं, अर्थशास्त्रियों और नीति-निर्माताओं की भूमिका रही। लेकिन बिहार के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी का योगदान सबसे अलग और महत्त्वपूर्ण रहा। उन्हें जीएसटी का ÷आर्किटेक्ट÷ (वास्तुकार) भी कहा जाता है, क्योंकि उन्होंने राज्य और केंद्र के बीच सहमति बनाने, जीएसटी काउंसिल की बैठकों में सक्रिय नेतृत्व करने और विपक्षी दलों के नेताओं को भी साथ लाने में अहम भूमिका निभाई।

2014 में नरेंद्र मोदी सरकार बनने के बाद इस पर तेज़ी से काम हुआ। 2016 में संसद ने संविधान संशोधन विधेयक पारित किया और 1 जुलाई 2017 को पूरे देश में जीएसटी लागू हुआ। इसका उद्देश्य था, ÷एक देश, एक कर, एक बाजार÷। इससे पहले एक्साइज, वैट, सर्विस टैक्स, एंट्री टैक्स जैसे कई अलग-अलग कर थे, जिन्हें मिलाकर जीएसटी लागू किया गया।

जीएसटी में चार श्रेणियाँ थीं, 5त्न, 12त्न, 18त्न, 28त्न नए सुधारों के बाद मुख्य रूप से दो टैक्स दरें होंगी, 5त्न और 18त्न। इसके अलावा, खास किस्म की लक्ज़री व साईं गुड्स (÷स्द्बठ्ठ द्दशश्स्रह्य÷) (नशेड़ी या विशेष ÷हानि पहुंचाने वाले÷ व् लग्ज़री आइटम) के लिए एक 40त्न का टैक्स स्लैब भी होगा। कुछ वस्तुएँ और सेवाएँ जीएसटी से पूरी तरह मुक्त होंगी। उदाहरण के लिए ज़रूरी दवाइयाँ, पनीर या चीज़ जैसी डेयरी सामान, कुछ बेसिक खाद्य सामान आदि। इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे टीवी, एसी आदि जो पहले 28त्न पर थे, अब 18त्न स्लैब में आएँगे। 'साईं गुड्स' जैसे कि बिडी, सिगरेट, पान मसाला, आदि पर मौजूदा दरें फिलहाल बनी रहेंगी क्योंकि उनसे जुड़े 'कम्पंसेसन सेस' आदि अभी पूरी तरह से खत्म नहीं हुए हैं।



जीएसटी रिफॉर्म का मुख्य उद्देश्य 'कर' ढाँचा को सरल और पारदर्शी बनाना सामान्य गृह एवं कर वर्गीकरण में विवाद को ख़त्म करना है ताकि आम उपभोक्ताओं पर ज़रूरत के सामानों की कीमतों को कम करना, ख़रीददारी की शक्ति बढ़ाना, महँगी वस्तुओं, लक्ज़री एवं हानिकारक वस्तुओं पर अधिक कर लगा कर राजस्व संतुलन को बनाये रखना ताकि सरकार की आमदनी बहुत अधिक प्रभावित न हो। जैसे ÷इनवर्टेड ड्यूटी÷ यानि जब किसी वस्तु को बनाने में उपयोग होने वाले सामान पर ज्यादा टैक्स लगता है, लेकिन तैयार वस्तु बेचने पर कम टैक्स लगता है, तब यह स्थिति इनवर्टेड ड्यूटी कहलाती है। इससे कारोबारियों को इनपुट टैक्स क्रेडिट तो अधिक मिलता है, लेकिन आउटपुट पर कम जीएसटी होने के कारण उस क्रेडिट का पूरा उपयोग नहीं हो पाता। नतीजतन व्यवसायियों को टैक्स रिफंड की आवश्यकता पड़ती है, जिससे उनका कैश फ्लो प्रभावित होता है।

तत्कालीन केंद्रीय वित्त मंत्री अरुण जेटली जीएसटी लागू करने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने राज्यों और केंद्र के बीच संवाद की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाया। जीएसटी काउंसिल का गठन उनकी पहल पर हुआ, जिसमें राज्यों के वित्त मंत्री और केंद्र सरकार के प्रतिनिधि शामिल थे। जेटली ने विपक्षी राज्यों को भी विश्वास में लिया और सहमति बनाने की कला से इस सुधार को सफल बनाया। उन्होंने इसे भारत की संघीय संरचना का बेहतरीन उदाहरण बताया।

तत्कालीन वित्त मंत्री दिवंगत प्रणव मुखर्जी ने सुशील मोदी को जीएसटी पर बनी वित्त मंत्रियों की प्राधिकृत समिति का अध्यक्ष बनाया। बिहार विधानसभा में जीएसटी बिल पास कराने में सुशील मोदी की मुख्य भूमिका रही। कम्पेनसेशन (राज्यों को नुकसान की भरपाई) का मुद्दा उठाने वाले वे प्रमुख नेताओं में रहे। शुरू में जीएसटी को लेकर व्यापारियों और छोटे कारोबारियों में असंतोष था। सुशील मोदी ने लगातार संवाद और संशोधन कर इसे व्यावहारिक और सरल बनाने की कोशिश की। उन्हें मिस्टर जीएसटी (÷स्रह्म्. त्रस्ञ्÷) भी कहा जाने लगा था। उन्होंने कहा था ÷जीएसटी भारत के टैक्सेशन सिस्टम में सबसे बड़ा सुधार है और इसे लागू करना हमारे लिए ऐतिहासिक कदम है।÷

सुशील मोदी जीएसटी काउंसिल की 20 से अधिक बैठकों में बार-बार कहा कि जीएसटी केवल केंद्र का नहीं, बल्कि सभी राज्यों का साझा कानून है। पंजाब, तमिलनाडु जैसे राज्यों को आशंका थी कि जीएसटी से उन्हें घाटा होगा। जीएसटी काउंसिल को एक ÷सहयोगात्मक संघवाद का आदर्श मंच बनाने में योगदान दिया। आज जब जीएसटी (गब्बर सिंह टैक्स) विपक्षी दलों के द्वारा कहा जाता था, से 'गरीब सुविधा टैक्स' बन गया है। सुशील मोदी जी कहते थे जीएसटी से देश को फायदा होगा। क्योंकि मुझे उनके साथ एक लंबे समय तक रहने का अवसर मिला था। मैंने उनसे 24×7 जीएसटी पर कार्य करते देखा। आज अगर वह हमारे बीच होते तो बहुत खुश होते।

बहरहाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असंभव लगने वाले टैक्स सुधार को कुशल राजनीतिक इच्छा शक्ति से एक राष्ट्रीय कर प्रणाली बना दिया और राष्ट्रीय कर को एक सूत्र में वैसे ही बांध दिया जैसा कि भारत को जोड़ने में रेल और टेलीग्राफ की भूमिका रही।

**(लेखक बिहार सरकार के स्वास्थ्य एवं विधि मंत्री श्री मंगल पांडेय के निजी सहायक हैं और ये उनके निजी विचार हैं)**

अध्यात्म

## ईश्वर में विश्वास रखें

चार साल से नयासर गाँव में बारिश की एक बूँद तक नहीं गिरी थी। सभी बड़े परेशान थे। हरिया भी अपने बीवी-बच्चों के साथ जैसे-तैसे समय काट रहा था। एक दिन बहुत परेशान होकर वह बोला- अरे ओ मुन्नी की माँ, जरा बच्चों को लेकर पूजा घर में तो आओ। बच्चों की माँ 6 साल की मुन्नी और 4 साल के राजू को लेकर पूजा घर में पहुंची। ईश्वर में विश्वास रखें- हरिया हाथ जोड़ कर भगवान् के सामने बैठा था, वह रुंधी हुई आवाज़ में अपने आंसू छिपाते हुए बोला- सुना है भगवान् बच्चों की जल्दी सुनता है, चलो हम सब मिलकर ईश्वर से बारिश के लिए प्रार्थना करते हैं.. सभी अपनी-अपनी तरह से बारिश के लिए प्रार्थना करने लगे। मुन्नी मन ही मन बोली- भगवान् जी मेरे बाबा बहुत परेशान हैं, आप तो सब कुछ कर सकते हैं, हमारे गाँव में भी बारिश कर दीजिये न। पूजा करने के कुछ देर बाद हरिया उठा और घर से बाहर निकलने लगा। आप कहाँ जा रहे हैं बाबा? -मुन्नी बोली। बस ऐसे ही खेत तक जा रहा हूँ बेटा -हरिया बाहर निकलते हुए बोला। अरे रुको-रुको.. अपने साथ ये छाता तो लेते जाओ - मुन्नी दौड़ कर गयी और खूंटी पर टंगा छाता ले आई। छाता देख कर हरिया बोला- अरे! इसका क्या काम, अब तो शाम होने को है, धूप तो जा चुकी है। मुन्नी मासूमियत से बोली- अरे बाबा अभी थोड़ी देर पहले ही तो हमने प्रार्थना की है, कहीं बारिश हो गयी तो। मुन्नी का जवाब सुन हरिया स्तब्ध रह गया। कभी वो आसमान की तरफ देखता तो कभी अपनी बिटिया के भोले चेहरे की तरफ। उसी क्षण उसने महसूस किया कि कोई आवाज़ उससे कह रही हो- प्रार्थना करना अच्छा है। लेकिन उससे भी ज़रूरी है इस बात में विश्वास रखना कि तुम्हारी प्रार्थना सुनी जायेगी और फिर उसी के तरह काम करना। हरिया ने फौरन अपनी बेटी को गोद में उठा लिया, उसके माथे को चूमा और छाता अपने हाथ में घुमाते हुए आगे बढ़ गया। हम सभी प्रार्थना करते हैं पर हम सभी अपनी प्रार्थना में पूर्णतः विश्वास नहीं करते। और ऐसे में हमारी प्रार्थना बस शब्द बन कर रह जाती है। सभी धर्मों में विश्वास की शक्ति का उल्लेख है, कहते भी हैं कि दृढ विश्वास हो तो इंसान पहाड़ भी हिला सकता है। और यही सत्य है, दशरथ मांझी के रूप में हमारे सामने इसका एक प्रत्यक्ष प्रमाण भी है। अतः अपनी पूजा को सही मायने में सफल होते देखना चाहते हैं तो ईश्वर में विश्वास रखें और ऐसे दर्शाए करें मानो आपको प्रार्थना सुनी ही जाने वाली हो और जब आप लगातार ऐसा करेंगे तो भगवान् आपकी ज़रूर सुनेगा।

# अर्थव्यवस्था की नई राह या राजस्व का नया संकट?

**वास्तव में जीएसटी 2.0 को भारतीय कर व्यवस्था में संक्रमण कालीन सुधार कहा जा सकता है। इससे उपभोक्ता को राहत मिलेगी, उपभोग और मांग बढ़ेगी, कर चोरी पर अंकुश लगेगा और रोजगार के अवसर पैदा होंगे। परंतु इसके साथ-साथ राजस्व घाटे, राज्यों की आपत्तियों और दीर्घकालिक संरचनात्मक सुधारों की कमी जैसे सवाल भी कायम हैं। यह सुधार तभी स्थायी और प्रभावी सिद्ध होगा जब केंद्र और राज्य मिलकर राजस्व साझा करने का संतुलित तंत्र विकसित करेंगे और कर प्रणाली को अधिक पारदर्शी तथा सरल बनाएँगे। इस तरह से जीएसटी 2.0 भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक सकारात्मक कदम है, किंतु इसे अंतिम सुधार नहीं माना जा सकता। यह उस लंबी यात्रा का हिस्सा है जिसमें भारत को न केवल कर संग्रहण की दक्षता बढ़ानी है, बल्कि कर ढाँचे को ऐसा स्वरूप देना है जो विकास, समानता और संघीय सहयोग के आदर्शों को सुदृढ़ कर सके।**

ममता कुशवाहा

भारत की अर्थव्यवस्था बीते एक दशक से बड़े कर सुधारों के दौर से गुजर रही है। इनमें वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सबसे व्यापक और महत्वाकांक्षी सुधारों में गिना जाता है, जिसने केंद्र और राज्यों के अप्रत्यक्ष कर ढांचे को एकीकृत कर दिया। वर्ष 2017 में लागू हुए इस कर ढांचे ने एक नई कर संस्कृति को जन्म दिया, जिसमें बहुस्तरीय करों की जगह एकीकृत प्रणाली अस्तित्व में आई। किंतु समय के साथ इस व्यवस्था की चुनौतियाँ भी सामने आईं- जटिल कर दरें, राजस्व संग्रहण में असमानता, कर चोरी की प्रवृत्ति और उपभोक्ताओं पर पड़ने वाला अतिरिक्त बोझ। ऐसे में हाल ही में प्रस्तावित जीएसटी 2.0 को एक बड़े सुधार के रूप में देखा जा रहा है, जिसने बहस को जन्म दिया है कि यह वास्तव में दीर्घकालीन सुधार है या फिर तत्कालीन दबावों को संतुलित करने की रणनीति।

जीएसटी परिषद ने सितंबर 2025 से लागू होने वाले इस बदलाव के तहत कई वस्तुओं और सेवाओं की कर दरों में संशोधन का निर्णय लिया है। उदाहरणस्वरूप, पहले जिन वस्तुओं और सेवाओं पर 5 प्रतिशत या 18 प्रतिशत कर लगता था, उनमें आंशिक कमी की गई है। इसका सीधा असर आम उपभोक्ता से लेकर उद्योग और राज्यों की वित्तीय स्थिति तक पड़ेगा। सरकार का तर्क है कि कर दरों को सरल और यथार्थवादी बनाना समय की मांग है, ताकि उपभोग बढ़े, आर्थिक गतिविधियों को गति मिले और कर चोरी पर रोक लगे। इस कदम के पीछे सबसे बड़ा तर्क उपभोग में बढ़ोतरी का है। भारतीय अर्थव्यवस्था की वर्तमान स्थिति में घरेलू खपत एक प्रमुख कारक है, जो सकल घरेलू उत्पाद (त्नष्ठक्क) को गति देता है। जब कर दरें घटेंगी तो वस्तुएं अपेक्षाकृत सस्ती होंगी, जिससे मध्यम वर्ग और निम्न आय वर्ग के उपभोक्ताओं का उपभोग बढ़ेगा। यह अतिरिक्त मांग उत्पादन को प्रेरित करेगी, उद्योगों की क्षमता का बेहतर उपयोग होगा और रोजगार सृजन की संभावनाएँ भी बढ़ेंगी। रोजगार बढ़ने से लोगों की क्रय शक्ति बढ़ेगी और इसका पुनः असर अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक पड़ेगा।

दूसरा बड़ा पहलू कर चोरी पर अंकुश का है। अब तक बहुविध कर दरों और जटिल कर ढांचे के कारण व्यापारी वर्ग में गलत वर्गीकरण की प्रवृत्ति बनी रहती थी, जिससे कर राजस्व का नुकसान होता था। नई व्यवस्था में दरों को तर्कसंगत और सीमित श्रेणियों में रखने की कोशिश हुई है। अनुमान है कि इससे कर चोरी में उल्लेखनीय कमी आएगी और राज्यों तथा केंद्र सरकार की आय में वृद्धि होगी।

हालाँकि इस सुधार के नकारात्मक पहलू भी उतने ही प्रबल हैं। कई राज्यों ने इस संशोधित ढांचे पर आपत्ति दर्ज की है। उनका कहना है कि दरों में कमी से कर राजस्व में गिरावट होगी, जिससे राज्यों की वित्तीय स्वायत्तता प्रभावित होगी। वित्तीय वर्ष 2025-26 में कर संग्रहण में होने वाली इस संभावित कमी को लेकर आशंका जताई जा रही है कि राज्यों का घाटा लगभग 48,000 करोड़ रुपये तक पहुँच सकता है। जबकि केंद्र का तर्क है कि बढ़ा हुआ उपभोग और विस्तृत कर आधार इस नुकसान की भरपाई कर देगा। सवाल यह है कि क्या वाकई अल्पकालिक घाटे की भरपाई दीर्घकाल में संभव होगी, या फिर राज्यों पर उधारी और राजकोषीय असंतुलन का बोझ बढ़ेगा।



एक और चुनौती असमानता की है। दरअसल, कर में कमी का सबसे अधिक लाभ मध्यम वर्ग और उपभोग आधारित वर्ग को मिलेगा, किंतु लग्जरी और 'सिन गुड्स' पर कर का बोझ यथावत बना रहेगा। इसका अर्थ यह है कि समाज के उच्च आय वर्ग को विशेष राहत नहीं मिलेगी, जबकि वे पहले से ही इन करों का वहन करने में सक्षम हैं। दूसरी ओर, कर दरों में कमी से उत्पन्न राजस्व घाटे की भरपाई के लिए संभव है कि राज्यों को भविष्य में किसी और तरीके से कर बढ़ाने पड़ें। इस प्रकार यह सुधार कहीं न कहीं आय वर्गीय असमानता की खाई को और गहरा कर सकता है।

सुधार की दिशा में यह भी महत्वपूर्ण है कि भारत में कर संग्रहण की दक्षता अभी भी विकसित देशों की तुलना में कम है। ब्राज़ील और चीन जैसे देशों में कर दक्षता 50-60 प्रतिशत के आसपास है, जबकि भारत में यह 40 प्रतिशत से भी नीचे आंकी जाती है। जीएसटी 2.0 से यह उम्मीद की जा रही है कि कर संग्रहण बेहतर होगा और त्नष्ठक्क में कर योगदान का अनुपात बढ़ेगा। यदि ऐसा होता है तो भारत की राजकोषीय स्थिति मजबूत होगी और सरकार के पास विकासोन्मुख योजनाओं पर खर्च करने की क्षमता बढ़ेगी।

अर्थशास्त्रियों का एक वर्ग इस सुधार को कुशल वित्तीय प्रबंधन तो मानता है, किंतु संरचनात्मक सुधार नहीं। उनके अनुसार यह कदम निकट भविष्य में महँगाई के प्रभाव को संतुलित करने और उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए ज्यादा है, जबकि दीर्घकालीन दृष्टिकोण से इसमें ठोस सुधारात्मक तत्वों की कमी है। कर ढांचे को वास्तव में सरल और न्यायसंगत बनाने के लिए आवश्यक है कि दरों की श्रेणियाँ और घटाई जाएँ, अनुपालन को आसान बनाया जाए और राज्यों के हिस्से को सुरक्षित करने के लिए कोई स्थायी तंत्र स्थापित किया जाए।

जीएसटी 2.0 से जुड़े राजनीतिक आयाम भी कम महत्वपूर्ण नहीं हैं। चुनावों से पूर्व यह कदम जनता को राहत देने और मध्यम वर्ग का विश्वास जीतने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। कर दरों में कमी का तत्काल लाभ उपभोक्ताओं को महसूस होगा, जिससे सरकार को राजनीतिक पूँजी हासिल हो सकती है। किंतु यदि राज्यों की वित्तीय स्थिति बिगड़ी तो केंद्र और राज्यों के बीच टकराव बढ़ सकता है, जो संघीय ढाँचे के लिए चुनौतीपूर्ण होगा।

वास्तव में जीएसटी 2.0 को भारतीय कर व्यवस्था में संक्रमण कालीन सुधार कहा जा सकता है। इससे उपभोक्ता को राहत मिलेगी, उपभोग और मांग बढ़ेगी, कर चोरी पर अंकुश लगेगा और रोजगार के अवसर पैदा होंगे। परंतु इसके साथ-साथ राजस्व घाटे, राज्यों की आपत्तियों और दीर्घकालिक संरचनात्मक सुधारों की कमी जैसे सवाल भी कायम हैं। यह सुधार तभी स्थायी और प्रभावी सिद्ध होगा जब केंद्र और राज्य मिलकर राजस्व साझा करने का संतुलित तंत्र विकसित करेंगे और कर प्रणाली को अधिक पारदर्शी तथा सरल बनाएँगे। इस तरह से जीएसटी 2.0 भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक सकारात्मक कदम है, किंतु इसे अंतिम सुधार नहीं माना जा सकता। यह उस लंबी यात्रा का हिस्सा है जिसमें भारत को न केवल कर संग्रहण की दक्षता बढ़ानी है, बल्कि कर ढाँचे को ऐसा स्वरूप देना है जो विकास, समानता और संघीय सहयोग के आदर्शों को सुदृढ़ कर सके।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज व्यर्थ की यात्रा करनी पड़ सकती है। परिवार के सदस्य प्रसन्न रहेंगे। गलत कार्यों की ओर प्रवृत्त हो सकते हैं। अतिरिक्त जिम्मेदारियाँ लेने से बचें।

**वृषभ**
आपके मन की कोई इच्छा पूर्ण हो सकती है। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर कर सकते हैं। किसी रिश्तेदार के मिलने से आपका दिन अच्छी तरह बीतेगा।

**मिथुन**
अपने जीवनस्तर को अच्छा बनाने का प्रयास करें। अचानक परेशानियाँ खड़ी हो सकती हैं। प्रेम सम्बन्धों में समझौते करने पड़ सकते हैं।

**कर्क**
अपने जीवनस्तर में परिवर्तन ला सकते हैं। घर की सुख-सुविधाओं और संसाधनों पर आप धन खर्च करेंगे। बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त होगा।

**सिंह**
मन किसी भी काम में अच्छे से नहीं लगेगा। यदि आवश्यक न हो तो लेन-देन के मामलों में दूरी बनाकर रखें। तनाव की वजह से नींद बाधित हो सकती है।

**कन्या**
पुरानी बीमारी से मुक्ति मिलने की सम्भावना है। घर की व्यवस्था में सुधार आयेगा। व्यापार में लाभ की प्राप्ति होगी। दूसरों की सहायता करने से मन प्रसन्न रहेगा।

**तुला**
अपनी कार्यप्रणाली को इस समय गुप्त रखें। प्रेम-सम्बन्धों में नजदीकी रहेगी। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई को लेकर थोड़े लापरवाह हो सकते हैं।

**वृश्चिक**
आपके पास काफी काम रहने वाला है। दाम्पत्य जीवन में थोड़ी परेशानी होने की सम्भावना है। गैस और एसीडिटी के कारण आपको परेशानी हो सकती है।

**धनु**
अपने मन को शान्त रखें। अपनी गलतियों से आपको सीखना चाहिये। मन में आशंका हो सकती है। किसी आवश्यक काम में आपको अधिकाधिक धन खर्च करना पड़ सकता है।

**मकर**
आपकी महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति हो सकती है। परिवार के सभी सदस्य आपसे प्रसन्न रहेंगे। नया कारोबार शुरू करने में आसानी होगी। विचारों को सकारात्मक बनाकर रखें।

**कुंभ**
भावुकता में आकर कोई निर्णय न लें। स्वास्थ्य में थोड़ी कमजोरी होने की सम्भावना है। पहले की तुलना में दिन अच्छा रहेगा। कठिन समस्याओं का हल निकलेगा।

**मीन**
परिजनों का भरपूर सहयोग मिलेगा। सार्वजनिक कार्यक्रमों में भाग ले सकते हैं। पति-पत्नी के मध्य के सम्बन्ध मधुर रहेंगे। खर्चों को नियन्त्रित रखे।

## संक्षिप्त समाचार

### दो वांछित गिरफ्तार

**नावकोठी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सदर पंचायत नावकोठी से गोली कांड के दो वांछित को नावकोठी पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार रंजन ने बताया कि गिरफ्तार वांछित नावकोठी के राजीव कुमार उर्फ कुदिया,राजकुमार सिंह उर्फ वौआ सिंह है। ये दोनों थाना कांड संख्या 186625 के प्राथमिकी नामजद हैं। अवधेश सिंह ने थाने में 26 अगस्त को कांड अंकित कराकर इन दोनों के अतिरिक्त जावेद मियां, गोपाल कुमार, हरेराम सिंह पर उसके पोता शिवम कुमार को जान मारने की नीयत से गोली चलाने तथा घेरने का प्रयास करने का आरोप लगाकर नामजद किया था।

### शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

**नावकोठी//नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाने के रजाकपुर से 10 लीटर देसी चुलाई शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया है। प्रभारी थानाध्यक्ष विश्वजीत कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि रजाकपुर वार्ड संख्या 08 में स्व रामचंद्र राय का पुत्र अरविंद राय अपने घर पर देसी चुलाई शराब का बिक्री कर रहा है । पुअनि रंजीत कुमार को दलबल के साथ सूचना स्थल पर सत्यापन हेतु भेजा गया। सूचना स्थल पर उसके घर तथा पीछे छापामारी उनके द्वारा किया गया। छापामारी के क्रम में घर के पीछे दक्षिण दिशा में 5-5 लीटर के प्लास्टिक के दो जार में कुल 10 लीटर देसी चुलाई के साथ अरविंद राय को गिरफ्तार कर लिया गया। उस पर पूर्व से भी थाना कांड संख्या 112625 के तहत देसी चुलाई शराब बेचने का कांड अंकित है। उत्पाद एवं मद्यनिषेध अधिनियम के तहत कांड अंकित कर उसे न्यायालय भेज दिया गया है।

### मृत किसान के आश्रित को डेयरी ने प्रदान किया चेक

**मंसूरचक/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बरौनी डेयरी ने रविवार को मृत किसान के परिजन को पच्चीस हजार का चेक देकर आर्थिक सहायता प्रदान किया।पशुपालकों को सबल बनाने के उद्देश्य से दुग्ध संघ बरौनी द्वारा अप्रैल 2017 से किसान कल्याण कोष का गठन किया गया था। जिसमे सक्रिय सदस्यों की सामान्य मृत्यु पर उनके आश्रितों को उक्त कोष से 25 हजार रुपाया की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।फरछीवन दुग्ध उत्पादक सहयोग समिति अपने 25 सक्रिय सदस्य को सदस्य कल्याण कोष से लाभ प्रदान करने का कार्य किया है ।फरछीवन दुग्ध उत्पादक सहयोग समिति लि. के सक्रिय सदस्य स्वर्गीय बमबम चैधरी के आश्रित पत्नी रीता देवी को समिति के कर्तव्यनिष्ठ दुग्ध उत्पादक सदस्यों की उपस्थिति में 25 हजार रुपये की सहायता राशि का चेक दुग्ध समिति के अध्यक्ष सुधीर कुमार राय मुन्ना के द्वारा प्रदान किया गया।

### भाजपा ने मनाया सेवा पखबारा

**बेगूसराय नगर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जयंती पर घोषित सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम को सदर विधानसभा क्षेत्र के मोहनपुर पंचायत में आयोजित किया गया। रविवार को राजकीय रामनंदन उच्च विद्यालय मोहनपुर के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता पुर्व ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अविनाश कुमार तथा संचालन विरेन्द्र मिश्र ने किया।इस अवसर पर सैकड़ों कार्यकताओं ने उपस्थित होकर जन्मदिन का केक काट कर जन्मोत्सव पखवाड़ा मनाया।कार्यक्रम में ग्रामिणों ने अपनी समस्या तथा संगठन को मजबूत बनाने के लिए अपने अपने विचार रखे।अंत में भाजपा के पुर्व जिला अध्यक्ष संजय सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अमरेन्द्र कुमार अमर, अधिवक्ता,पुर्व भाजपा प्रवक्ता मनीष कुमार,पुर्व महामंत्री हीरा पोद्दार, किसान मोर्चा के जगरनाथ सिंह,पुर्व मुखिया सुधांशु कुमार सिट्ठ,मनटुन मिश्रा, राजेश कुमार रामधन, मधुसूदन कुमार, डॉ लक्ष्मण कुमार, मुन्ना सिंह, अमित कुमार उमाशंकर सि सहित दर्जनों कार्यकताओं ने अपने अपने विचार रखे।

### दानापुर नप के मुख्य पार्षद ने पौने दो करोड़ की लागत से 10 योजनाओं का किया उद्घाटन

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रविवार को नगर परिषद के वार्ड 1 में करीब पौने दो करोड की लागत से 10 योजनाओं का उदघाटन और पौने पांच करोड़ से तीन योजनाओं का शिलान्यास मुख्य पार्षद शिल्पी कुमारी व पार्षद गायत्री देवी द्वारा नारियल फोड़कर तथा निर्माण स्थल पर लगाये गये शिलापट्ट का अनावरण कर किया गया. मुख्य पार्षद ने कहा कि वार्ड 1 में पौने दो करोड की लागत से 10 योजनाओं का उदघाटन और पौने पांच करोड़ की लागत से तीन योजनाओं का शिलान्यास किया गया है. उन्होंने कहा सभी वार्डों में पीसीसी सडक, नाला व गली का निर्माण कराया जा रहा है. मुख्य पार्षद शिल्पी कुमारी ने कहा कि परिषद क्षेत्र के सभी 40 वार्डों का विकास ही हमारा लक्ष्य है. विकास के कार्यों में किसी भी हाल में कोताही को बर्दास्त नहीं किया जाएगा. शहर साफ व सुंदर बने. इसके लिए लगातार प्रयास जारी है.मौके पर पार्षद गायत्री देवी, सुनील कुमार, गोपाल प्रसाद, अनिल कुमार, पार्षद प्रतिनिधि धीरज कुमार यादव,सुरेंद्र चौरसिया, मनोज मास्टर, नरेश कुमार, सुभाष, आजाद कुमार, धर्मेंद्र यादव आदि लोग भी उपस्थित थे.

### देशी पिस्टल व दो गोली के साथ अपराधी गिरफ्तार

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुलिस को गुप्त सूचना पर बीबीगंज सततल्ला बिल्डींग गली में अपराध की योजना बनाते हुए एक अपराधी को गिरफ्तार किया गया है. जिससे पास से एक पिस्तौल, दो गोली व एक मोबाइल बरामद किया गया है.गिरफ्तार यश कुमार उर्फ हरिओम सततल्ला गली बीबीगंज निवासी है जो मूल निवासी शर्मा भसारा बिक्रम का है. सिटी एसपी पश्चिम भानु प्रताप सिंह ने पत्रकारों को बताया कि पुलिस ने गुप्त सूचना मिली कि बीबीगंज सततल्ला गली में अपराध की योजना बनाने की सूचना पर पुलिस ने छापेमारी कर एक अपराधी हरिओम को एक पिस्तौल, दो गोली व एक मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया गया है.सिटीएसपी ने बताया कि रूपसपुर पुलिस ने गुप्त सूचना पर आईएएस कॉलोनी स्थित शिवनीलयम अपार्टमेंट के पास से अपराधियों द्वारा छुपाकर रखा हुआ एक पिस्तौल, एक कटर, एक सावल, बंडरड्राइवर बरामद किया गया है. अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी किया जा रहा है.

# कांग्रेस का अतिपिछड़ा विधानसभा स्तरीय सम्मेलन संपन्न



**बेगूसराय नगर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रविवार को लाखों स्थित रमापति पेट्रोल पंप के सामने में कांग्रेस पार्टी ने अतिपिछड़ा अधिकार सम्मेलन का आयोजन किया।सम्मेलन की अध्यक्षता कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष अभय कुमार सार्जन ने की। मंच का संचालन राम कुमार ने किया। सम्मेलन में हजारो की संख्या में लोगो का जमघट लगा। सम्मेलन सदर विधान सभा स्तरीय था । इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम शामिल हुए। इनके साथ साथ डॉ शकील अहमद खान विधायक दल के नेता, सुनील पासी राष्ट्रीय सचिव कांग्रेस, शशिभूषण पंडित अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष, गरीब दास युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व विधायक अमिताभूषण, उपस्थित थे। सम्मेलन मे मुख्य रूप से राजेश कुमार मुखिया को सदर विधान सभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाए जाने की मांग हो रहा था।मंच पर सभी प्रमुख वक्ताओं ने एक शोर से अति पिछड़ा समाज से प्रतिनिधित्व देने के लिए उम्मीदवार बनाए जाने की मांग की।राजेश कुमार के द्वारा प्रदेश कांग्रेस के सम्मानित प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम सहित सभी नेताओं को फूल माला एवं बुके और शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। इतना ही नहीं 50 किलो का पुष्प का हार से भव्य रूप से स्वागत किया गया।सम्मेलन को मुख्य अतिथि कांग्रेस केप्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार राम ने अपने संबोधन में कहा कि हमारी पार्टी पूरे देश में अतिपिछड़ा को सम्मान दे रही है। और यहां भी अतिपिछड़ा को सम्मान दिया जाएगा।कार्यक्रम के नेतृत्व करता राजेश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि मैं अपने तमाम समर्थकों के साथ विधिवत रूप से राहुल गांधी से प्रभावित होकर प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार के नेतृत्व में भारतीय कांग्रेस में शामिल हो गए हैं। और अपने माननीय नेता से बेगूसराय विधान सभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाए जाने के रूप में आशीर्वाद मांगा। जिस पर संतोष प्रद आश्वाशन दिया गया।सम्मेलन को उपरोक्त सभी नेताओं ने बारी बारी से संबोधित किया।इस अवसर पर नगर जिला अध्यक्ष प्रिंस कुमार, एन एस यू आई के राष्ट्रीय प्रवक्ता रवि कुमार, कुसमौत मुखिया पवन सदा, अजहौर मुखिया असगर इमाम, शाहपुर मुखिया महेश राय पर्रा मुखिया गोनर, बहुजन नेता विजय पासवान सूजा महंत शंकर दास, समित प्रधान,मो इमरान,मो मसूद आलम, कन्हैया कुमार, बाल्मीकि यादव अशोक दास, राजन पंडित, बंगाली साह, गरीब दास, बिमल भारती, सदाम, कौशल राय एवं अन्य सैकड़ों सक्रिय कार्यकर्ता शामिल हुए।

### हरिनाम संकीर्तन भवपार करने का पथ प्रदर्शक

**आरा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भोजपुर जिले के बड़हरा प्रखंड अंतर्गत गुंडी गांव में त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के परम शिष्य परमहंस स्वामी श्री हरिनारायणाचार्य जी महाराज उर्फ ब्रह्मचारी जी के समाधि स्थल गुरु शिष्य आश्रम में हरिनाम संकिर्तन का आयोजन किया गया। आयोजन हरि नारायण आचार्य की परम शिष्या शाम्या पद्मावती के आगमन पर हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार व संकीर्तन से सारा वातावरण भक्तिमय एवं राममय बन गया। इस मौके पर श्रोताओं ने हरि नाम महिमा का रसपान किया। अष्टयाम गायक कलाकार विजय पाठक, दिवेश दुबे, प्रमोद सिंह, नितु तिवारी ने अलग अलग तर्ज पर संकीर्तन कर श्रद्धालुओं को भाव विभोर किया। इस अवसर पर स्वामी श्री बद्रीनाथ बनमाली जी महाराज के शिष्य श्री अर्पिणी स्वामी, पादसेवक सियाकान्त महाराज ने पूजा अर्चना किया।

## नदी में डूबने से युवक की मौत

**वीरपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के खरमौली पंच मुखी चैक स्थित बैदा घाट स्थित बलान नदी में स्नान करने के क्रम में रविवार को एक युवक की डुबने से मौत हो गई। जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर हजारों कि संख्या में लोग जुट गए। स्थानीय लोगों के द्वारा घटना की सूचना पुलिस को दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस पदाधिकारी ऋषिकेश भारद्वाज और 112 की टीम मौके पर दल बल के साथ पहुंच मामले की प्रताल में जुट गई। स्थानीय लोगों के द्वारा शव को घंटों देर तक कड़ी मशक्कत के बाद नदी से बाहर निकाला।मृत युवक की पहचान जगदर पंचायत के वार्ड संख्या 11 के योगेन्द्र यादव के साढ़े सताइस वर्षीय पुत्र शिवदानी कुमार के रूप में किया गया। मौके पर मौजूद पुलिस पदाधिकारी ने ग्रामीणों की सहयोग से प्राथमिक उपचार के लिए वीरपुर पीएचसी ले गया। वहां मौजूद चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया।मौत की खबर मिलते ही परीजनों में कोहराम मच गया। पत्नी नीतू कुमारी, मां सीता देवी, पिता योगेन्द्र यादव का रो रोकर बुरी हालत हो गई।नीतू के सामने श्रेया कुमारी 8 वर्ष,शिया कुमारी 5 वर्ष, राघव कुमार 9 माह के खान-पान सहित पढ़ाई-लिखाई और शादी विवाह के बुढ़े सास ससुर की देखभाल जैसे जटिल और गंभीर समस्या सामने आ गया है।

## मलेरिया छिड़काव कर्मी मांगों के समर्थन में हो रहे एकजुट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**आरा।** बिहार राज्य मलेरिया छिड़काव कर्मचारी संघ भोजपुर के बैनर तले बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ गोप गुट भोजपुर के जिला कार्यालय आरा में बैठक किया गया। अध्यक्षता मो शमीम ने किया। बैठक में महासंघ के जिलाध्यक्ष रामानंद सिंह, जिला सचिव उमेश कुमार सुमन, सुधा डेयरी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष हर वंश सिंह भी उपस्थित हुए। वक्ताओं ने कहा कि मलेरिया छिड़काव कर्मचारी सेवा नियमितीकरण, वेतनमान, बकाया मानदेय भुगतान, रोजगार गारन्टी के सवालों पर जिलाधिकारी, सिविल सर्जन और मलेरिया छिड़काव पदाधिकारी को पत्राचार करेगा। यदि वार्ता से समस्या का समाधान नहीं होता है तो, किसी भी समय विभागीय पदाधिकारी के कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया जायेगा। बैठक के दौरान कर्मचारियों ने उक्त बातें कहीं। वही जिलाध्यक्ष रामानंद सिंह ने संगठन के विस्तार व मजबूत करने, एकता के साथ रणनीति बनाकर आंदोलन की तैयारी पर प्रकाश डाला। जिला सचिव उमेश कुमार सुमन ने बताया कि राज्य सरकार को समान काम का समान वेतन, संविदा मानदेय कर्मियों की सेवा नियमित करने, आशा, ममता, एएनएम, एनएचएम, मलेरिया छिड़काव कर्मी, सिंचाई कर्मी, उम्मीदवार अनुसेवक, रोजगार सेवक, किसान सलाहकार, कार्यपालक सहायक, स्वच्छता पर्यवेक्षक और कर्मियों की सेवा नियमित करने की मांग रखी। ये कर्मी अपने विभाग में 20,25, वर्षों से सेवा दे रहे हैं, सरकार इन कर्मियों को भी नियमित करे। बिहार में ओल्ड पेंशन योजना को लागू करना चाहिए। ताकि कर्मचारी एनपीएस, यूपीएस के मकड़जाल से बाहर निकल सके। बैठक में हरवंश, जितेंद्र, उपेन्द्र, रमाकांत, वकील, रंजन, नागमनी, राजन, शमीम, रामानन्द, सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## द मंकीज पॉ नाटक का हुआ मंचन



**बेगूसराय नगर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहर के दिनकर कला भवन परिसर में जिले की चर्चित रंग संस्था द प्लेयर्स एक्ट की नवीनतम नाट्य प्रस्तुति द मंकीज पॉ का मंचन किया गया। द मंकीज पॉ अंग्रेजी लेखक डब्ल्यू डब्ल्यू जेकव की एक डरावनी लघु कहानी है। नाटक की परिकल्पना और निर्देशन राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय से स्नातक कुंदन कुमार द्वारा किया गया। नाट्यानुकूल मंच सज्जा रमन चंद्र वर्मा, प्रकाश संयोजन चंदन कुमार सोनू, पार्श्व संगीत कुन्दन कुमार के द्वारा किया गया। मंच पर अभिनय कर रहे कलाकारों ने उपस्तथित रंग दर्शकों को एक शानदार और अविस्मरणीय नाट्य प्रस्तुति से रुबरु होने का अवसर प्रदान किया। कहानी में, द मंकीज पॉ के मालिक की तीन इच्छाएँ पूरी होती हैं।लेकिन इन इच्छाओं के लिए भाग्य के साथ हस्तक्षेप करने की भारी कीमत उसे चुकानी पड़ती है। कहानी के डरावने माहौल, अपनी इच्छाओं के प्रति सावधान रहने के संदेश, भावनात्मक गहराई और एक अस्पष्ट, विचारोत्तेजक अंत नाटक को प्रभावशाली बनाते हैं। नाटक दर्शकों को शुरू से ही रोमांचित करती है और जीवन के कई पहलुओं पर सोचने को बाध्य करती है। मिस्टर व्हाइट की भूमिका में मनीष राज, मिसेज व्हाइट की भूमिका में सत्यकेती,सार्जेंट मेजर के किरदार में गोपाल कुमार, हावर्ट की भूमिका में अमन कुमार और सैंपसन के किरदार में कुन्दन कुमार के अभिनय कौशल को दर्शक मंत्रमुग्ध हो देखते रहे। पूरे कार्यक्रम का मंच संचालन युवा कवि और अभिनेता दीपक कुमार ने किया। मंचन के पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन बेगूसराय नगर निगम की उप महापौर अनीता राय, समाजसेवी विश्व रंजन कुमार सिंह, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी श्याम कुमार साहनी, फिल्म अभिनेता अमिय कश्यप, वरिष्ठ नाट्य निर्देशक अवधेश और समाज सेवी समीर शेखर के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर कोंया गया। संस्था की ओर से संस्था के सचिव चंदन कुमार सोनू एवं सस्था के गुरु कुंदन कुमार द्वारा अतिथियों को अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। अपने उद्बोधन में अतिथियों में संस्था द्वारा लगातार किए जा रहें प्रयासों की सराहना की और कलाकारों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। प्रस्तुति के उपरांत उप महापौर अनिता राय और वरिष्ठ निर्देशक अवधेश ने कलाकारो को अंग वस्त्र से सम्मानित किया।

### एनटीपीसी बाढ़ में 'अखिल भारतीय कवि सम्मेलन' का भव्य आयोजन

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एनटीपीसी बाढ़ में राजभाषा अनुभाग द्वारा भव्य 'अखिल भारतीय कवि सम्मेलन' का आयोजन किया गया, जिसने कविता प्रेमियों के दिलों को छू लिया। यह कार्यक्रम श्री विजय गोयल, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक पूर्वी-क एवं श्री जी. श्रीनिवास राव, कार्यकारी निदेशक (बाढ़) की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। कवि सम्मेलन का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ, जिसके बाद कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। मंच पर देश के विभिन्न हिस्सों से आए जाने-माने कवियों ने अपनी रचनाओं से समां बांध दिया, जिसका नेतृत्व झारखंड के रांची से आए कवि श्री कुमार बृजेन्द्र ने किया। हास्य, व्यंग्य, प्रेम और देशभक्ति जैसे विभिन्न रसों से भरी कविताओं का पाठ किया, जिसने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि विजय गोयल ने शुभारंभ से पूर्व इस तरह के आयोजन को राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

## सदर विधान सभा सीट पर भाकपा माले ठोका दावा

**बेगूसराय/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भाकपा माले का कार्यकर्त्ता कन्वेंशन संस्कृत विद्यालय में बैजू सिंह की अध्यक्षता में हुई। जिसका संचालन चन्द्रदेव वर्मा ने किया। कन्वेंशन को संबोधित करते हुए जिला सचिव दिवाकर प्रसाद ने कहा एनडीए सरकार की चुनाव पूर्व घोषणा महिलाओं को 10हजार रूपए देने के वादे सरकार को नहीं बचा पाएगी। माइक्रोफाइनेंस के कर्ज के जाल में फंस कर महिलाएं आत्महत्याएं तक कर रही हैं।परसों ही बदरपुर में माइक्रोफाइनेंस की कर्ज से प्रताड़ित हो महिला ने आत्महत्या कर ली। महागठबंधन की सरकार बनी तो एक लाख तक की कर्ज माफ होगी। उन्होंने कहा गरीब दलित भूमिहीन परिवार को बसने के लिए जमीन उपलब्ध नहीं करवाई। लेकिन मोदी अपने मित्र अडानी को भागलपुर के पीरपैती में उपजाऊ भूमि हरे बाग बगीचे को उजाड़कर 10,50 एकड जमीन एक रूपए एकड की दर से 33 साल के लीज पर दे दिए गए। यह कारवाई मोदी नीतीश के कार्पोरेट प्रेम को दशार्ता है। और उन्होंने बेगूसराय के सातो विधान सभा में महागठबंधन की नयी धार देने के लिए भाकपा माले को सदर विधान सभा देने की मांग किए। ताकि सातो विधान सभा से एनडीए का सफाया हो सके। उन्होंने कहा महिलाओं और किसानों की कर्ज माफी महंगाई बेरोजगारी सस्ती शिक्षा स्वास्थ्य एनडीए सरकार के वोट चोरी के खिलाफ संघर्ष तेज करने की अपील किए। कन्वेंशन में किसान महासभा के जिलाध्यक्ष नवल किशोर सिंह, आइसा के राज्य उपाध्यक्ष अजय कुमार, जिलाध्यक्ष सोनू फर्नांज, खेग्रामस जिलाध्यक्ष मोहम्मद इशराफिल, मोहम्मद मोब्बस्सीर, गौड़ी पासवान, नन्हकू पासवान, नूरूल इस्लाम जिम्मी, संजय ठाकुर, ललित यादव, विशाल कुमार, पुतूल देवी, रीता देवी, सविला खातून, रामबदन पासवान, अमित कुमार, प्रकाश पासवान, अर्जुन सहनी, प्रमोद पोद्दार, कैलाश प्रसाद, गजेन्द्र पंडित, जयजयराम पासवान शामिल हुए।

### नवरात्र आज से सडकों पर जलजमाव व गंदगी का अंबार

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नवरात्र शुरू होने में महज एक दिन बचे है. 22 सिंतबर को कलश स्थापना के साथ नवरात्र शुरू हो जाएगा. बारिश से नगर परिषद व छावनी परिषद के विभिन्न इलाकों में सडकों पर जल जमाव से झील बन गया है.सडकों पर जल जमाव के कारण पूरा नगर नरक बना रहा. बारिश के कारण जर्जर सडक और जगह-जगह पर गड्ढे से खतरनाक स्थिति बन गया है. पंचशील नगर व झखडी महादेव रोड समेत कई जगहों पर वाहन तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है. पूजा और मेला के दौरान श्रद्धालुओ की भीड उमडेगी पर परिषद प्रशासन की तैयारी नही दिख रही है. लगातार हो रही बारिश से आयोजन समिति के समक्ष काफी परेशानी उत्पन्न हो गया है. नगर परिषद द्वारा साफ-सफाई का काम तो प्रारंभ कर दिया है, परंतु पूर्ण सफाई होने में काफी समय लगेगा.

## हरी मिर्च रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में सहायक : डॉ. सुनील कुमार दूबे

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रसिद्ध आयुर्वेदाचार्य, समाजसेवी एवं शहर के लंगरटोली स्थित दूबे क्लिनिक के निदेशक डॉ. सुनील कुमार दूबे (गुप्त एवं यौन रोग विशेषज्ञ) ने कहा है कि हमारे किचेन में पाया जाने वाला साधरण मसाला हरी मिर्च के खाने के अनेक पफायदे हैं । हरी मिर्च खाने से पाचन बेहतर होता है। मेटाबोलिज्म बढ़ता है। रोग प्रतिरोध्क क्षमता मजबूत होती है। त्वचा और बालों में सुधर होता है। दिल की बीमारियों का खतरा कम होता है। यह आँखों की रोशनी को बढ़ाती है एवं सर्दी-जुकाम से राहत दिलाती है। उन्होंने आगे कहा कि हरी मिर्च पाचन एंजाइमों को उत्तेजित करती है, जिससे खाना जल्दी पचता है। कब्ज, गैस एवं अपच जैसी समस्याएँ कम होती हैं इसमें मौजूद कैप्साइसिन मेटाबोलिज्म को तेज करता है। जिससे वचन घटाने में मदद मिल सकती है। हरी मिर्च में प्रचुर मात्रा में विटामिन-सी पाया जाता है। जो रोग प्रतिरोधक क्षमता (इम्यून सिस्टम) को मजबूत करता है। इससे शरीर में रोग प्रतिरोध्क क्षमता बढ़ती है। यह कोलेस्ट्रॉल एवं ट्राइग्लिसराइड के स्तर को कम करने में मदद करती है। जिससे दिल की बीमारियों का खतरा कम होता है। डॉ. दूबे ने आगे कहा कि हरी मिर्च में पाया जाने वाला विटामिन सी और पफाइटोन्यूट्रिएंस त्वचा के स्वास्थ्य को सुधरते है और बालों की मजबूत बनाने में मदद करते हैं। हरी मिर्च में पाया जाने वाला कैप्साइसिन बलगम को पतला करता है और रक्त परिसंचरण को बढ़ाता है।



### बिस्कोमान के नवनिर्वाचित अध्यक्ष होने के उपलक्ष्य में फेडरेशन ने मोमेंटो देकर किया स्वागत



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार को-आपरेटिव फेडरेशन लि०, बुद्ध मार्ग, पटना के वार्षिक आम फेडरेशन परिसर में अध्यक्ष श्री विनय कुमार शाही के अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमें श्री विशाल सिंह, अध्यक्ष NCCF, नई दिल्ली-सह-बिस्कोमान (बिहार झारखंड) को बिस्कोमान के नवनिर्वाचित अध्यक्ष होने के उपलक्ष्य में फेडरेशन द्वारा मोमेंटो, बुके एवं अंग वस्त्र से भव्य स्वागत किया गया। विजय सिंह, विधान पार्षद सह अध्यक्ष भारतीय राष्ट्रिय सहकारी आवास बोर्ड, नई दिल्ली एवं रमेश चन्द्र चौबे, अध्यक्ष बिहार राज्य सहकारी बैंक लि., पटना का फेडरेशन के द्वारा मोमेंटो, बुके एवं अंग वस्त्र से भव्य स्वागत किया गया। विनय कुमार शाही द्वारा फेडरेशन के भावी कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई, जैसे- फेडरेशन के खाली पड़े जमीन में सहकारी हास्पीटल, प्रशिक्षण कक्ष, समा भवन एवं गेस्ट हाउस का जल्द निर्माण होने जा रहा हैं। बिस्कोमान के उपाध्यक्ष सह DCCB गोपालगंज के अध्यक्ष श्री महेश राय, ऊळउइ पाटलिपुत्रा के अध्यक्ष, श्री रीतेश कुमार, DCCB वैशाली के अध्यक्ष श्री सुधीर मिश्रा, DCCB नालन्दा के अध्यक्ष श्री जितेन्द्र कुमार, DCCB मुजफ्फरपुर के अध्यक्ष अमरनाथ पाण्डेय, DCCB नावादा के अध्यक्ष एवं DCCB मुंगेर के पूर्व अध्यक्ष विनोद सिंह, DCCB पाटलिपुत्रा के पूर्व अध्यक्ष श्री राजकिशोर सिंह, DCCB पाटलिपुत्रा के उपाध्यक्ष रामविशुन सिंह, DCCB बेतिया के उपाध्यक्ष संजीव पाण्डेय, फेडरेशन के उपाध्यक्ष राजेश कुमार एवं फेडरेशन के निदेशक अरूण यादव, गौरी शंकर सिंह, राजकिशोर सिंह, रामा ठाकुर, शम्भू प्रसाद सिंह, संजय कुमार मिश्रा, नरेन्द्र कुमार, श्री प्रदीप सिंह, अवध बिहारी सिंह, तथा अन्य निदेशक मंडल के सदस्यगण एवं इस आम सभा में आए बिहार-झारखण्ड के सहकारी सदस्यों को मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिन्हा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया।

# गोल्ड मेडलिस्ट ममता को गंगा ग्लोबल ने किया पुरस्कृत

## गंगा ग्लोबल इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर एजुकेशन ने मनाया 12वां स्थापना दिवस




**बेगूसराय/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गंगा ग्लोबल इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर एजुकेशन, रमजानपुर, बेगूसराय ने धूमधाम से अपना 12वां स्थापना दिवस समारोह पूर्वक सम्पन्न मनाया।समारोह का उद्घाटन दीप प्रज्वलन कर एमएलसी सर्वेश कुमार, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के पूर्व हिन्दी विभागाध्यक्ष व पूर्व डीन मानविकी संकाय डॉ चन्द्रभानु प्रसाद सिंह, श्रीकृष्ण महिला महाविद्यालय की पूर्व प्राचार्य डॉ. स्वप्ना चैधरी, मध्य विद्यालय बीहट की वरिष्ठ शिक्षिका अनुपमा सिंह तथा प्राचार्य डॉ. नीरज कुमार ने संयुक्त रूप से किया।गंगा ग्लोबल बीएड कालेज के फाउंडर व बिहार विधान परिषद सदस्य सर्वेश कुमार ने कहा कि केवल सिलेबस से काम नहीं चलेगा ग्लोबल विषय को पढ़ना और समझना होगा। नवाचार को बढ़ावा देना होगा। कम्प्रोमाइज करने से देश का निर्माण नहीं होगा। सिर्फ अच्छी अच्छी बातें करने से चीजें अच्छी नहीं होती है उसके लिए काम करना पड़ता है। लगातार काम करने की जरूरत है। शिक्षकों की असली भूमिका निभानी होगी। पुराने शिक्षकों को याद किया। गंगा ग्लोबल की संकल्पना की चर्चा करते हुए शिक्षित समाज और समृद्ध समाज के लिए पढ़ने और पढ़ाने को श्रेष्ठ कार्य बताया। इस मौके पर गंगा ग्लोबल बीएड कॉलेज के फाउंडर सर्वेश कुमार ने प्रशिक्षुओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 23-25 बैच की गोल्ड मेडलिस्ट कुमारी ममता को 51 हजार का पुरस्कार देने की घोषणा की।डॉ चन्द्रभानु प्रसाद सिंह ने कहा कि अध्यापन कार्य को नौकरी नहीं कर्तव्य और सेवा भावना से करनी होगी। बच्चों की शिक्षा में परिवार का महत्व समझाया कि इससे बच्चों का सर्वोत्तम विकास होता है। बिहार के शिक्षक प्रशिक्षण के तरीकों के प्रति असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि बीएड प्रशिक्षण को मजबूत कर बिहार में शिक्षा की स्थिति मजबूत की जा सकती है। भावी शिक्षकों को एआई के कारण चुनौतियों और उनका बच्चों पर हो रहे असर की चर्चा की।दिल्ली विश्वविद्यालय की प्रोफेसर रजनी रंजन सिंह ने कालेज की सराहना करते हुए कहा कि टिचिंग इज द मदर आफ आल प्रोफेशन। उन्होंने शिक्षकों की तुलना पृथ्वी के गुरूत्वाकर्षण से की। कहा कि शिक्षकों में भी वही शक्ति चाहिए तभी आपका प्रभाव बच्चों पर पड़ेगा और वह पढ़-सीख पाएगा। एनईपी 2020 और आईटीईटी के बारे में भी बताया।महिला महाविद्यालय की पूर्व प्राचार्य डॉ स्वप्ना चैधरी ने सर्वेश कुमार के कार्यों की सराहना करते हुए दूसरा सर गणेशदत्त कहा। संबोधन में कहा कि बच्चे जिस क्षेत्र में जाना चाहते हैं शिक्षक और पैरेंट्स को प्रेरित करना चाहिए दबाब बिल्कुल नहीं बनाए।इससे दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं घट रही है। शिक्षक अपना दायित्व समझें, बच्चों को दायित्व समझाएं तभी अच्छे समाज का निर्माण होगा।वरिष्ठ शिक्षिका अनुपमा सिंह ने नवाचार गतिविधियों के अपने अनुभवों को साझा किया। पैसे वाले का समाज में मूल्य अधिक है इससे नई पीढ़ी पर गलत प्रभाव पर रहा है। जीवन में धैर्य रखना सिखाइए, मुश्किल परिस्थितियों से लड़ने की शिक्षा दिजिए। खेलकूद, चित्रकला, नाटक और संगीत को बढ़ावा देकर बच्चों का सर्वांगीण विकास होने दें। डॉ. सुजीत कुमार द्विवेदी ने एआई और तकनीकी शिक्षा पर बल देने की सलाह दी।प्रत्येक वर्ष की उपलब्धियों में चारों गोल्ड मेडलिस्ट अभिलाषा कुमारी (2013-14), मोनिका कुमारी (2014-15), अभिषेक कुमार (2019-21), तथा कुमारी ममता (2023-25) को बधाई और शुभकामनाएं दीं। ज्ञातव्य हो कि इस वर्ष गोल्ड मेडल लाने के लिए कुमारी ममता को सर्वेश कुमार और अतिथियों ने महाविद्यालय ओर अंग वस्त्र व गौरव सम्मान से सम्मानित किया और 51 हजार की पुरस्कार राशि की घोषणा की।इससे पूर्व सभी अतिथियों को अंग वस्त्र और गौरव सम्मान के लिए मोमेंटो प्रदान किया गया। डॉ. चन्द्रभानु प्रसाद और अनुपमा सिंह का सम्मान सर्वेश कुमार ने, डॉ. स्वप्ना चैधरी का सम्मान डॉ. अंजली और डॉ. कामायनी कुमारी ने तथा प्रो. रजनी रंजन सिंह और डॉ. सुजीत कुमार का सम्मान प्रो. सुधाकर पांडेय और प्रो. विपिन कुमार ने किया। सम्मान के साथ स्वागत भाषण दिया प्राचार्य डॉ. नीरज कुमार ने। स्वागत भाषण में उन्होंने कॉलेज के 12 वर्षों की यात्रा की चर्चा करते हुए पूर्व प्राचार्यों को याद किया। महाविद्यालय में योगदान देने वाले दिवंगतों को श्रद्धांजलि अर्पित की। अदिति कुमारी, मेघना कुमारी, साक्षी रानी, कृतिप्रभा, प्रिया कुमारी, आरती कुमारी, नेहा कुमारी ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। मंच संचालन किया प्रशिक्षु कृतिप्रभा और कार्यक्रम संयोजक प्रो परवेज यूसुफ ने।सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत रामधारी सिंह दिनकर, शंकर शैलेन्द्र, हरिवंश राय बच्चन, दुष्यंत कुमार तथा निदा फाजली की साहित्यिक रचना को प्रशिक्षुओं ने प्रस्तुत किया।

## संक्षिप्त समाचार

### रानी लक्ष्मी बाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**छौड़ादानों (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड क्षेत्र के प्रोजेक्ट कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में रानी लक्ष्मी बाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में स्कूल की कुल 85 छात्रा भाग ले रही हैं। जिसमे वर्ग 9, 10 और वर्ग 11 की छात्राएं भी इस प्रशिक्षण में रुचि दिखा रही हैं। प्रशिक्षक (कोच) शाहिद परवेज ने छात्राओं को नई नई आत्मरक्षा टेक्नीक सिखा रहे हैं। विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री राम सुंदर यादव सर ने छात्राओं को संबोधित करते हुए उनकी उज्ज्वल भविष्य की कामना की साथ ही उन्होंने छात्राओं से पठन-पाठन के अलावा शारीरिक व मानसिक विकास के लिए खेलकूद आवश्यक है और अच्छे से पढ़ लिखकर देश- विदेश में अपने माता पिता और गुरुजनों का नाम रौशन करें। मौके पर मौजूद जितेन्द्र कुमार, संदीप कुमार, आकाश दीप, अशरफ अली, सरवर अलम, प्रचारि रंजू देवी मौजूद थी।



### पचपोखरिया में लाखों की लूट कर भाग निकले डकैत

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** महुआवा थाना क्षेत्र के पचपोखरिया गांव में बीते रात भीषण डकैती होने का मामला प्रकाश में आया है हालांकि इस डकैती में स्थानीय लोगों की मिली भगत होने की संभावना है पिडित रामचंद्र राम ने बताया कि करीब डेढ़ दर्जन की संख्या में हथियारबंद अपराधियों ने चारों ओर से घर को घेर लिया था करीब 12 बजे जब मैंने उठा तो तीन मुख्य गेट तोड़ कर अन्दर घूस चुका था मेरे बेटे के द्वारा विरोध करने पर पुरूष एवं महिलाओं को बुरी तरह मारपीट कर सोने का आभूषण के साथ साथ नगद राशि भी लूट ली गई, बेटी की विदाई के लिए रखीं गई जेवरात भी लूट ली गई, सड़क पर पांच छः अपराधियों ने आम ग्रामीणों को चुनौती भरी लहजे में खुल्लेआम गाली गलौज भी की गई,दो लोगों को अपराधियों ने बंधक बना लिया था जिसके बाद बुरी तरह मारपीट कर दोनो लोगों को घर में बंद कर लूट पाट कर भाग निकले, गांव के लोगों में इस डकैती काण्ड को लेकर दहसत बनी हुई है, स्थानीय थाना प्रभारी ने सूचना के तुरंत बाद जांच पड़ताल में जुट गए।

### असमाजिक तत्वों ने कट्टे की बट से सिर फोड़ा

**रक्सौल (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बाजार से साग सब्जी खरीद कर लौट रहे एक व्यक्ति को घात लगाए बैठे अपराधियों ने कट्टे की बट से सर पर मारकर घायल कर दिया, जिसका इलाज मोतिहारी में कराया जा रहा है, उल्लेखनीय है कि आदापुर थाना क्षेत्र के कटगेनवा गांव निवासी पारस राय के पुत्र राम वकील राय श्यामपुर बाजार से सब्जी खरीद कर सात बजे शाम को अम्बेडकर मन्दिर के पास पहुंचे की पहले से घात लगाए बैठे अपराधियों ने कट्टे के बट से मारकर राम वकील को बुरी तरह घायल कर दिया जिनके पास एक मोबाइल व सोने का चैन था वो भी छीन लिया, आवेदन पत्र में बताया गया कि गांव के ही श्याम बिहारी सिंह पिता जयनारायण सिंह, संदीप राम पिता विरेन्द्र राम, उपेन्द्र यादव पिता सेवक यादव थे जो मोटरसाइकिल रोक कर कट्टे से वार कर जानलेवा हमला किया,इस बावत स्थानीय थाना प्रभारी धर्मवीर कुमार चौधरी ने बताया कि इन लोगों की गिरफ्तारी होगी जिनपर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

### चुनाव के मध्य लोजपा (आर) की बैठक

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रविवार के दिन लोजपा आर के कार्यालय में लोजपा कार्यकताओं की एक बैठक आहूत की गई, जिसके अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष बद्री पासवान ने की , बैठक में प्रखंड से सैकड़ों की संख्या में पहुंचे कार्यकताओं के बीच बताया गया कि हमलोग एनडीए के साथ है चाहें जिसे टिकट मिले,हम उसी के साथ रहेंगे,तन मन से सहयोग कर चिराग पासवान के हाथ को मजबूत करेंगे, पार्टी के सम्मानित कार्यकताओं ने बताया की संगठन की विस्तार एवं चुनाव में योगदान जैसे मुद्दों पर विचार-विमर्श घंटों चला, ज्वलंत समस्याओं में नल जल की पानी नही मिलने, जनवितरण प्रणाली के दुकानदारों के द्वारा प्रत्येक यूनिट से एक किलो राशन काटने को लेकर प्रतिनिधी मंडल एसडीएम से मिलकर शिकायत करेंगे,पार्टी के विस्तार में उपाध्यक्ष के रिक्त पदों पर मूर्तियां गांव निवासी इन्द्र भूषण सिंह, महासचिव पद पर बद्री नारायण राउत को पद से सम्मानित किया गया,इस मौके पर दीपक कुमार कुशवाहा, संजय कुशवाहा, राजकुमार कुशवाहा, जयप्रकाश दास, सुरेश सिंह, सुनील कुमार पाण्डेय,खेदू राऊत,सादिक मियां, नंदू राय, शिव गोविंद पासवान, रामचन्द्र पासवान, रंजन कुमार उपस्थित थे।



### नहर के पास मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा थाना क्षेत्र में मांझीझबरौली एस-96 मार्ग पर हंसराजपुर नहर के समीप शनिवार को एक अज्ञात अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद हुआ। घटना की सूचना मिलते ही एकमा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान सुनिश्चित करने के लिए आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है तथा विभिन्न माध्यमों से जानकारी एकत्र की जा रही है। शव की शिनाख्त और घटना की परिस्थितियों का पता लगाने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### तेल टैंकर ने बाइक सवार दंपति को रौंदा, पत्नी की मौत

**रक्सौल ( पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रविवार को शहर के बाईपास रोड़ में चेक पोस्ट के पास एक भीषड सड़क हादसे में नेपाली तेल टैंकर ने एक बाइक सवार दंपति को रौंद दिया जिसमें मौके वारदात पर ही बाइक सवार महिला की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं मृत महिला का पति गंभीर रूप से घायल हो जीवन और मौत से जूझ रहा है। मृत महिला का नाम सुषमा देवी है और वह शहर के कौडीहार चौक की रहने वाली बताई जा रही है जिसका ससुराल लक्ष्मीपुर मे है और वह ईलाज कराने मोतिहारी डाक्टर के पास जा रही थी। ठोकर मारने के बाद भागे टैंकर और उसके चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। हादसे के फौरन बाद मौके पर पहुंचे रक्सौल एसडीएम मनीष कुमार ने पीड़ित परिजनों को समझा बुझा कर कानूनी कार्रवाई करने का भरोसा दिया और जो भी उचित सरकारी मुआवजा होगा, उसे देने का आश्वासन दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने बाद में जरूरी कागजी कार्रवाई करने के लाश को पोस्ट मार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया।

### बखरिया में 1101 कन्याओं संग भव्य कलश यात्रा

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शारदीय नवरात्र के शुभारंभ पर बखरिया में सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति द्वारा आयोजित भव्य कलश यात्रा में 1101 कुँवारी कन्याओं ने हिस्सा लिया। गाजे-बाजे और 'जय माता दी' के जयकारों से क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। पूजा समिति अध्यक्ष बृजेश कुमार मिश्र ने बताया कि ग्रामीणों के सहयोग से माँ दुर्गा सहित अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाएँ स्थापित होंगी। पूजा का संचालन आचार्य गुड्डू चौबे करेंगे, और भिखारी सिंह यजमान होंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। कलश यात्रा पूजा स्थल से शुरू होकर बखरिया चौक, ठरेसरी चौक होते हुए राजघाट के भोलेनाथ मंदिर के समीप उत्तरवाहिनी नदी तक पहुँची। वहाँ श्रद्धालुओं ने जल भरकर कलश प्रतिष्ठित किया और यात्रा पूजा स्थल पर लौटी। सोमवार को विधिवत कलश स्थापना के साथ नवरात्र शुरू होगा। यात्रा की सफलता में पूर्व सरपंच मनोज पटेल, मुखिया पति एकबाली राम, जिला परिषद सदस्य लालू यादव, निक्कू पटेल, पूर्व मुखिया सुरेश साह, नंदलाल प्रसाद, जयनाथ प्रसाद, रमेश प्रसाद, प्रभात कुमार, सतेन्द्र सिंह, विकेश प्रसाद, कुंदन प्रसाद, टुन्ना प्रसाद, सुनील सिंह, किशुन मांझी और बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने योगदान दिया।



### जमीन के नाम पर 40 लाख रुपये की धोखाधड़ी

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जमीन देने के नाम पर एक व्यक्ति से 40 लाख रुपए की धोखाधड़ी कर ली गई है।मामले में पीड़ित शिवगंज वार्ड 6 निवासी मो याहिया ने शिकारपुर थाने में आवेदन दिया है। पुलिस को दिए आवेदन में पुरानी बाजार वार्ड संख्या दो निवासी बरकात अली को आरोपित किया है।आरोप है कि सहोदरा थाना के धनौजी गांव में 10 कट्ठा जमीन को लेकर वर्ष 2023 में आरोपित से बात हुई।कुल 62 लाख रुपए में जमीन का सौदा तय हुआ।उसके बाद उसने आरोपित को 40 लाख रुपए का भुगतान भी कर दिया। जमीन रजिस्ट्री करने को कहने पर वह टाल मटोल करने लगा। बीते शनिवार को जब वह आरोपित के दरवाजे पर गया तो आरोपित ने गाली गलौज शुरू कर दी और अपने अन्य परिवार वालो के साथ मिलकर दरवाजे से भगा दिया।

# 23 सितंबर को मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर बैठक आयोजित



**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहर स्थित सर्किट हाउस के कांफ्रेंस हॉल में जनता दल यूनाइटेड की जिलाध्यक्ष मंजू देवी की अध्यक्षता में जिले के सभी पार्टी पदाधिकारी, प्रकोष्ठों के जिलाध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्ष एवं विधानसभा प्रभारी की एक तैयारी बैठक हुई।जिसमें आगामी 23 सितंबर को बंजरिया प्रखंड के चैलाहां यज्ञशाला मैदान में आयोजित मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यकर्ता संवाद सम्मेलन को सफल बनाने हेतु विचार विमर्श किया गया। इस कार्यक्रम में एनडीए गठबंधन के मूल पार्टी तथा प्रकोष्ठों के सभी बूथ स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक के सभी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे। वही बैठक में एनडीए गठबंधन के सभी जिलाध्यक्ष उपस्थित थे। सभी ने सर्वसम्मति से इस आगामी कार्यक्रम को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने का निर्णय लिया गया। मौके पर केसरिया विधायक शालिनी मिश्रा, विधान पार्षद डॉ खालिद अनवर, पूर्व मंत्री श्याम बिहारी प्रसाद, वीरेंद्र प्रसाद सिंह कुशवाहा, पूर्व विधायक शिवाजी राय, पूर्व विधान पार्षद सतीश कुमार, एनडीए के संयोजक प्रकाश अस्थाना, भाजपा जिलाध्यक्ष पवन राज, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के जिलाध्यक्ष ई. रमेश पासवान, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के जिलाध्यक्ष धरणीधर मिश्र, हम के जिलाध्यक्ष कन्हैया ठाकुर, जदयू के प्रदेश महासचिव दीपक पटेल, जिला महासचिव ई. राजीव सिंह वरिष्ठ जदयू नेता ब्रजेश श्रीवास्तव, प्रवक्ता संजीव श्रीवास्तव, राजकिशोर ठाकुर, ब्यास प्रसाद सिंह, सरफराज आलम, कैप्टन हामिद, शकील अंसारी, डॉ खुर्शीद अजीज, दयाशंकर सिंह, राकेश सिंह, शिवरानी देवी, विद्या सिंह पटेल, विजय विकास, प्रो.अरुण पटेल, सुनील सिंह, शर्मानंद सहनी, वसील अहमद खान सहित सभी प्रखंड अध्यक्ष मौजूद थे।

## मोतिहारी में दो स्थानों पर हुआ मुफ्त जांच शिविर का आयोजन



**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ईस्ट चंपारण लायंस क्लब और लाइफ सपोर्ट डायग्नोस्टिक के लायन सदस्य पंकज कुमार के द्वारा आज मोतिहारी सत्याग्रह पार्क में तीसरे रविवार को जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 82 लोगो का ब्लड प्रेशर के साथ-साथ मधुमेह की निशुल्क जांच की गई जिसमें 7 नए मरीज पाए गए और उन मरीजों को मौके पर मौजूद क्लब सचिव लायन डॉ सच्चिदानंद पटेल ने सलाह देते हुए एक महीना तक कम से कम पांच किलोमीटर तेज गति से चलने की सलाह दी और प्रोटीन मुक्त भोजन खाने की सलाह के साथ एक महीना बाद फिर से जांच कराकर डॉक्टर से मिलने का मशविरा दिया।,आज के शिविर मेंअधिक संख्या में महिलाएं उपस्थित हुई। दूसरी ओर क्लब ने अपने सदस्य लायन डॉ अभिनव दीपंकर के सहयोग से मुफ्त आँख जाँच शिविर का आयोजन द मोतिहारी आई हॉस्पिटल, टाउन थाना के सामने किया,जहाँ कुल 74 मरीजों की जाँच हुई जांच के क्रम में कुछ मरीज मोतियाबिंद के भी पाए गए` क्लब अध्यक्ष अशोक जायसवाल तथा विजन के चेयरपर्सन सुधीर गुप्ता ने कहा कि मोतियाबिंद मरीजों को आगे कैंप लगाकर क्लब के द्वारा मुफ्त में ऑपरेशन भी कराया जाएगा।

## विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर डीएम ने की समीक्षा बैठक

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन की तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अमन समीर की अध्यक्षता में समाहरणालय गतिविधियों की समीक्षा की गई। कार्मिक कोषांग ने डेटाबेस तैयार कर सत्यापन सुनिश्चित किया, जबकि प्रशिक्षण कोषांग ने 5 से 11 अक्टूबर तक दस प्रशिक्षण स्थलों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी




सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में सभी वरीय और नोडल पदाधिकारियों ने भाग लिया। जिला स्तर पर निर्वाचन कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए कुल 22 कोषांग गठित किए गए हैं। बैठक में कार्मिक, प्रशिक्षण, ईवीएम, बज्रगृह, सामग्री, वाहन, विधि व्यवस्था, आदर्श आचार संहिता, मतपत्र, प्रेक्षक, मीडिया, साइबर सुरक्षा, शिकायत निवारण, कम्युनिकेशन और मतदाता जागरूकता संबंधी दी। ईवीएम कोषांग को मतदान की तिथि से 21 दिन पूर्व प्रथम रैंडमाइजेशन करने और सुरक्षित डिस्पैच की तैयारी करने का निर्देश दिया गया। सामग्री और वाहन कोषांग ने संसाधनों व वितरण की रूपरेखा प्रस्तुत की। स्वीप कोषांग को मतदाता जागरूकता गतिविधियों का कैलेंडर बनाने का आदेश दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी कोषांगों को तय टाइमलाइन के भीतर कार्य पूरा करने का सख्त निर्देश दिया।

## बुलेट बाइक के लिए विवाहिता की हत्या, पति समेत सात पर प्राथमिकी दर्ज

**तरैया (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के छपिया गांव में दहेज लोभियों द्वारा दहेज की मांग पूरी न होने पर एक नवविवाहिता की हत्या कर दी। मृतिका की पहचान उक्त गांव निवासी विशाल कुमार सिंह की 21 वर्षीय पत्नी अंजली कुमारी के रूप में हुई है, जिसकी शादी 29 अप्रैल 2023 को विशाल कुमार सिंह से हुई थी। मृतिका की मां कौशल्या देवी ने तरैया थाने में अपने दामाद समेत सात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई हैं। पीड़िता का कहना है कि वह अपनी हैसियत के अनुसार अंजली की शादी में आभूषण, मोटरसाइकिल और फर्नीचर सहित अन्य सामान दी थी, लेकिन शादी के एक महीने बाद ही ससुराल पक्ष के लोग बुलेट मोटरसाइकिल और 5 लाख रुपये की अतिरिक्त मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर अंजली को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा। जब उन्हें इस बात की सूचना मिली तो उन्होंने कई बार ससुराल वालों से मिलकर बेटी को न सताने की गुहार लगाई, लेकिन कोई असर नहीं हुआ और अंततः 13 सितंबर को एक साजिश के तहत अंजली की हत्या कर दी गई।

# हिन्दू हमारी राष्ट्रीयता और अस्मिता : राणा प्रताप

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने पथ-संचलन व शस्त्र पूजन के साथ मनाया विजयादशमी उत्सव**



**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहर के बरियारपुर बस्ती स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गायत्री संयुक्त विद्यार्थी शाखा के स्वयंसेवकों द्वारा पथ संचलन, शस्त्र पूजन व शाखा पर होने वाले दैनिक कार्यक्रमों के प्रदर्शन के साथ हवाई अड्डा के मैदान में विजयादशमी उत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्ण गणवेश में स्वयंसेवकों ने पथ संचलन में भाग लिया। स्थानीय नागरिकों ने विभिन्न स्थानों पर पुष्प-वर्षा कर पथ संचलन का स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता क्षेत्र बौद्धिक शिक्षण प्रमुख राणा प्रताप ने संघ की स्थापना तथा विजयादशमी उत्सव पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संघ के प्रथम सर संघचालक डाक्ट्र केशव बलिराम हेडगेवार जी ने 1925 ईड्ढ में विजयादशमी के पावन अवसर पर संघ की स्थापना की थी। यह शक्ति और सामूहिकता के साथ आसुरी शक्तियों पर सात्विक शक्तियों की विजय का प्रतीक है। हमें इस पावन पर्व के बीज मंत्र को समझते हुए दिखावे का परित्याग कर उत्सव की प्रकृति को अंगीकार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हिन्दू हमारी राष्ट्रीयता और अस्मिता है। हमें आत्म विस्मृत हिन्दू समाज को आत्मबल वाला समाज बनाना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अरेराज स्थित सोमेश्वरनाथ धाम के पीठाधीश्वर व महामण्डलेश्वर स्वामी रविशंकर गिरि जी महाराज ने कहा कि संघ के सौ वर्षों की तपस्या के फलस्वरूप आज भारत फिर से विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर है। मौके पर सह प्रान्त संघचालक प्रोड्डराजकिशोर सिंह, जिला संघचालक सुशील कुमार पाण्डेय, नगर संघचालक उदय नारायण सिंह,जिला प्रचारक शिवम सोनू, विभाग प्रचारक नीतीश, शाखा कार्यवाह वेद प्रकाश पाण्डेय, मुख्य शिक्षक उत्कर्ष कुमार, प्रोड्डअरुण कुमार दूबे, श्याम सुन्दर राम, सह जिला कार्यवाह मनोज क्याल, नगर कार्यवाह संजीव सिंह, राकेश तिवारी, प्रोड्डपरमात्मा मिश्र, प्रदीप कुमार, दिनेश पाण्डेय, डाड्डअमित दूबे, मिथिलेश पाण्डेय, विजय कुमार, आलोक चन्द्र, प्रतीक कुमार, गौतम विश्वकर्मा, अभिषेक कुमार, सुधीर दत्त पाराशर, रुपेश ओझा, राजन पाण्डेय, नीरज कुमार, अरुण तिवारी, मुकेश कुमार, रविशंकर वर्मा, विकास पाण्डेय सहित सैकडों लोग मौजूद थे।

# निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चल रहे देशव्यापी सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ बेतिया ने बरवत सेना स्थित वृद्ध सेवा आश्रम में निःशुल्क मेगा चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया। मुख्य अतिथि सांसद डॉ. संजय जायसवाल ने वृद्धजनों को चिकित्सकीय परामर्श दिया और भारत सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. उमेश कुमार के नेतृत्व में चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा किए गए सेवा कार्य की सराहना की। शिविर में वृद्धाश्रम के 67 वृद्धजनों का ब्लड प्रेशर, हृदय गति, छाती, पेट, चर्म रोग, हड्डी व जोड़ों की बीमारियों की जांच की गई और निःशुल्क दवाएं वितरित की गईं। चिकित्सकीय टीम में जिला संयोजक डॉ. उमेश कुमार, जिला सह-संयोजक डॉ. साकेत झा (फिजियोथेरेपिस्ट), सर्जन डॉ. कुमार शुभम, फिजिशियन डॉ. रवि पांडे, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. अनामिका, कार्य समिति सदस्य राजन पूषन, प्रकाश कुमार, अतुल पांडे सहित कई चिकित्सक और पैरामेडिकल स्टाफ शामिल रहे। मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष दीपेंद्र सर्राफ, वरिष्ठ नेता शिवेंद्र शिब्बू, नगर अध्यक्ष पश्चिमी अभिषेक सर्राफ सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गश्त कर रहे वाहन को कंटेनर ने मारी टक्कर, पुलिसकर्मी सुरक्षित

**चकिया (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र में हाइवे पेट्रोलिंग 112 गाड़ी को एक कंटेनर ने जोरदार टक्कर मार दिया जिसके कारण पेट्रोलिंग वाहन क्षति ग्रस्त हो गया। पुलिस ने पहुंचकर कंटेनर के चालक को गिरफ्तार कर लिया। वहीं कंटेनर को जप्त कर लिया। हिरासत में लिए गए चालक यूपी के हमीरपुर थाना क्षेत्र के पुराना गांव निवासी अजय कुमार बताया जाता है। बताया जाता है कि एनएच पर मोतिहारी की ओर से पेट्रोलिंग वाहन पुलिस बल रात्रि गस्ती करते आ रह थे। पेट्रोलिंग वाहन को थाना क्षेत्र के बनझूला ओवरब्रिज पर पीछे से आ रही कंटेनर ने मारी टक्कर मार दी जिससे पेट्रोलिंग वाहन की क्षतिग्रस्त हो गया।

## मां दुर्गा का हाथी पर होगा आगमन होना शांति का है संकेत : आचार्य संजीव

**22 सितंबर से 1 अक्टूबर तक नवरात्र, दशहरा 2 अक्टूबर को**



**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शारदीय नवरात्र 22 सितंबर दिन सोमवार से प्रारंभ हो रहा है जो 1 अक्टूबर तक है। वही 2 अक्टूबर को दशहरा का पर्व मनाया जाएगा। इस वर्ष तृतीया तिथि की वृद्धि होने से माता की आराधना एक दिन अधिक होगी। इस प्रकार पूरा नवरात्र का त्योहार दस दिनो का होगा। वही, कलश स्थापना का मुहूर्त 22 सितंबर सुबह 6:19 से 8:11 तक है तथा पूर्वाह्न 11:56 से अपराह्न 12:44 तक है। उक्त जानकारी प्रखंड के महंथ जयनारायनपुरी उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय सिरौना के शिक्षक आचार्य संजीव कुमार तिवारी ने दी। उन्होंने बताया कि वर्ष, 2016 में भी द्वितीया तिथि की वृद्धि होने के कारण ऐसा ही संयोग बना था। तब, नवरात्र 1 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक मनाया गया था। रोचक तथ्य यह हैं कि इस बार मां दुर्गा का आगमन हाथी की सवारी पर होगा। यह आगमन समृद्धि, संतुलन और शांति का संकेत है। प्रस्थान के समय माता डोली पर सवार होकर जाएंगी। जो नए मार्ग, उत्साह और जनजीवन में उत्सव का प्रतीक है। यह शुभ योग समाज की सकारात्मक बदलाव की संभावना को दशार्ता है। यह पर्व मां दुर्गा के नौ स्वरूप शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कृष्णमुंडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री की भक्ति का है। इस के प्रत्येक दिन का अपना एक अलग महत्व है। जो मनुष्य के जीवन में उद्धार, शक्ति, वृद्धि , आनंद और साधना की ओर ले जाता है।

# थारू समुदाय ने भरी हुंकार, योग्य प्रत्याशी को देंगे वोट



**गौनाहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रामनगर प्रखंड के मन चंगवा पंचायत के बरवा में भारतीय थारू कल्याण महासंघ तपा जम्हौली व चेंगवन की संयुक्त बैठक अनुसूचित जाति भवन में हुई। बैठक की अध्यक्षता योजेंद्र महतो (जम्हौली) और वृजकिशोर महतो (चेंगवन) ने की, जबकि संचालन केंद्रीय उप महामंत्री अजय खतईत ने किया। बैठक में जंगली जानवरों से हो रहे जान-माल के नुकसान के स्थाई समाधान की मांग उठी। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि राज्यपाल, जनजाति आयोग और वन व पर्यावरण मंत्री को ज्ञापन सौंपा जाएगा।अजय खतईत ने ऐलान किया कि रामनगर विधानसभा में थारू समुदाय किसी पार्टी को नहीं, बल्कि कर्मठ और योग्य प्रत्याशी को वोट देगा। उन्होंने पार्टियों को थारू जनजाति को वोट बैंक समझने के भ्रम को त्यागने की चेतावनी दी। वृजकिशोर महतो ने बताया कि अबतक प्राप्त जानकारी के मुताबिक वाल्मीकि नगर विधानसभा से राष्ट्रीय जनता दल थारू प्रत्याशी को टिकट दे सकता है। यदि ऐसा हुआ, तो छह तपाओं (रामगीर बड़गांवा, जम्हौली, चेंगवन, दोन, चौपरण, राजपुर) के सदस्य उसका समर्थन करेंगे। बैठक में राजदेव काजी, दयाशंकर पटवारी, वाल्मीकि प्रसाद, गणेश प्रसाद, मोहनलाल चौधरी, भूपेश राय, ब्रह्मदेव प्रसाद, जीतेन्द्र महतो, विमलेश काजी, रमेश चौधरी, विजय महतो, रुद्रदेव महतो सहित दर्जनों सदस्य मौजूद रहे।

# विद्यालय के सफाई कर्मचारियों को एक वर्ष से नहीं मिला मानदेय, आक्रोश व्याप्त

**होली पर भी नहीं मिला था मानदेय, दशहरा, दीपावली व छठ पूजा भी फीकी रहने की आशंका ●चिरैया के 149 विद्यालयों में हाउस कीपिंग कंपनी ईएसईपीएल ग्रुप पटना द्वारा नियुक्त है सफाई कर्मी**




**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड सहित जिले के सरकारी विद्यालयों में ईएसईपीएल ग्रुप पटना द्वारा नियुक्त किए गए सफाई कर्मचारियों को कई महीनों से मानदेय नहीं मिला है। जिसके कारण ये कर्मी आर्थिक तंगी के शिकार है। वही समय पर मानदेय नहीं मिलने से कर्मी कर्ज के बोझ से मानसिक रूप से प्रताड़ित भी हो रहे है। इन सफाई कर्मचारियों पर विद्यालय के पूरे परिसर, शौचालय, मूत्रालय, वर्ग कक्ष, बेंच - डेस्क एवं कार्यालयों की नियमित साफ - सफाई की जिम्मेदारी है। इस पर भी इन्हें अल्प मानदेय दिया जाता है। इन कर्मियों को प्रति शौचालय पांच सौ रुपए की राशि देने का प्रावधान है। जिसमें शौचालय के साथ इन सभी कार्यों को भी करना पड़ता है। गरीबी के कारण इतनी कम राशि में भी इस कार्य को करने के लिए यह कर्मी मजबूर है। इसके बावजूद इन्हें समय पर मानदेय नहीं मिलता है। किसी विद्यालय में दो तो किसी में तीन शौचालय है। इससे आप अंदाजा लगा सकते है कि इन्हें महीने में कितनी राशि मिलती होगी। इस पर भी इनका मानदेय कई महीनों से बाकी है। किसी का एक वर्ष से तो किसी का आठ माह तो किसी का छः माह से मानदेय नहीं मिला है। यहां तक की होली में भी किसी को मानदेय नहीं मिला और जैसे तैसे कर्ज के सहारे अपने पर्व त्योहार को इस आस में मनाते है कि कुछ दिनों में मानदेय मिल जाएगा तो कर्ज उतार दूंगा। लेकिन विडंबना यह है कि इन कर्मियों के ऊपर कर्ज का बोझ दिनों दिन बढ़ते चला जा रहा हैं। इस प्रकार की स्थिति कमोवेश जिले के सभी प्रखंडों की है। जहां ये कर्मी मानदेय भुगतान के इंतजार में साहूकार के कर्ज के बोझ से पीड़ित है। किराना दुकानदार से लेकर कर्जदार तक सामग्री और रुपए देने के लिए तैयार नहीं है। सभी के समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। बता दें कि चिरैया प्रखंड के 149 विद्यालयों में हाउस कीपिंग कंपनी ईएसईपीएल द्वारा सफाई कर्मचारी नियुक्त किए गए है। इधर उक्त कंपनी के अधिकारी का कहना है कि सफाई कर्मी का अनुपस्थिति विवरणी हमलोग अपने कंपनी को भेज चुके है। वहां से फाइल लौटकर जिला के शिक्षा विभाग में अटका हुआ है। सभी कर्मियों के अनुपस्थिति विवरणी की जांच बीआरसी स्तर से प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के माध्यम से हो चुका है। पूर्व के जिला शिक्षा पदाधिकारी के पास फाइल पड़ा रहा पर फाइल आगे नहीं बढ़ सका। अब तक विभाग द्वारा ईएसईपीएल ग्रुप को सफाई कर्मियों के मानदेय के रूप में कोई राशि प्राप्त नहीं हो पाई है। समय समय पर उक्त कंपनी ने अपने माध्यम से सफाई कर्मियों का भुगतान किया है। बताया गया कि वर्तमान जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा सफाई कर्मियों के मानदेय राशि के भुगतान की दिशा में कार्रवाई की जा रही है। बहुत जल्द मानदेय का भुगतान किया जाएगा।

## चित्रगुप्त समिति की बैठक संपन्न

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** श्री चित्रगुप्त समिति, बेतिया, के तत्वावधान में चित्रगुप्त पूजा की तैयारी बैठक पूजा समिति के संयोजक विनय वर्मा की अध्यक्षता में आहूत की गई जिसमें समिति के कार्यकारिणी सदस्यों ने सहभागिता की।बैठक में आगामी चित्रगुप्त पूजा और नगर में निकाले जाने वाले शोभायात्रा एवं खेलकूद प्रतियोगिता, मंदिर परिसर में श्री गणेश मंदिर के निर्माण कार्य, मुख्य मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य एवं मंदिर के साफ सफाई पर चर्चा की गई। बैठक में चित्रगुप्त समिति के सचिव राकेश शरण पुन्नु, अमरेंद्र वर्मा, निर्भय वर्मा, संदीप श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, नवीन श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव चुन्नू, कन्हैया श्रीवास्तव, अनूप श्रीवास्तव उर्फ विधायक, प्रो. राकेश वर्मा, दीपक शरण, विकास श्रीवास्तव प्रदीप वर्मा आदि उपस्थित रहे।

CMYK

# नेताओं का चेहरा देखकर नहीं, अपने बच्चों के शिक्षा-रोजगार के लिए दें वोट : पीके

## जहानाबाद की जनता से पीके ने किया बड़ा वादा कहा- छठ के बाद युवाओं को बिहार में ही 12 हजार रुपये तक का देंगे रोजगार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर अपनी 'बिहार बदलाव' के तहत लगातार अलग-अलग जिलों में लोगों को संबोधित कर रहे हैं। इसी कड़ी में रविवार को स्थानीय गांधी मैदान में महती बिहार बदलाव सभा को संबोधित किया। प्रशांत किशोर ने जनसभा को संबोधित करते हुए राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव पर जोरदार हमला किया। उन्होंने कहा कि मैं पिछले तीन सालों से बिहार के गांव-गांव घूम रहा हूं। लोग कह रहे हैं कि 56 इंच सीना के लिए मोदी के लिए वोट दिए। लेकिन उनके अपने बच्चों का सीना 15 इंच का हो गया है। शरीर पर सूती कपड़ा या पैरों में चप्पल नहीं है। इसीलिए आपको अपने बच्चों की चिंता करनी है, कोई नेता आपके बच्चों की चिंता नहीं करेगा। उन्होंने उदाहरण देते हुए समझाया कि बिहार के लोगों को लालू जी से सीखना चाहिए कि बच्चों की चिंता क्या होती है। कहा कि लालू जी का बेटा 9वीं पास भी नहीं किया है, फिर भी वह चाहते हैं कि उनका बेटा राजा बने और दूसरी तरफ बिहार के लोग जिनके बच्चे मैट्रिक, बी.ए.,एम.ए. कर चुके हैं, फिर भी उन्हें नौकरी नहीं मिल रही है।प्रशांत किशोर ने जनता से अपील की कि इस बार उन्हें और उनके बच्चों को लूटने वाले नेताओं को वोट न दें। चाहे लालू हों, नीतीश हों या मोदी हों, इस बार नेताओं का चेहरा देखकर वोट न करें। इस बार अपने बच्चों के लिए वोट दें और बिहार में जनता का राज स्थापित करें। इस बार अपने बच्चों की शिक्षा और रोजगार के लिए वोट करें।

प्रशांत किशोर ने जनता से बड़ा वादा करते हुए कहा कि दिसंबर 2025 से बुजुर्गों को 2000 रुपये मासिक पेंशन, बच्चों को निजी स्कूलों में मुफ्त शिक्षा और युवाओं को बिहार में ही 10-12 हजार रुपये का रोजगार मिलने लगेगा।





प्रशांत किशोर ने जनता से बड़ा वादा करते हुए कहा कि दिसंबर 2025 से 60 साल से अधिक उम्र के हर पुरुष और महिला को 2000 रुपये मासिक पेंशन दी जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने बड़ा ऐलान किया कि जब तक सरकारी विद्यालयों में सुधार नहीं हो जाएगा, तब तक आप अपने 15 साल से कम उम्र के बच्चों को निजी स्कूलों में पढ़ाएं और उनकी फीस सरकार भरेगी ताकि गरीब का बच्चा भी अंग्रेजी मीडियम स्कूल में पढ़ सके। इसके अलावा प्रशांत किशोर ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि इस साल बिहार की बदहाली की आखिरी दिवाली और छठ होगी। छठ के बाद जहानाबाद के युवाओं को 10-12 हजार रुपये की मजदूरी करने के लिए अपना घर-परिवार छोड़कर नहीं जाना पड़ेगा। बिहार भर के ऐसे 50 लाख युवाओं को वापस बुलाकर उन्हें यहीं 10-12 हजार रुपये का रोजगार दे दिया जाएगा। इस सभा की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विमल शर्मा और संचालन जिला चुनाव प्रभारी शैलेश कुमार ने किया। सभा को जन सुराज प्रदेश कोर कमेटी के सदस्य सह जहानाबाद के संभावित प्रत्याशी डॉ अभिराम शर्मा ने भी संबोधित किया। उन्होंने परिवार लाभ कार्ड के बारे में लोगों को जानकारी दी और बिहार में बदलाव के लिए लोगों से अपील की।

प्रशांत किशोर के मंच पर पहुंचने से पूर्व भोजपुरी कलाकार राकेश मिश्रा और शिव कुमार बिक्कू ने अपने गीतों से समा बांध दिया। सभा में जिला महासचिव रामबाबू पासवान, मुकेश महादेव, युवा अध्यक्ष धीरज कुमार, महिला जिला अध्यक्ष नाजनी परवीन, प्रदेश कोर कमिटी के सदस्य एवं, जहानाबाद, विधानसभा क्षेत्र से भावी प्रत्याशी मुन्ना हुसैन, प्रकाश कुमार, रेखा पासवान, अनुराधा यादव, अरविंद चौधरी, प्रेम कुमार अनुमंडल अध्यक्ष राजकुमार सिंह, नगर अध्यक्ष कुमार, सभी प्रखंडों के प्रखंड अध्यक्ष, समेत बड़ी संख्या नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सात सूत्री मांगों को लेकर आशा कार्यकर्ताओं ने दिया धरना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)।** बिहार राज्य आशा एवं आशा फैसिलिटेटर संघ ने सात सूत्री मांग को लेकर शनिवार को रेफरल अस्पताल कुटुंबा में एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की अगुवाई कर रही संघ की महामंत्री सुधा सुमन ने कहा कि सरकार हमारे साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। वह हमें न तो मजदूर समझ रही है और न ही सरकारी कर्मचारी। आगे उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में आशा फैसिलिटेटर संघ द्वारा धरना प्रदर्शन किए जाने पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मानदेय देने का वादा किया था, परंतु इस बार भी हमें मात्र दो हजार रुपए पारितोषिक दिया गया जिससे हम सभी आशा कार्यकर्ता ठगा सा महसूस कर रहे हैं। हमारी मांग है कि सरकार हमें सरकारी सेवक घोषित करें और न्यूनतम वैधानिक मजदूरी 26000 रुपए भुगतान करे। वहीं पारितोषिक राशि का भुगतान मानदेय के रूप में करते हुए बढ़ी हुई राशि का एकमुश्त किया जाए। आशा कार्यकर्ताओं के सेवानिवृत्ति की उम्र 65 वर्ष करते हुए रिटायरमेंट बेनिफिट दस लाख रुपए तथा पेंशन दस हजार दी जाए। फतुहा और अमनौर में बीसीएम के दमनात्मक रवैए के खिलाफ विशेष जांच दल गठित की जाए तथा वेलनेस सेंटर पर सभी आशा कार्यकर्ताओं के बीच प्रोत्साहन राशि का बराबर भुगतान किया जाए। प्रदर्शन में शामिल आशा कार्यकर्ताओं ने कहा कि अगर सरकार हमारी मांगों को नहीं मानती है तो आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में सरकार के नुमाइंदों का घेराव किया करेंगी। प्रदर्शन में सुधा सुमन, लालमुनी देवी, नीलम कुमारी, सुषमा देवी, विंदा कुमारी, कंचन कुमारी, अनीता देवी, निर्मला कुमारी संगीता देवी समेत सैकड़ों आशा कार्यकर्ता शामिल थी।




## पालीगंज में समाज संवाद यात्रा का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पालीगंज।** नगर पंचायत पालीगंज के धरहरा स्थित मंडप मैरेज हॉल में समाज संवाद यात्रा के तहत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. सतेंद्र कुमार (एडवोकेट, पटना हाईकोर्ट) ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. रत्नेश चौधरी (एचओडी, फिजियोथेरेपी, आईजीआईएमएस पटना) और धीरेंद्र कुमार (सब एडिटर, न्यूज4नेशन) उपस्थित रहे। इस अवसर पर ब्रह्मर्षि समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में भागीदारी की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज को एकजुट करना और सामाजिक व राजनीतिक समस्याओं के समाधान पर विचार करना था। वक्ताओं ने कहा कि समाज की एकता ही उसकी असली ताकत है। यदि लोग आपसी मतभेद छोड़कर एकजुट होकर आगे बढ़ें तो सामाजिक और राजनीतिक दोनों स्तरों पर मजबूती मिल सकती है। वक्ताओं ने यह भी कहा कि चुनाव के समय समाज को अपने हित और अधिकारों को ध्यान में रखकर सामूहिक निर्णय लेना चाहिए। ब्रह्मर्षि समाज की हमेशा से महत्वपूर्ण भूमिका रही है और भविष्य में भी अगर सभी लोग मिलकर काम करेंगे तो क्षेत्र और समाज दोनों का विकास सुनिश्चित होगा। इस मौके पर डॉ श्यामनंदन शर्मा, प्रोफेसर विजय कुमार सैंडिल, मिथिलेश शर्मा किसान लीडर जहानाबाद, पूर्व मुखिया सुरेंद्र शर्मा, सुनील कुमार सहित स्थानीय गणमान्य लोग और समाज के बुद्धिजीवी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में समाज की एकजुटता पर जोर दिया और भविष्य में समाज के हित में मिलकर काम करने का संकल्प लिया।

# टेहटा : अवैध रूप से लग रहे पशुहाट से आमलोग त्रस्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के टेहटा पशुहाट से आम लोग काफी परेशान है। प्रत्येक शनिवार के दिन लगने वाले पशु मेले का ना तो कोई लाइसेंस है और ना ही उसे सरकार से चलाने का कोई आदेश प्राप्त है। बावजूद इसके अवैध रूप से लग रहे पशुहाट से आम लोग पूरी तरह से त्रस्त हैं। सड़को पर ही पशु खरीदे और बेचे जाते हैं। जिसके कारण पूरे दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। जाम में दफ्तर या काम पर जाने वाले लोग, स्कूल जाने वाले बच्चे, बीमार रोगी सभी घंटों तक सड़क पर मशक्कत करते नजर आते हैं। बावजूद इसके प्रशासन आमलोगों की समस्याओं से बेफिक्र तमाशबीन बनी हुई है। टेहटा थाना के चहारदीवारी से सटे लग रहे पशुहाट में पशु क्रूरता अधिनियम 1960 एवं बिहार पशु संरक्षण एवं सुधार अधिनियम 1955 की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। न केवल पशुओं को क्रूरता पूर्ण तरीके से खरीदा वा बेचा जा रहा है। बल्कि छोटे वाहनों में भरकर पशुओं की तस्करी की जा रही है। इन सबके बावजूद थाना अनजान और अनभिज्ञ बनी है। वही जाम में फंसे राहगीरों ने बताया के ये पशुहाट एक तरह से रंगदारी का सबूत दे रही है। खुलेआम रोड पर पशु हाट लगाकर रसीद काटकर पैसा वसूला जा रहा है, और आम लोग परेशान हो रहे हैं। लोगों ने जिले के वरीय पदाधिकारी से इस पर संज्ञान लेकर कार्रवाई करने की मांग की है।



## एक नजर

### फरार चल रहे दो आरोपित गिरफ्तार

**मखदुमपुर।** जहानाबाद जिले के विशुनगंज थाना कि पुलिस ने पूर्व के केश में फरार चल रहे दो आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इस आशय की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष ने बताया कि पुलिस ने भेख गांव में छापेमारी कर फरार चल रहे कारू मांझी को गिरफ्तार किया है। साथ ही पुलिस ने धरौत गांव में छापेमारी कर शम्भु साव को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार दोनों लोगों के विरुद्ध न्यायालय से गिरफ्तारी का वारंट निर्गत था जिसे गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### अखाड़ा पूजा के दिन होगा दुगोला कार्यक्रम

**औरंगाबाद।** 22 सितंबर से नवरात्रि प्रारंभ हो रहा है। ऐसे में औरंगाबाद शहर के सभी अखाड़ा पूजा की तैयारी को लेकर एक्टिव हो गए हैं। शहर के कामा बिगहा स्थित बजरंग क्लब के द्वारा 25 सितंबर को अखाड़ा पूजन का आयोजन किया गया है। वहीं इस दिन दुगोला कार्यक्रम भी किया जाएगा जिसमें बक्सर के बूढ़ा व्यास और गोपालगंज के अरविंद सिंह अभियंता के बीच मुकाबला होगा। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर कामा बिगहा गांव के सभी ग्रामीण लगे हुए हैं।

### दरवाजे से स्कॉर्पियो चोरी, घटना सीसीटीवी में कैद

**गोह (औरंगाबाद)।** गोह थाना क्षेत्र के बाजार बर्मा गांव से एक स्कॉर्पियो वाहन चोरी होने का मामला सामने आया है। हालांकि पूरी करतूत घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। मामले में गयाजी जिले के कोंच थाना अंतर्गत अंसारा गांव निवासी सुनील कुमार ने बताया कि बरसात के कारण उनके पैतृक गांव अंसारा में घर के बाहर कीचड़ हो गया था। इसी वजह से वे अपनी स्कॉर्पियो को घर पर खड़ी नहीं कर पा रहे थे। उन्होंने अपनी स्कार्पियो को कुछ दिनों से अपनी बहन संपू कुमारी, पति स्वर्गीय सुनील यादव के घर, बाजार बर्मा गांव में खड़ा कर रखा था। 21 सितंबर 2025 की सुबह करीब 3:45 बजे उनकी बहन ने फोन पर सूचना दी कि स्कार्पियो घर के बाहर से गायब है। सुनील कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही वे बहन के घर पहुंचे और संबंधियों के साथ मिलकर आसपास काफी खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। यहां तक कि गश्ती दल को सूचना देने के बावजूद वाहन की बरामदगी को लेकर कोई सफलता नहीं मिली। मामले में सुनील कुमार ने अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराया है। मामले में थानाध्यक्ष प्रशान्त कुमार सिंह ने बताया छानबीन की जा रही है, टैक्निकल टीम कई एंगल से जांच पड़ताल कर रही है, जल्द ही खुलासा करने की बात कही है।

### होमगार्ड और विधानसभा सुरक्षा प्रहरी की भर्ती परीक्षा में एलओसी ट्रेनिंग सेंटर का दिखा जलवा

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के मखदुमपुर में संचालित एलओसी सेना भर्ती केंद्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं ने हाल के दिनों आयोजित होमगार्ड, विधानसभा सुरक्षा प्रहरी सहित अर्द्ध सैनिक बलों के लिए आयोजित भर्ती में सफलता प्राप्त कर संस्थान का नाम रौशन किया है। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक शैलेन्द्र कुमार ने एलओसी से प्रशिक्षण प्राप्त कर नौकरी पाने वाले अभ्यर्थियों को मिठाई खिलाकर उन्हें उनके सफलता पर बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस दौरान अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए शैलेन्द्र कुमार ने कहा कि आप सभी के आतंक परिश्रम और संस्थान के मार्गदर्शन ने आपको अपने मंजिल तक पहुंचाया। इस दौरान अभ्यर्थियों ने संस्थान द्वारा दिए गए कुशल निर्देशन और अनुशासन को अपनी सफलता का कारण बताते हुए अपने अनुभव को साझा किया। इस दौरान बड़ी संख्या में लड़कियों और महिला अभ्यर्थी के सफल होने पर हर्ष व्यक्त करते हुए सेवा निवृत सैनिक रविन्द्र कुमार ने कहा कि महिला अधिकारिता और शसक्तीकरण के दिशा में इनकी सफलता मिल का पत्थर साबित होगी। सफलता प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों में पिंकी कुमारी, इंदु कुमारी, पूनम कुमारी, चांदनी कुमारी, अभिषेक कुमार, मुन्ना कुमार, सिकंदर कुमार, लाल बाबू, प्रिंस कुमार, बंदी शंकर सहित कई चयनित अभ्यर्थियों को संस्थान की ओर से सम्मानित भी किया गया।

### बिहार को सुधारना एवं भ्रष्टाचार को मिटाना है : जनसुराज

**रफीगंज।** रफीगंज के निजी पैलेस मे जनसुराज पार्टी के द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया। जनसू राज्य के संभावित प्रत्याशियों ने कहा कि जनसुराज पाटी का संकल्प है बिहार को सुधारना एवं भ्रष्टाचार को मिटाना। जनसुराज के महिला प्रकोष्ठ के कार्यकारणी सदस्य शगुफ्ता यास्मीन, जनसुराज कोर कमिटी सदस्य तजमूल खां, जनसुराज के नेता मास्टर आरिफ रजा ने कहा कि जनसुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने संकल्प लिया है। नया बिहार बनाना है। भ्रष्टाचार को मिटाना है। पलायन को रोकना है। बेरोजगारी मिटाना है। बिहार को खुशहाल क्षेत्र बनाना है। क्षेत्र के समस्याओ को दूर करने के लिए हर समाज के लोगो से मिलेगे। प्रशांत किशोर ने एनडीए के चार प्रमुख नेताओं का चिट्ठा खोला है। जो बडे पैमाने पर भ्रष्ट में लिप्त है। बिहार में हो रहे बडे पैमाने पर भ्रष्टाचार का खुलासा शीघ्र ही होगा। बिहार मे नल - जल योजना मे काफी गडबडी हुई है। अधिकांश जगह पर पानी मिलना बंद हो गया। इस बार रफीगंज विधानसभा एवं बिहार सरकार का बदलाव

# अफवाह फैलाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**फुलवारीशरीफ।** आगामी दुर्गापूजा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर शनिवार को फुलवारीशरीफ थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीपीओ सुशील कुमार ने की, जबकि संचालन थानाध्यक्ष मोहम्मद गुलाम शाहबाज आलम ने किया। बैठक में पूजा और विसर्जन के दौरान कानून व्यवस्था और शांति-सौहार्द बनाए रखने पर व्यापक चर्चा हुई। सभी सदस्यों ने प्रशासन को अपने सुझाव दिए। बैठक में निर्णय लिया गया कि पूजा में डीजे और शस्त्र प्रदर्शन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, फायर ब्रिगेड और मेडिकल टीम की जानकारी उपलब्ध रहेगी, और मूर्ति विसर्जन के समय किसी की भावनाओं को आहत करने वाला गाना नहीं बजाया जाएगा। एसडीपीओ सुशील कुमार ने बताया कि पूजा पंडालों के आसपास पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। भीड़ में असामाजिक तत्वों की पहचान के लिए सादे लिबास में पुलिसकर्मी, जिनमें महिला पुलिसकर्मी भी शामिल होंगी, तैनात रहेंगे।

# सी.जे.एम कौशलेन्द्र कुमार शुक्ला ने वृक्षों के आध्यात्मिक महत्व पर दिया जोर



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री परिवार की युवा इकाई प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ जहानाबाद के द्वारा लगातार 225वें रविवासरीय साप्ताहिक वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन जहानाबाद सी.जे.एम आवास में किया गया। इस अवसर पर जहानाबाद के सी.जे.एम. कौशलेन्द्र कुमार शुक्ला एवं उनकी धर्म पत्नी पूजा शुक्ला उपस्थित थीं। मौके पर उपस्थित सी.जे.एम. ने वृक्षों का महत्व बताते हुए कहा कि विष्णु-स्मृति में वृक्षों का वर्णन इस प्रकार किया गया है। 'वृक्षारोपतितुर्वृक्षाः परलोके पुत्रा भवन्ति'। अर्थात्—जो मनुष्य वृक्ष लगाता है, वे वृक्ष परलोक में उसके पुत्र बनकर जन्म लेते हैं। वृक्षों का दान देने वाला उसके फूलों से देवताओं को प्रसन्न करता है। फलों द्वारा अतिथियों को सन्तुष्ट करता है और भीषण गर्मी एवं वर्षा में छाया द्वारा पथिकों को सुख देता है। वृक्ष फल तथा जल द्वारा पितरों को प्रसन्न करता है। पुष्पों फूलों का दान करने वाला श्रीमन्त और कुंआ, तालाब तथा देवस्थानों का संस्कार कराने वाला नया बनवाने के समान पुण्यफल प्राप्त किया करता है।

वृक्षारोपण तथा पोषण के आध्यात्मिक महत्व को समझते हुए श्री शुक्ला ने कहा कि प्रत्येक धर्मानुरागी तथा आध्यात्मिक जिज्ञासु को अपने जीवन में अनेक वृक्ष लगाने चाहिये और उन्हें पुत्र की तरह प्रेम से पालन पोषण करना चाहिए और जहां तक सम्भव हो किसी लाभ, लोभ अथवा आवश्यकता से कोई हरा वृक्ष को कदापि काटना नहीं चाहिये। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि इन दिनों वर्षा ऋतु चल रही है जिनके लिए संभव हो खाली जमीन पर वृक्ष लगाकर एक श्रेष्ठ पुण्य परमार्थ उपार्जित करना चाहिए। गायत्री परिवार द्वारा किया जा रहा नियमित साप्ताहिक वृक्षारोपण कार्यक्रम जिले को हरा-भरा बनाने में मील का पत्थर साबित होगा। इस पावन अवसर पर रंगेश कुमार, बचन देव कुमार,कौशल कुमार, शिशुपाल सिंह, भारती जी,आशुतोष कुमार, रामसुमिरन शर्मा, श्रीराम शर्मा एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

# हाईटेक होगा जहानाबाद रेलवे स्टेशन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** दक्षिण बिहार के महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों में शुमार पटना- गया रेलखंड के मध्य में स्थित जहानाबाद रेलवे स्टेशन को मॉडल स्टेशन बनाने की कवायद वर्ष 2023 के अंत में शुरू हुई थी लेकिन निर्माण एजेंसी की कच्छप चाल के कारण एक चौथाई कार्य भी पिछले 20 माह में पूरा नहीं किया जा सका है। रेलवे प्रशासन ने मार्च 2025 तक इसके पूरे होने का लक्ष्य तय किया था, लेकिन हकीकत यह है कि दो साल बीत जाने के बावजूद केवल 15 प्रतिशत कार्य ही पूरा हो सका है। अब इसका कायाकल्प की योजना और निर्माण 2027 तक खिंच गया है, जिससे यात्रियों को और दो साल तक परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

**यात्रियों की बढ़ी मुश्किलें**

मॉडल स्टेशन बनाने की योजना के तहत पुराना भवन पहले ही तोड़ दिया गया है। अस्थायी व्यवस्था में यात्रियों को टिकट लेने, बैठने और ठहरने में लगातार दिक्कत हो रही है। बरसात के मौसम में परेशानी और बढ़ जाती है, क्योंकि यात्रियों को खुले में खड़ा रहना पड़ता है। कई बार ट्रेन छूटने या लेट होने की स्थिति में यात्रियों को रुकने के लिए पर्याप्त जगह नहीं मिल पाती। स्थानीय लोगों का कहना है कि काम की रफ्तार बेहद धीमी है और इसके कारण जहानाबाद की जनता को सीधे तौर पर मुश्किलें झेलनी पड़ रही हैं।

**रेलवे की ओर से अपडेट**

हाल ही में डिविजनल रेलवे मैनेजर ने जहानाबाद स्टेशन का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान उन्होंने काम की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए थे। निरीक्षण के बाद निर्माण कार्य में कुछ तेजी जरूर आई है, लेकिन अभी भी लक्ष्य से बहुत पीछे है। रेलवे प्रशासन का कहना है कि यात्रियों को अब और दो साल इंतजार करना होगा।

मॉडल स्टेशन बनने के बाद जहानाबाद स्टेशन पूरी तरह आधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा। योजना के तहत—2 लिफ्ट और 4 एस्केलेटर लगाए जाएंगे।यात्रियों के लिए 1200 फीट लंबा फुट ओवरब्रिज तैयार होगा।वहीं स्टेशन परिसर में लगभग 4000 फीट क्षेत्र में गार्डन विकसित किया जाएगा।एसी वेटिंग हॉल, साफ-सुथरे शौचालय और अत्याधुनिक टिकट काउंटर बनाए जाने की भी योजना है।सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पूरा स्टेशन सीसीटीवी कैमरों से लैस होगा।स्टेशन के निकास द्वार पूर्व दिशा में होगा जबकि पिछले हिस्से को घेराबंदी कर बंद किया जाएगा।एंट्री और एग्जिट गेट अलग-अलग होंगे। एग्जिट गेट के पास ही सभी श्रेणियों के टिकट काउंटर होंगे।टिकट काउंटर के पूर्व दिशा में पांच मंजिला इमारत बनाई जाएगी, जिसमें विभागीय कार्यालय और एसी वेटिंग हॉल शामिल होगा।

**यात्रियों की उम्मीदें और सवाल**

स्थानीय लोगों और यात्रियों में स्टेशन के कायाकल्प को लेकर उत्साह तो है, लेकिन धीमी रफ्तार पर नाराजगी भी कम नहीं। उनका कहना है कि सरकार और रेलवे प्रशासन को निर्माण की गति बढ़ानी चाहिए, ताकि यात्रियों को सुविधाएं जल्द उपलब्ध हो सके। हर दिन 30 हज़ार से अधिक यात्री इस स्टेशन से विभिन्न स्थानों के लिए यात्रा करते हैं। वैसे में उन्हें बेहतर प्रतीक्षालय, सुरक्षित प्लेटफॉर्म और आधुनिक सुविधाओं की दरकार है।

# शिक्षक के घर से लाखों की चोरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जिले के शहरी इलाकों में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। लगातार हो रही वारदातों से आमजन में भय का माहौल बना हुआ है। इसी कड़ी में शनिवार की देर रात नगर थाना क्षेत्र के शिक्षक कॉलोनी में मध्य विद्यालय शकूराबाद में पदस्थापित शिक्षक दिपु कुमार अज्ञात चोरों ने एक शिक्षक के घर को निशाना बनाते हुए लाखों के जेवरात और कीमती सामान की चोरी कर ली। पीड़ित शिक्षक ने बताया कि घर से करीब 35 ग्राम से अधिक सोना, तीन किलो से ज्यादा चांदी (जो उनकी माता जी की थी) तथा अन्य कीमती सामान चोरी हुई है। चोरी गए सामान की कीमत लगभग 7 लाख रुपये आंकी जा रही है। बताया जाता है कि सुबह करीब चार बजे जब परिवार के लोग जागे, तो कमरे का दरवाजा खुला पाया गया और आलमारी-बक्से बिखरे हुए थे। इसके बाद पूरे मामले का खुलासा हुआ। सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। थानाध्यक्ष मोहन प्रसाद सिंह ने बताया कि इस मामले को गंभीरता से लिया गया है और पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है। उन्होंने आम नागरिकों से अपील किया कि यदि किसी संदिग्ध व्यक्ति पर नजर पड़े तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। पुलिस प्रशासन का कहना है कि अपराधियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा और जल्द ही दोषियों को पकड़कर कानून के हवाले किया जाएगा।

# कोई भी व्यक्ति शिव को बना सकता है अपना गुरू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** कुटुंबा प्रखंड में शिव गुरु महोत्सव का आयोजन किया गया। यह आयोजन महेश्वर शिव के गुरू स्वरूप से एक-एक व्यक्ति का शिष्य के रूप में जुड़ाव हो सके इसी बात को सुनाने और समझाने के निमित्त किया गया।

कार्यक्रम में शिव शिष्य साहब श्री हरीन्द्रानन्द जी के संदेश को लेकर आए कार्यक्रम की मुख्य वक्ता रामेश्वरम मंडल ने कहा कि शिव केवल नाम के नहीं अपितु काम के गुरु हैं। शिव के औढरदानी स्वरूप से धन, धान्य, संतान, सम्पदा आदि प्राप्त करने का व्यापक प्रचलन है तो उनके गुरू स्वरूप से ज्ञान भी क्यों नहीं प्राप्त किया जाय? किसी संपत्ति या संपदा का उपयोग ज्ञान के अभाव में घातक हो सकता है।



रामेश्वरम मंडल ने कहा कि शिव जगतगुरु हैं। अत जगत का एक-एक व्यक्ति चाहे वह किसी धर्म, जाति, संप्रदाय, लिंग का हो शिव को अपना गुरू बना सकता है। शिव का शिष्य होने के लिए किसी पारम्परिक औपचारिकता अथवा दीक्षा की आवश्यकता नहीं है। केवल यह विचार कि "शिव मेरे गुरू हैं" शिव की शिष्यता की स्वमेव शुरूआत करता है। इसी विचार का स्थायी होना हमको आपको शिव का शिष्य बनाता है। मौके पर अध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह उर्फ गांधीजी, संतोष सिंह, वीरेंद्र सिंह, संतोष सोनी, विनय, सहेंद्र कुमार, बलिराम सिंह, ओंकार सिंह, सत्येंद्र सिंह, ओम जी समेत सैकड़ों की संख्या में महिला—पुरुष मौजूद रहे।

# जहानाबाद शहर में 100 साल पुराना बरगद का पेड़ गिरा

## कई दुकानें हुई ध्वस्त, बिजली आपूर्ति ठप





नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जहानाबाद शहर के अस्पताल मोड़ के समीप मटकुरी कुआं के पास रविवार की सुबह उस समय अफरातफरी मच गई जब करीब 100 साल पुराना बरगद का पेड़ अचानक टूटकर दुकानों पर गिर पड़ा। पेड़ गिरने से कई छोटी दुकानों को भारी नुकसान पहुंचा है। हालांकि, गनीमत रही कि किसी की जान नहीं गई, लेकिन दुकानदारों के सामने रोज़ी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यह घटना सुबह लगभग 5 बजे की है, जब पेड़ का बड़ा हिस्सा टूटकर सीधे एक बर्तन की दुकान पर गिरा। उस वक्त दुकानदार दुकान के अंदर ही सोया हुआ था। पेड़ गिरते ही आसपास के लोग दौड़े और हल्ला मचाकर दुकानदार को बाहर निकाला। समय रहते उसे सुरक्षित निकाल लिया गया, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि यहां ज्यादातर दुकानदार ठेले या गुमटी पर अपनी रोज़ी-रोटी चलाते हैं। पेड़ गिरने से कई ठेले टूट गए, गुमटी दबकर क्षतिग्रस्त हो गईं और कई दुकानों के शेड चकनाचूर हो गए। एक पीड़ित दुकानदार ने बताया कि हम लोग दिन-रात मेहनत करके घर चलाते हैं। अब दुकान उजड़ गई तो बच्चों का खर्च कैसे चलेगा? बताया जाता है कि सैकड़ों वर्ष पुराना बरगद का यह विशाल पेड़ सड़क किनारे लंबे समय से खड़ा था। इसकी मोटी शाखाएं पास से गुजर रही बिजली की तारों पर भी गिर गईं, जिससे तार टूटकर बिखर गए और आसपास के मोहल्लों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। मौके पर पहुंचे बिजली विभाग के इंजीनियरों और कर्मचारियों ने मरम्मत कार्य शुरू किया है। अधिकारियों ने बताया कि जल्द ही बिजली बहाल कर दी जाएगी। इधर, वन विभाग को भी घटना की सूचना दी गई है। स्थानीय नागरिकों ने विभाग से मांग की है कि पेड़ के शेष हिस्से को काटकर जल्द से जल्द हटाया जाए, ताकि सड़क पूरी तरह साफ हो सके। फिलहाल लोगों ने छोटी शाखाओं को काटकर मार्ग को आंशिक रूप से खोल दिया है, लेकिन भारी वाहन अब भी नहीं गुजर पा रहे हैं। दुकानदारों ने जिला प्रशासन से तत्काल राहत और मुआवजे की मांग की है। उनका कहना है कि उनका सब सामान बर्बाद हो गया है और व्यापार ठप हो गया है। वहीं, नागरिकों का कहना है कि प्रशासन को ऐसे पुराने और जर्जर पेड़ों की समय-समय पर जांच और छंटाई करनी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसे हादसे न हों।

# जनसंपर्क अभियान : हर बूथ को मजबूत बनाने का एनडीए का संकल्प

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**फुलवारी।** फुलवारी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नगवा, नगवा महादलित टोला, बालापुर महादलित टोला और अबु लोदीपुर इलाकों में 'संवाद फुलवारी – आबाद फुलवारी' अभियान के तहत व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया गया। मुख्य अतिथि, पूर्व विधायक एवं जदयू अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के राज्य प्रभारी अरुण मांझी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार सरकार ने सामाजिक न्याय, शिक्षा, स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण को केंद्र में रखते हुए कई ऐतिहासिक योजनाओं को लागू किया है। उनका उद्देश्य है कि इन योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे। जनसंपर्क के दौरान जनता को जल-जीवन-हरियाली योजना, मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना, सात निश्चय योजना, नल-जल, नाली-गली, सड़क निर्माण, इंटरनेट सुविधा, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, दलित-महादलित बच्चों के लिए आवासीय विद्यालय योजना, शौचालय निर्माण जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस मौके पर सुमित कुशवाहा, भवानी सिंह, अंबिका कुशवाहा, संतोष जसवार, सुरेश महतो, भूषण रजक, टिंकु सिंह, रंजीत कुमार, गोपाल चंद्रवंशी, लालमोहन मांझी, सुखारी मांझी, गोलु मांझी, बसंत मांझी, विकास मांझी, अनिल चौधरी, सोहराई मांझी, मालती देवी, लीला देवी, अनीता देवी, मीना देवी, ममता देवी, उर्मिला देवी, कलावती देवी, किरण देवी, सीमा देवी, रीता देवी, मंजू देवी, उषा देवी सहित सैकड़ों महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में सभी एनडीए कार्यकर्ताओं ने अरुण मांझी के नेतृत्व में फुलवारी विधानसभा क्षेत्र के 'हरेक बूथ-एनडीए मजबूत' संकल्प को धरातल पर उतारने और आदर्श मॉडल प्रस्तुत करने का संकल्प दोहराया।

# नैक संस्थान नहीं, शिक्षकों का करता है मूल्यांकन: कुलपति

## मुंगेर विश्वविद्यालय एवं आरडी एंड डीजे कॉलेज की संयुक्त पहल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुंगेर।** मुंगेर विश्वविद्यालय एवं आरडी एंड डीजे कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में 'नैक मूल्यांकन पर जागरूकता' विषयक एक दिवसीय कार्यशाला रविवार को कॉलेज सभागार में आयोजित की गई। इस अवसर पर कुलपति प्रो (डॉ) संजय कुमार अध्यक्ष सह मुख्य अतिथि रहे जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में उच्च शिक्षा निदेशक प्रो (डॉ) एनके अग्रवाल और कुलसचिव डॉ घनश्याम राय उपस्थित थे। कार्यशाला का उद्देश्य उच्च शैक्षणिक संस्थानों को नैक मूल्यांकन के विभिन्न मानकों की जानकारी देना, संस्थानों को अपनी सेल्फ स्टडी रिपोर्ट (एसएसआर) भरने में मार्गदर्शन देना तथा संस्थागत प्रदर्शन सुधार हेतु उपाय सुझाना था। कार्यशाला के संयोजक कॉलेज के प्राचार्य प्रो (डॉ) बिजेंद्र कुमार और आयोजन सचिव मुनींद्र कुमार सिंह थे। संचालन कार्यक्रम समन्वयक मुनींद्र कुमार सिंह ने किया। विश्वविद्यालय के 35 कॉलेजों से 180 प्रतिभागियों, जिनमें प्राचार्य, आइक्यूएसी कोऑर्डिनेटर और डाटा एंट्री ऑपरेटर शामिल थे, ने भाग लिया। विशिष्ट सत्रों में उच्च शिक्षा निदेशक एनके अग्रवाल ने कहा कि सबसे पहले शिक्षकों को आत्ममूल्यांकन करना चाहिए और अपने अध्यापन कार्य पर गर्व करना चाहिए। शैक्षणिक संस्थान की उत्कृष्टता ही शिक्षक की पहचान है। समाज संस्थान के स्तर के आधार पर ही मूल्यांकन करता है, इसलिए उच्च शिक्षा की गुणवत्ता निर्माण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सामाजिक और प्रशासनिक स्तर पर घटते शिक्षक सम्मान की चिंता जताई और उत्कृष्ट कार्य को नैतिकता के साथ करने पर बल दिया। कुलसचिव डॉ घनश्याम राय ने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों के प्रदर्शन के मूल्यांकन हेतु नैक प्रक्रिया अनिवार्य है और यह कार्यशाला सभी कॉलेजों को मूल्यांकन की तैयारी में मार्गदर्शन देगी। कुलपति प्रो (डॉ) संजय कुमार ने अध्यक्षीय वक्तव्य में कहा कि नैक मूल्यांकन संस्थान का नहीं बल्कि शिक्षकों का मूल्यांकन है। इसमें अकादमिक और शोध कार्य का आकलन ग्रेड के माध्यम से किया जाता है। उन्होंने 127 वर्ष पुराने आरडी एंड डीजे कॉलेज में नैक कार्यशाला आयोजित होने पर प्रसन्नता व्यक्त की और आशा जताई कि सभी कॉलेज इससे लाभान्वित होंगे। इस अवसर पर कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर गोपाल प्रसाद चौधरी समन्वयक, डॉ केसी पटनायक प्रोग्राम एडवाइजर और एस एम नायाब टेक्निकल एडवाइजर रहे। प्राचार्य बिजेंद्र कुमार ने बताया कि 2017 में कॉलेज का पहली बार नैक मूल्यांकन हुआ था और अब द्वितीय चक्र हेतु तैयारी चल रही है। डीएसडब्लू प्रो (डॉ) महेश्वर मिश्रा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यशाला को सफल बनाने में अनुष्का श्री, वंशिका, हर्ष, मृतुंजय, सुधांशु, अनुनय घोष, अभिषेक कुमार सम्मान, सौरव शांडिल्य और सुमंत कुमार की भूमिका सराहनीय रही। इस मौके पर दरभंगा से देवघर जाते हुए ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय दरभंगा के सीनेट एवं सिंडिकेट सदस्य प्रो (डॉ) बैजनाथ चौधरी 'बैजू बाबू' ने भी कुलपति संजय कुमार और कुलसचिव घनश्याम राय से शिष्टाचार मुलाकात की। उन्हें कुलपति और कुलसचिव ने चादर व पौधा भेंटकर सम्मानित किया।




## एक नजर

### पालीगंज में विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता संवाद

**पालीगंज।** नगर बाजार स्थित जयप्रकाश आश्रम में रविवार को विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व पूर्व लोकसभा प्रत्याशी डॉ. अशोक कुमार वर्मा को आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में पालीगंज से एनडीए प्रत्याशी बनाए जाने की जोरदार मांग उठी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंकज शर्मा और संचालन नवल किशोर सिंह ने किया। संवाद में बड़ी संख्या में सभी जाति, धर्म और समुदाय के लोग शामिल हुए। कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में कहा कि डॉ. वर्मा लंबे समय से एनडीए के लिए सक्रिय हैं। वे पूर्व में एनडीए की ओर से कुर्था विधानसभा और आरा लोकसभा से प्रत्याशी रह चुके हैं। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. वर्मा ने पालीगंज में रहकर जनता की समस्याओं को करीब से समझा है और अपनी मेहनत व कार्यशैली से लोगों के बीच अच्छी छवि बनाई है। कार्यक्रम में पूर्व विधानसभा प्रत्याशी चंदन कुमार, मुखिया अरविंद कुमार मौर्य, मुखिया पति हरेकृष्णा कुमार, मोहन कुमार, जयनंदन वर्मा, सुरेंद्र प्रसाद, पूर्व मुखिया राजेश कुमार, जय कुमार, रवीश कुमार, उमेश सिंह, विजय शर्मा, पूर्व मुखिया सह जिला पार्षद अरविंद कुमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

**पालीगंज।** खिरिमोड़ थाने में रविवार को दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता एएसआई रुदल कुमार सिंह ने की। उन्होंने पूजा समितियों को निर्देश दिया कि पंडालों में वोलेंटियर तैनात हों, लाइटिंग और सीसीटीवी की व्यवस्था की जाए तथा डीजे का इस्तेमाल न हो, केवल लाउडस्पीकर या छोटे साउंड बॉक्स बजाए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि हर पंडाल में मजिस्ट्रेट और पुलिस तैनात रहेगी व लगातार पेट्रोलिंग होगी। विसर्जन जुलूस की वीडियोग्राफी कराना अनिवार्य होगा और शाम तक मूर्ति विसर्जन पूरा कर लेना होगा। उपद्रव करनेवालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में एसआई अरुण कुमार, मुखिया दशरथ राम, राजकुमार, विकास यादव, कन्हाई पासवान, महेंद्र पासवान, मुन्ना कुमार समेत कई लोग मौजूद रहे।

### शंभू हत्याकांड के आरोपितों के घर साटा गया इश्तेहार

**मसौढ़ी।** पुनपुन थाना क्षेत्र के नंदपुरा गांव में चर्चित शंभू दास हत्याकांड के फरार चल रहे दो आरोपितों के घर पर रविवार को पुलिस ने ढोल-नगाड़े की थाप के बीच इश्तेहार चिपकाकर आत्मसमर्पण की चेतावनी दी। थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि करीब पांच वर्ष पूर्व आपसी विवाद को लेकर दो गुटों में जमकर मारपीट हुई थी। इसी दौरान लाठी-डंडे की चोट से अर्जुन दास गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें इलाज के लिए पीएमसीएच पटना ले जाया गया, जहां दूसरे दिन उनकी मौत हो गई थी। इस मामले में पुनपुन थाना कांड संख्या 63/20 दर्ज की गई थी। प्राथमिकी में कुल 10 लोगों को नामजद किया गया था, जिनमें से अब तक आठ आरोपित अदालत में सरेंडर कर चुके हैं। जबकि दो मुख्य अभियुक्त–– सोनू दास (पिता कपिल दास) एवं सदन दास (पिता रामनाथ दास), दोनों निवासी नंदपुरा–– पिछले पांच वर्षों से फरार चल रहे थे। इन्हीं दोनों के घर पर रविवार को पुलिस ने न्यायालय के आदेश के आलोक में इश्तेहार साटकर उन्हें शीघ्र आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी है।

### एसएफआई, मसौढ़ी यूनिट की बैठक सम्पन्न

**मसौढ़ी।** स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) मसौढ़ी यूनिट की बैठक रविवार को कैलूचक स्थित एक निजी कोचिंग संस्थान में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संयोजक पिंटू कुमार ने की, जबकि कार्यकारी राज्य सचिव देवदत्त कुमार वर्मा एवं राज्य अध्यक्ष कांति कुमारी विशेष पर्यवेक्षक के रूप में मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए देवदत्त कुमार वर्मा ने कहा कि स्थापना काल से ही एसएफआई "सबको शिक्षा, सबको काम" के नारे के साथ संघर्षरत रही है। आज बिहार ही नहीं, पूरे देश में शिक्षा की गुणवत्ता लगातार गिर रही है। शिक्षा का निजीकरण, बाजारीकरण और व्यवसायीकरण तेजी से बढ़ रहा है, जिसके कारण गरीब छात्र शिक्षा से वंचित हो रहे हैं। सरकारी शैक्षणिक संस्थान बंद हो रहे हैं और स्कूल–कॉलेज भ्रष्टाचार एवं असामाजिक तत्वों के अड्डे बनते जा रहे हैं। उन्होंने रोजगारोन्मुखी शिक्षा पद्धति लागू करने की मांग दोहराई। राज्य अध्यक्ष कांति कुमारी ने बैठक में जानकारी दी कि आगामी 25 सितंबर 2025 को पटना कॉलेज, पटना में एसएफआई द्वारा एक सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में जेएनयू छात्र संघ की पूर्व अध्यक्ष एवं एसएफआई राष्ट्रीय संयुक्त सचिव आइशी घोष छात्रों को संबोधित करेंगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। बैठक में रोशन कुमार, अमन कुमार, दीपक कुमार, प्रिंस कुमार, सुमन कुमार, कुंदन कुमार, रविरंजन कुमार, धीरेंद्र कुमार समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### दुर्गा पूजा को लेकर लहसुना थाने में शांति समिति की बैठक

**मसौढ़ी।** आगामी दुर्गा पूजा व दशहरा पर्व को शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर रविवार को लहसुना थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष खुशबू खातून ने की। बैठक में दुर्गा पूजा समितियों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व समाजसेवी बड़ी संख्या में शामिल हुए। थानाध्यक्ष ने उपस्थित लोगों से अपील की कि पर्व को आपसी भाईचारे के साथ मनाएं और किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने में प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने बताया कि प्रशासन की ओर से पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था की गई है, लेकिन शांति व्यवस्था बनाए रखने में स्थानीय लोगों की सहभागिता अनिवार्य है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार पूजा पंडालों में डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। साथ ही अश्लील गीतों पर भी रोक रहेगी। केवल धार्मिक और भक्ति गीतों को ही अनुमति दी जाएगी। थाना क्षेत्र के चाननपुर, भलुआ चपौर, गुड़पतिचक और कराय सहित कई जगहों पर पूजा पंडाल बनाए गए हैं। बैठक में जिला परिषद सदस्य उदय कुमार सिंह, उपमुखिया अरुण प्रसाद, चकोर मुखिया प्रतिनिधि सुजीत कुमार, विनोद कुमार गुप्ता, वार्ड सदस्य अनिल कुमार, धीरज कुमार सहित अनेक समाजसेवी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### पृष्ठ 1 का शेष

### जीएसटी सुधारों को...

इनकम को टैक्स मुक्त कर उपहार दिया और जब 12 लाख तक वेतन पर टैक्स शून्य हो जाए तो मध्यमवर्ग को तो काफी सुविधा हो जाती है। अब गरीब की बारी है। नियो मिडिल क्लास की बारी है। अब इन्हें डबल बोनांजा मिल रहा है। जीएसटी कम होने से देश के नागरिकों के लिए अपने सपने पूरे करना और आसान होगा। घर बनाना, स्कूटर-कार खरीदना हो, इन सब पर अब कम खर्च करना होगा। अब आपका घूमना भी सस्ता होगा क्योंकि होटल के कमरों पर भी जीएसटी कम कर दिया गया है। पीएम मोदी ने कहा कि मुझे खुशी है कि दुकानदार भाई-बहन जीएसटी सुधार को लेकर उत्साह में है। वे इसके फायदों को ग्राहकों को पहुंचाने में जुटे हैं। हम नागरिक देवो भवः के मंत्र के साथ आगे बढ़ रहे हैं। अगर हम इनकम टैक्स और जीएसटी में छूट को जोड़ दें तो एक साल में जो निर्णय हुए हैं उससे देश के लोगों को 2.5 लाख करोड़ से ज्यादा की बचत होगी। इसलिए यह बचत उत्सव बन रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि अब हमें आत्मनिर्भरता के मंत्र के साथ आगे बढ़ना होगा। जो देश के लोगों की जरूरत है जो हम देश में बना सकते हैं, वो हमे देश में ही बनाना चाहिए। जीएसटी की दरें कम होने से नियम और प्रक्रियाएं और आसान बनने से हमारे एमएसएमई, हमारे लघु, कुटीर उद्योगों को बहुत फायदा होगा। उनकी बिक्री बढ़ेगी और टैक्स भी कम देना पड़ेगा। यानी उनको भी डबल फायदा होगा। इसलिए आज मेरी एमएसएमई से, चाहे लघु हों या सूक्ष्म या कुटीर, आप सबसे बहुत अपेक्षाएं हैं। आपको भी पता है कि जब भारत समृद्धि के शिखर पर था तब अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार हमारे लघु-कुटीर उद्योग थे। भारत की मैन्युफैक्चरिंग और क्वालिटी बेहतर होती थी। हमें उस गौरव को वापस पाना है जो हमारे उद्योग बनाएं वो दुनिया में उत्तम से उत्तम हों। जो हम बनाएं वो दुनिया में बेस्ट के पैरामीटर को पार करने वाला हो। हमारे उत्पाद दुनिया में भारत का गौरव बढ़ाएं। राष्ट्र के नाम संबोधन में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज जाने-अनजाने में हमारी रोजमर्रा की जिदगी में बहुत सी विदेशी चीजें जुड़ गई हैं। हमारी जेब में कंघी देशी है कि विदेशी है, हमें पता ही नहीं। अब हमें इससे मुक्ति पानी होगी। हमें वो चीजें खरीदनी होंगी जो भारत में बनी हो, जिसमें हमारे देश के बेटे-बेटियों का पसीना हो, हमें देश के घरों को स्वदेशी का प्रतीक बनाना है। गर्व से कहो कि मैं स्वदेशी खरीदता हूं, मैं स्वदेशी सामान की बिक्री भी करता हूं। ये हर भारतीय का मिजाज बनना चाहिए। जब ये होगा तो भारत तेजी से विकसित होगा। मेरा आज सभी राज्य सरकारों से भी आग्रह है कि आत्मनिर्भर भारत के इस अभियान के साथ, स्वदेशी के इस अभियान के साथ अपने राज्यों में उत्पादन को गति दें। पूरी ऊर्जा और उत्साह से। निवेश के लिए माहौल बनाएं, जब केंद्र और राज्य मिलकर आगे बढ़ेंगे तो विकसित भारत का सपना पूरा होगा। इसी के साथ मैं इस बचत उत्सव की अनेक शुभकामनाएं देते हुए अपनी बात समाप्त करता हूं।

# अंतरराष्ट्रीय पुनपुन पितृपक्ष मेले का हुआ समापन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**मसौढ़ी।** आस्था और श्रद्धा के प्रतीक अंतरराष्ट्रीय पुनपुन पितृपक्ष मेले का रविवार को विधिवत समापन हो गया। अनुमंडल कार्यपालक दंडाधिकारी धर्मवीर कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कन्हैया कुमार, थानाध्यक्ष बेबी कुमारी और कार्यपालक पदाधिकारी ऋचा प्रियदर्शिनी ने संयुक्त रूप से मेले के समापन की औपचारिक घोषणा की। समापन अवसर पर एसडीओ धर्मवीर कुमार ने देश-विदेश से आए पिंडदानियों और आगंतुकों का आभार जताते हुए कहा कि हर वर्ष जिला प्रशासन की ओर से पिंडदानियों के लिए मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था की जाती है। उन्होंने आश्वस्त किया कि आने वाले वर्षों में सुविधाओं को और सुदृढ़ किया जाएगा। गौरतलब है कि यह मेला 6 सितंबर से शुरू हुआ था और 21 सितंबर तक चला। 16 दिनों तक चले इस महापर्व में हजारों की संख्या में श्रद्धालु अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान हेतु पुनपुन पहुंचे। प्रशासनिक आंकड़ों के अनुसार, इस बार पिंडदानियों की संख्या पिछले वर्षों की तुलना में कुछ कम रही। बीते वर्ष जहां करीब 1 लाख 20 हजार श्रद्धालुओं ने पिंडदान किया था, वहीं इस वर्ष संख्या अपेक्षाकृत कम दर्ज की गई। पिंडदानियों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए थे। मेले के दौरान 44 दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त किए गए, जबकि 300 से अधिक पुलिसकर्मी सुरक्षा व्यवस्था में लगे रहे। साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पुनपुन घाट पर पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, चिकित्सा व अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। हर वर्ष पुनपुन घाट पर आयोजित यह मेला न केवल बिहार बल्कि पूरे देश और विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र रहा है।

# अमृत भारत एक्सप्रेसः जन-जन की ट्रेन

**ओम प्रकाश**



भारतीय रेल को देश की जीवनरेखा कहा जाता है। यह हर दिन 2.3 करोड़ से ज़्यादा यात्रियों को सफ़र कराती है। यह केवल एक परिवहन साधन ही नहीं बल्कि देश की सामाजिक और आर्थिक ज़रूरतों को पूरा करने वाली शक्ति है। अमृत भारत एक्सप्रेस इस बड़े तंत्र में एक गेम-चेंजर बनकर उभरी है। कम-लागत, आधुनिक और समावेशी पहल जो भारतीयों की यात्रा करने की शैली को बदल रही है। यद्यपि यह पूरे देश की आशाओं को पूरा करती है, इसके परिवर्तनकारी प्रभाव विशेष रूप से बिहार में उल्लेखनीय हैं। एक ऐसा प्रदेश जहां निवासियों का भाग्य हमेशा से रेल कनेक्शन पर बहुत अधिक निर्भर रहा है।

यह ट्रेन वाकई में जन-जन की रेल है। जहां प्रीमियम ट्रेनों से केवल चुनिंदा लोगों को सुविधा हासिल होती हैं, वहीं अमृत भारत आम यात्रियों के लिए है। ये नॉन-एसी सुपरफास्ट ट्रेनें हैं जिनका किराया पारंपरिक मेल-एक्सप्रेस के करीब है, लेकिन सुविधाएँ आधुनिक हैं। उदाहरण के लिए, पटना-दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस की स्लीपर टिकट लगभग 560 रुपये में मिलती है। सफ़र झटकों से मुक्त है, सीटें आरामदायक हैं, बायो-वैक्यूम टॉयलेट, एलईडी लाइटिंग और मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट जैसी सुविधाएँ मौजूद हैं। सुरक्षा के लिए फायर डिटेक्शन सिस्टम, सेमी-ऑटोमैटिक कपलर और ऑनबोर्ड मॉनिटरिंग जैसी तकनीकें भी लगी हैं।

अमृत भारत एक्सप्रेस का नेटवर्क देशभर में तेज़ी से बढ़ रहा है। दर्जन भर से अधिक मार्गों पर ट्रेनें चल रही हैं और अगले कुछ वर्षों में 200 नई अमृत भारत ट्रेनों की योजना है। सभी ट्रेनें मेक इन इंडिया के तहत देश में ही बन रही हैं। एक-एक रेक की लागत लगभग 65 करोड़ रुपये है, जिससे निर्माण इकाइयों, आपूर्ति श्रृंखला और रखरखाव केंद्रों में रोज़गार भी बढ़ रहा है। यह न सिर्फ़ यात्री सेवा में, बल्कि औद्योगिक दृष्टि से भी आत्मनिर्भर भारत की ओर बड़ा कदम है।

देश के अन्य राज्यों की तुलना में बिहार में इन ट्रेनों का असर सबसे ज़्यादा दिखता है। पहले शुरू की गई 14 सेवाओं में से 10 सीधे तौर पर बिहार से जुड़ी हैं। दरभंगा, पटना, सहरसा, मोतिहारी, सीतामढ़ी और गया से अब दिल्ली, मुंबई, लखनऊ, अमृतसर और बेंगलुरु तक सीधी कनेक्टिविटी है। 3,129 किलोमीटर लंबी जोगबनी–इरोड अमृत भारत एक्सप्रेस बिहार के उत्तर-पूर्वी छोर को दक्षिण भारत (तमिलनाडु) से जोड़ती है। छात्रों, नौकरीपेशा लोगों और परिवारों के लिए इसका मतलब है कम यात्रा समय, आसान सफ़र और महानगरों तक सीधी पहुँच।

इसका सीधा आर्थिक असर भी हो रहा है। किसान और छोटे व्यापारी अब इन ट्रेनों के पार्सल वैन के ज़रिए जल्दी और सस्ते में अपना सामान बड़े बाज़ारों तक पहुंचा पा रहे हैं। स्टेशनों के आसपास रिक्शा चालकों, चाय विक्रेताओं, होटल व्यवसायियों और हस्तशिल्पियों को भी रोज़गार के नए अवसर मिल रहे हैं। इसके साथ ही सरकार की अमृत भारत स्टेशन योजना भी इन लाभों को बढ़ा रही है। जिसके अंतर्गत 1300 से अधिक स्टेशनों (केवल बिहार में 98) का आधुनिकीकरण किया जा रहा है। जहां स्थानीय कलाकार जैसे मधुबनी पेंटिंग बनाने वाले या मिठाई बेचने वाले सीधे यात्रियों तक अपनी चीज़ें पहुंचा सकते हैं।

पर्यटन को भी बड़ा बढ़ावा मिला है। बिहार के बोधगया, नालंदा और पटना साहिब जैसे धरोहर स्थल पहले पहुँच की कमी से जूझते थे। अब गया, सीतामढ़ी और पटना तक सस्ती और सीधी ट्रेनों की वजह से तीर्थयात्रियों और अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के लिए आना आसान हो गया है। दूसरी ओर, बिहारवासियों के लिए भी अमृतसर का स्वर्ण मंदिर या हरिद्वार जैसे पर्यटन स्थलों तक जाना सुगम हो गया है। इससे सांस्कृतिक आदान-प्रदान और अंतरराज्यीय पर्यटन दोनों को बढ़ावा मिलेगा।

अंततः अमृत भारत केवल पटरियों पर दौड़ती हुई रेलगाड़ी नहीं है, बल्कि समावेशी विकास का प्रतीक भी है। यह लाखों लोगों की यात्रा को आरामदायक और किफ़ायती बनाते हुए उद्योग, पर्यटन और रोज़गार को आगे बढ़ा रही है। यह भविष्य के लिए तैयार भारतीय रेल की ओर एक कदम है। यह एक नया अध्याय है जहाँ कनेक्टिविटी आकांक्षाओं, अवसरों और गर्व को आगे बढ़ाने वाली शक्ति बनेगी, विशेषकर बिहार के लिए।

**आईआरटीएस (सेवानिवृत्त)**
**पूर्व पीसीसीएम, उत्तरी रेलवे एवं पश्चिम मध्य रेलवे**

# नया नाम जोड़ने को लेकर एसडीएम ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** अनुमंडल कार्यालय में रविवार को गहन मतदाता पुनरीक्षण कार्यों की प्रगति को लेकर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम अभिषेक कुमार ने की। बैठक में बताया गया कि 30 सितंबर तक प्रारूप मतदाता सूची में नाम जोड़ने की अंतिम तिथि समाप्त हो चुकी है। अब 1 से 30 सितंबर तक प्राप्त आवेदनों की जांच एवं सत्यापन का कार्य किया जाएगा। एसडीएम ने कहा कि इस प्रक्रिया में एक भी योग्य मतदाता मतदान से वंचित न रह जाए, यह सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक सहयोग करें, विशेषकर नए और योग्य महिला मतदाताओं के नाम सूची में जोड़ने पर बल दिया जाए। बैठक में लिंग अनुपात पर भी चर्चा की गई और मतदाता सूची को संतुलित एवं अद्यतन बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। बैठक में भाजपा के महामंत्री राकेश कुमार, कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री इंद्रमणि देवी, मृत्युंजय पांडे, जदयू के श्रमिक प्रकोष्ठ जिला सचिव लालमोहन सिंह, राजद प्रखंड अध्यक्ष राकेश पंडित, खेग्रामस जिलाध्यक्ष नागेश्वर पासवान, माकपा सहित अन्य दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# पारदर्शिता और विश्वसनीयता बनाए रखना प्राथमिकता : निर्वाचन पदाधिकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर शनिवार को अनुमंडल कार्यालय परिसर में एसडीएम अभिषेक कुमार की अध्यक्षता में विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी सेक्टर पदाधिकारियों एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को ईवीएम की हैंड्स-ऑन जानकारी दी गई। निर्वाचन अधिकारियों ने नियंत्रण इकाई, बैलेट यूनिट एवं वीवीपैट से संबंधित तकनीकी पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि मतदान केंद्रों पर ईवीएम का संचालन सुचारू एवं निर्बाध ढंग से सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक पदाधिकारी को इसकी गहन समझ जरूरी है। इस अवसर पर निर्वाचन पदाधिकारियों ने कहा कि पारदर्शिता और विश्वसनीयता बनाए रखना निर्वाचन प्रक्रिया की प्राथमिकता है, जिसके लिए ईवीएम का सही और सटीक उपयोग अनिवार्य है। बैठक के दौरान एसडीएम अभिषेक कुमार ने मतदान केंद्रों पर बिजली, पानी, शौचालय, सुरक्षा बलों के ठहराव की व्यवस्था और मतदाताओं को प्रभावित करने वाले तत्वों की पहचान जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी चर्चा की। उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेटों को चुनाव की तैयारी से जुड़े कई अहम निर्देश दिए। बैठक में अनुमंडल कार्यपालक दंडाधिकारी धर्मवीर कुमार सहित सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# सर्वमंगला मंच ने किया नुक्कड़ नाटक का मंचन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**फुलवारी।** सर्वमंगला सांस्कृतिक मंच की साप्ताहिक नुक्कड़ नाटक श्रृंखला में महेश चौधरी द्वारा रचित और मिथिलेश कुमार पांडे द्वारा निर्देशित नाटक "नवरात्रि का महत्व" का मंचन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत करण कुमार द्वारा प्रस्तुत स्वरबद्ध गीत से हुई, जिसमें नवगो पापों—काम, क्रोध, मोह, लोभ, हिंसा, झूठ, ईर्ष्या, अहंकार और चोरी के अंत की बात की गई। नाटक के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि समाज में मौजूद बुराइयां और असमानताएं रावण के पुतले की तरह हैं। हर साल दशहरे पर रावण के पुतले को जलाकर समाप्त किया जाता है, लेकिन असली सुधार तब होगा जब हम अपनी बुराइयों और नकारात्मकताओं को भी इसी तरह जीवन से समाप्त करें। नवरात्रि और दशहरे के त्योहार केवल परंपरा निभाने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इनका वास्तविक संदेश समाज में अच्छाई और धर्म की स्थापना करना है। नाटक ने दर्शकों को यह भी बताया कि समाज और देश की प्रगति के लिए व्यक्तिगत सुधार जरूरी है। अपने भीतर बदलाव लाकर ही हम दूसरों और समाज को सकारात्मक दिशा में प्रेरित कर सकते हैं। नाटक में महेश चौधरी, सौरव, करण, प्रमोद, सौरभ, अंजनी, देव दर्शन, श्रीकांत, सक्षम, अंशी, मोनिका, पूजा, अनुष्का, आकाशी और रिया भारती ने अपनी भूमिकाओं के माध्यम से संदेश को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।

# समारोह में उत्कृष्ट शिक्षकों का हुआ सम्मान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुजफ्फरपुर।** परिवर्तनकारी शिक्षक महासंघ, बिहार के तत्वावधान में रविवार को मुजफ्फरपुर के मिठनपुरा स्थित द पार्क होटल में तिरहुत शिक्षक सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के कई उत्कृष्ट शिक्षकों को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में शिक्षकों, शिक्षा-प्रेमियों और गणमान्य अतिथियों की बड़ी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता महासंघ के प्रदेश संयोजक एवं तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्याशी प्रणय कुमार ने की। उन्होंने कहा कि समाज निर्माण में शिक्षक की भूमिका सर्वोपरि है और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही बिहार के भविष्य की दिशा तय करेगी। उन्होंने यह भी जोड़ा कि शिक्षा के माध्यम से ही समाज में सकारात्मक बदलाव संभव है। प्रदेश सह संयोजक विजय कुमार परिवर्तनकारी, संगठन महामंत्री शिशिर कुमार पांडेय एवं कार्यकारी संयोजक नवनीत कुमार ने संयुक्त वक्तव्य में कहा कि महासंघ सदैव शिक्षकों के सम्मान, अधिकारों और दायित्वों की रक्षा के लिए संघर्षरत है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की एकजुटता ही शिक्षा व्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी। वहीं, प्रदेश महासचिव अखिलेश कुमार सिंह एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष सह प्रधान शिक्षक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अशोक कुमार ने कहा कि महासंघ का उद्देश्य सिर्फ संगठन का विस्तार नहीं, बल्कि शिक्षकों को सम्मानित और सशक्त बनाना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव जमील अहमद विद्रोही एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी मृत्युंजय ठाकुर ने कहा कि यह सम्मान समारोह न केवल शिक्षकों के गौरव में वृद्धि करता है, बल्कि समाज को यह संदेश भी देता है कि शिक्षा और शिक्षक ही बदलाव की असली ताक़त हैं। इस अवसर पर पटना उच्च न्यायालय के अधिवक्ता नलिन कुमार, महासंघ मुजफ्फरपुर के प्रवक्ता राजीव कुमार, सोशल मीडिया प्रभारी (प्रधान शिक्षक प्रकोष्ठ) मुकेश कुमार गुप्ता, अभिभावक प्रतिनिधि अवधेश प्रसाद सिंह, दिनेश कुमार सिंह, नंद किशोर सहनी, शिक्षक आनंद कुमार, सौम्या रानी, रुचि कुमारी, श्वेता ठाकुर, विभा कुमारी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं शिक्षा-जगत से जुड़े लोग मौजूद रहे। समारोह के दौरान वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि इस तरह के आयोजनों से न सिर्फ शिक्षकों का उत्साहवर्धन होता है, बल्कि समाज में शिक्षा का महत्व और भी गहराई से स्थापित होता है।

# शराब के साथ दो गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन शराब के तहत शनिवार देर रात धनरूआ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की। पुलिस ने देवधा पंचायत के चकजीरा गांव में छापेमारी कर घर के बाहर पुआल में छिपाकर रखी गई 35 बोतल विदेशी शराब बरामद की। इस मामले में दो शराब सप्लायरों को गिरफ्तार किया गया है। धनरूआ थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों की पहचान चकजीरा निवासी लालू कुमार (पिता प्रमोद प्रसाद) और सतीश कुमार (पिता शैलेश प्रसाद) के रूप में हुई है। दोनों के पास से 35 बोतल विदेशी शराब के साथ एक मोटरसाइकिल और 1500 रुपये नकद भी जब्त किए गए हैं।

# नवविवाहिता ने बुजुर्ग पति संग रहने से किया इनकार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ।** फुलवारीशरीफ के परसा बाजार थाना क्षेत्र में 19 वर्षीय चांदनी कुमारी ने शादी के महज दो महीने बाद अपने पति के साथ रहने से इंकार कर दिया। पुलिस को दिए बयान में चांदनी ने कहा कि उसके परिजनों ने उससे दोगुनी उम्र के राजू कुमार से जबरन विवाह कराया था। इसी वजह से वह अपने प्रेमी के साथ दिल्ली चली गई थी। पुलिस ने बताया कि 14 दिन बाद शनिवार की रात चांदनी थाने पहुंची और स्पष्ट कर दिया कि अब वह अपने पति के साथ नहीं, बल्कि अपने प्रेमी के साथ ही रहना चाहती है। परसा बाजार थाना प्रभारी मेनका रानी ने कहा कि लड़की का बयान दर्ज कर डायरी एंट्री की गई और बाद में उसे परिजनों के हवाले कर दिया गया। चांदनी ने पुलिस को बताया कि यदि उसे पहले से पता होता कि उसकी शादी इतनी अधिक उम्र वाले व्यक्ति से होने वाली है तो वह इसे कभी स्वीकार नहीं करती। वहीं, पति राजू कुमार ने बताया कि सात वर्ष पहले उनकी पहली पत्नी घर से भाग गई थी। इसके बाद परिवार के परामर्श पर 11 जुलाई 2025 को वैशाली जिले की रहने वाली चांदनी कुमारी से उनकी दूसरी शादी कराई गई। राजू ने कहा कि यह चांदनी की दूसरी शादी है, उनका पहला विवाह एक शराबी और मारपीट करने वाले युवक से हुआ था, जिससे एक साल पहले उनका तलाक हो चुका है। राजू ने आरोप लगाया कि शादी के बाद चांदनी लगातार सोशल मीडिया पर किसी युवक के संपर्क में रहती थी। छह सितंबर की रात वह चुपके से अपने प्रेमी के साथ घर से फरार हो गई थी। इस पर पुलिस को सूचना दी गई थी। पुलिस मामले की जांच कर रही थी, इसी बीच 20 सितंबर की रात चांदनी स्वयं प्रेमी संग थाने पहुंची और पति के साथ रहने से साफ इंकार कर दिया।

# मिथुन मनहास को मिल सकती है BCCI अध्यक्ष की जिम्मेदारी



**मुंबई, एजेंसी।** 45 वर्षीय मिथुन मनहास का क्रिकेट करियर लंबा और सफल रहा है। उन्होंने 1997/98 सीजन में दिल्ली से अपने करियर की शुरुआत की। हालांकि, भारतीय टीम में उन्हें जगह नहीं मिल सकी। बीसीसीआई के नए अध्यक्ष के नाम पर से जल्द पर्दा उठ सकता है। दिल्ली से खेलने वाले जम्मू-कश्मीर के पूर्व बल्लेबाज मिथुन मनहास बीसीसीआई के नए अध्यक्ष बन सकते हैं। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, हाल ही में हुई बीसीसीआई की बैठक में मनहास सबसे मजबूत उम्मीदवार के रूप में उभरे हैं। बीसीसीआई अध्यक्ष पद के लिए नामांकन की आखिरी तारीख 21 सितंबर तय है, जबकि चुनाव 28 सितंबर को होंगे।

घरेलू क्रिकेट के स्टार रहे मनहास

45 वर्षीय मिथुन मनहास का क्रिकेट करियर लंबा और सफल रहा है। उन्होंने 1997/98 सीजन में दिल्ली से अपने करियर की शुरुआत की। हालांकि, भारतीय टीम में उन्हें जगह नहीं मिल सकी क्योंकि उस दौर में सचिन तेंदुलकर, वीवीएस लक्ष्मण और राहुल द्रविड़ जैसे दिग्गज बल्लेबाज टीम का हिस्सा थे।

इसके बावजूद, मनहास घरेलू क्रिकेट में बड़े खिलाड़ी के रूप में स्थापित हुए। उन्होंने दिल्ली रणजी टीम की कप्तानी भी की और शुरुआती दिनों में विराट कोहली ने उनके नेतृत्व में खेला। 2007-08 रणजी सीजन में उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए 921 रन बनाए और उनका औसत 57.56 का रहा। उसी सीजन में दिल्ली ने खिताब जीता था।

2015 में मनहास अपने गृहनगर जम्मू-कश्मीर लौट आए। उनके फर्स्ट क्लास करियर में 157 मैच, 9714 रन, और 27 शतक शामिल हैं। इसके अलावा, उन्होंने 130 लिस्ट ए मैचों में 4126 रन और 91 टी20 मैचों में 1170 रन बनाए।

मिथुन मनहास को 2008 में पहले आईपीएल सीजन में दिल्ली डेयरडेविल्स (अब दिल्ली कैपिटल्स) ने खरीदा था। वे 2010 तक टीम का हिस्सा रहे। इसके बाद उन्होंने पुणे वॉरियर्स इंडिया और 2014 में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए भी खेला। आईपीएल में मनहास ने कुल 55 मैच खेले और 514 रन बनाए। उनका औसत 22.34 का रहा। मनहास का स्ट्राइक रेट 109.36 का रहा।

# अगर मैं एंडी पाइक्रॉफ्ट होता, तो आप मुझसे माफी मांगते : अश्विन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड इन दिनों गलत कारणों से चर्चा में है। मौजूदा टी20 एशिया कप 2025 में पीसीबी ने भारत द्वारा हाथ मिलाने की अनदेखी पर नाराजगी जताई और मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट पर अपना गुस्सा निकाला। यूएई मैच से पहले पाइक्रॉफ्ट की पाकिस्तानी कप्तान सलमान आगा से मुलाकात की रिकॉर्डिंग को लेकर जहां पीसीबी मुश्किल में है, वहीं पूर्व भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने बेवजह के ड्रामे के लिए बोर्ड की आलोचना की। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, एंडी पाइक्रॉफ्ट ने वाकई सबको ऐसा घटिया तमाशा देखने से बचा लिया। उन्होंने आगे कहा, भारत ने मैच रेफरी को पहले ही बता दिया था, यह हमारा फैसला है और हम इसका पालन करेंगे। बस। इतने सारे ड्रामे के बाद आप मैच हार गए। तो आप किस बात की शिकायत कर रहे हैं? आप इसलिए नहीं हारे क्योंकि हमने हाथ नहीं मिलाया। कृपया जाकर पता लगाएं कि आप असल में क्या सुधार कर सकते हैं।

अगर भारत के साथ हाथ न मिलाना आपकी समस्या थी, तो आप यूएई के मैच में उस समस्या का हल क्यों ढूंढ रहे थे? आपको एंडी पाइक्रॉफ्ट को बलि का बकरा क्यों बनाना पड़ा? उसने कुछ भी गलत नहीं किया। अश्विन ने आगे कहा, वह कोई स्कूल टीचर नहीं है। वह कोई प्रिंसिपल नहीं है। वह जाकर सूर्या को नहीं ला सकता और कह सकता है, आओ हाथ मिलाओ। यह उसका काम नहीं है। आखिर पाइक्रॉफ्ट की क्या गलती है।



# स्मृति मंधाना ने तोड़ा विराट कोहली का रिकॉर्ड

## वनडे में सबसे तेज शतक लगाने वाली भारतीय बनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना ने शनिवार को इतिहास रच दिया। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दिल्ली में खेले जा रहे तीन मैचों की वनडे सीरीज के आखिरी मुकाबले में 50 गेंदों में शतक पूरा कर बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। भारतीय टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना ने शनिवार को इतिहास रच दिया। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दिल्ली में खेले जा रहे तीन मैचों की वनडे सीरीज के आखिरी मुकाबले में 50 गेंदों में शतक पूरा कर बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। वह वनडे क्रिकेट में सबसे तेज शतक लगाने वाली भारतीय बन गईं। इस मामले में उन्होंने पूर्व कप्तान विराट कोहली को पीछे छोड़ दिया। दरअसल, कोहली ने 2013 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 52 गेंदों में शतक लगाया था और एक दशक से ज्यादा समय तक यह रिकॉर्ड उनके ही नाम था।

**मंधाना ने करेन रोल्टन को पीछे छोड़ा**

महज 50 गेंदों में शतक जड़कर मंधाना महिला वनडे क्रिकेट में सबसे तेज शतक लगाने वाली दूसरी खिलाड़ी बन गईं। उन्होंने पूर्व ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज करेन रोल्टन के 2000-01 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बनाए गए 57 गेंद में बनाए गए रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। ऑस्ट्रेलिया की पूर्व कप्तान मेग लैनिंग 2012-13 सत्र में न्यूजीलैंड के खिलाफ 45 गेंद में शतक बनाया जिससे वह सबसे तेज शतक बनाने वाली खिलाड़ियों की सूची में शीर्ष पर हैं।

## विश्व कप 2025 के लिए

# बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम का किया समर्थन

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार ने आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 में भारतीय महिला क्रिकेट टीम के समर्थन में देश को एकजुट करने के लिए आवाज उठाई है और प्रशंसकों से महिला क्रिकेट के लिए भी वैसा ही जुनून और समर्थन दिखाने का आग्रह किया है जैसा वे पुरुष क्रिकेट के लिए दिखाते हैं।



इस साल महिलाओं के प्रमुख टूर्नामेंट के आधिकारिक प्रसारणकर्ता, जियोहॉटस्टार द्वारा जारी एक वीडियो में अक्षय कुमार ने अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। महिला क्रिकेट टीम का समर्थन करने के महत्व पर बात करते हुए अक्षय कुमार ने 2017 विश्व कप फाइनल देखने के अपने अनुभव को याद किया और अपनी भावनाएं साझा कीं। उन्होंने कहा, ÷मुझे 2017 विश्व कप फाइनल आज भी याद है। मैं स्कॉटलैंड से ट्रेन पकड़कर फाइनल देखने स्टेडियम गया था। मैंने हमारी महिला क्रिकेट टीम का जुनून देखा।

मैं क्यों गया था? क्योंकि तभी मुझे समझ आया कि क्रिकेट में कोई लिंग भेद नहीं होता। बस एक जर्सी, एक जुनून और एक टीम होती है। टीम इंडिया।

उन्होंने कहा, हम आमतौर पर पुरुष टीम का उत्साहवर्धन करते हैं। लेकिन असली समर्थन तब मिलेगा जब हम अपनी महिला टीम का भी उतना ही उत्साहवर्धन करेंगे, जितना हम पुरुष टीम का करते हैं। असली प्रशंसक वह है जो हर खिलाड़ी के साथ खड़ा हो, चाहे वह पुरुष हो या महिला। यही असली नीले रंग की निशानी है।

जर्सी वही, जज्बा वही। वीडियो में, अक्षय भारतीय उप-कप्तान स्मृति मंधाना की 18 नंबर की जर्सी पकड़े हुए भी दिखाई दे रहे हैं, जिससे यह बात पुख्ता होती है कि विराट कोहली हों या स्मृति मंधाना, जर्सी एक ही रहती है। भारत, श्रीलंका के साथ मिलकर आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप की मेजबानी कर रहा है, जिसका पहला मैच 30 सितंबर को गुवाहाटी में शुरू होगा। भारत अपने घरेलू मैदान पर अपना पहला आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप खिताब जीतने की उम्मीद कर रहा है।

# बांग्लादेश खिलाफ अफगानिस्तान टीम की घोषणा

● सीमित ओवर की सीरीज के लिए टीम में हुए 3 बड़े बदलाव



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बांग्लादेश खिलाफ 2 अक्टूबर से यूएई में शुरू होने वाली सीमित ओवरों की सीरीज के लिए टीम की घोषणा की।

टी20 एशिया कप 2025 के ग्रुप चरण से बाहर होने के बाद अफगान चयनकर्ताओं ने तीन बड़े बदलाव किए। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज फजलहक फारूकी, ऑलराउंडर गुलबदीन नैब और करीम जनत को टीम में जगह नहीं मिली। फारूकी की जगह लंबे बाएं हाथ के तेज गेंदबाज बशीर अहमद को टीम में शामिल किया गया। वह अफगानिस्तान के लिए पदार्पण करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने अंडर-19 स्तर पर अफगानिस्तान का प्रतिनिधित्व किया है और पांच लिस्ट ए और 14 टी20 मैच खेले हैं। उन्होंने 38.16 की औसत से 12 टी20 विकेट लिए हैं।

इस सूची में एक और अनकैप्ड खिलाड़ी 18 वर्षीय शीर्ष क्रम बल्लेबाज वफीउल्लाह तरखिल हैं। अफगानिस्तान की बल्लेबाजी टीम को जूझना पड़ा है और 2026 के टी20 विश्व कप से पहले वे अपनी बल्लेबाजी में सुधार करना चाहेंगे। तरखिल ने 33 टी20 मैच खेले हैं और 28.35 की औसत और 145.95 के स्ट्राइक रेट से 794 रन बनाए हैं।

उनके नाम पांच टी20 शतक हैं। अल्लाह गजनफर और रहमत शाह को टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए रिजर्व खिलाड़ियों में शामिल किया गया है। वे वनडे टीम का हिस्सा बने रहेंगे।

**● अफगानिस्तान टी20 टीम:**

राशिद खान (कप्तान), इब्राहिम जादरान (उप-कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज़ (विकेटकीपर), मोहम्मद इशाक (विकेटकीपर), सेदिकुल्लाह अटल, वफीउल्लाह तारखिल, दरविश रसूली, अजमतुल्लाह उमरजई, मोहम्मद नबी, शराफुद्दीन अशरफ, नूर अहमद, मुजीब उर रहमान, बशीर अहमद, फरीद अहमद मलिक, अब्दुल्ला अहमदजई।

**रिजर्व:** एएम गजनफर और रहमत शाह।

**● अफगानिस्तान वनडे टीम:**

हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), रहमत शाह (उप-कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज़ (विकेटकीपर), इकराम अलीखिल (विकेटकीपर), इब्राहिम जादरान, सेदिकुल्लाह अटल, दरविश रसूली, अजमतुल्लाह उमरजई, मोहम्मद नबी, राशिद खान, नांगेयालिया खारोटे, एएम गजनफर, अब्दुल्ला अहमदजई, बशीर अहमद, मोहम्मद सलीम सफी।

**रिजर्व:** बिलाल सामी और फरीदून दाऊदजई।

## मेसी का धमाकेदार प्रदर्शन

# इंटर मियामी ने यूनाइटेड को 3-2 से हराया



**मियामी , एजेंसी।** मियामी की जीत और दो गोलों के बाद मेसी के इस सीजन में कुल 22 गोल हो गए हैं, जिससे वे नैशविल एससी के सैम सर्रिज से एक गोल आगे निकल गए हैं और गोल्डन बूट रेस में पहले स्थान पर पहुंच गए हैं। मेजर लीग सॉकर में शनिवार रात खेले गए मुकाबले में लियोनेल मेसी ने शानदार खेल दिखाते हुए अपनी टीम इंटर मियामी को डी.सी. यूनाइटेड के खिलाफ 3-2 से जीत दिलाई। अर्जेंटीनी स्टार ने इस मैच में एक असिस्ट और दो गोल किए।

पहले हाफ में असिस्ट, दूसरे हाफ में दो गोल

पहले हाफ में मेसी ने 35वें मिनट में तादेओ एलेन्डे के गोल में असिस्ट किया और इंटर मियामी को 1-0 की बढ़त दिलाई। यह मेसी का इस सीजन का 12वां असिस्ट था, जो लीग में चौथे सबसे ज्यादा असिस्ट के बराबर है। दूसरे हाफ में डी.सी. यूनाइटेड ने क्रिश्चियन बेंटेके के गोल से स्कोर 1-1 कर दिया, लेकिन मेसी ने 66वें मिनट में शानदार गोल दागकर इंटर मियामी को फिर से बढ़त दिला दी। इसके बाद 85वें मिनट में मेसी ने एक और गोल कर टीम की जीत लगभग पक्की कर दी। डी.सी. यूनाइटेड ने इंजरी टाइम में एक गोल जरूर किया, लेकिन स्कोर 3-2 पर ही रहा।

मेसी गोल्डन बूट रेस में सबसे आगे

मियामी की जीत और दो गोलों के बाद मेसी के इस सीजन में कुल 22 गोल हो गए हैं, जिससे वे नैशविल एससी के सैम सर्रिज से एक गोल आगे निकल गए हैं और गोल्डन बूट रेस में पहले स्थान पर पहुंच गए हैं।

# श्रीलंका के खिलाफ आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए नूर और मुजीब को मिले डिमेरिट अंक



**दुबई, एजेंसी।** अफगानिस्तान के स्पिनर नूर अहमद और मुजीब उर रहमान को आईसीसी कोड ऑफ कंडक्ट के लेवल 1 का उल्लंघन करने पर एक-एक डिमेरिट पॉइंट दिया गया। यह घटना गुरुवार को अबु धाबी में एशिया कप में श्रीलंका के खिलाफ मैच के दौरान हुई। नूर अहमद को आर्टिकल 2.8 का उल्लंघन करते पाया गया, जिसका मतलब है अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असहमति दिखाना। जबकि मुजीब पर आर्टिकल 2.2 का उल्लंघन करने का आरोप लगा, जो क्रिकेट उपकरण, कपड़े, ग्राउंड उपकरण या फिटिंग्स का दुरुपयोग करने से संबंधित है। मुजीब ने मैच के दौरान अपने तौलिये से स्टंप तोड़ दिए थे। नूर ने श्रीलंका की पारी के 16वें ओवर में असहमति जताई थी, जब अंपायर ने उनकी एक गेंद को वाइड करार दिया था। मैदान पर मौजूद अंपायर आसिफ याकूब और वीरेंद्र शर्मा, तीसरे अंपायर फैसल अफरीदी और चौथे अंपायर रोहन पंडित ने आरोप लगाए। दोनों खिलाड़ियों ने अपने अपराध स्वीकार कर लिए और मैच रेफरी रिची रिचडर्सन द्वारा प्रस्तावित सजा को मान लिया। इसलिए औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी। गौर है कि अफगानिस्तान का एशिया कप अभियान श्रीलंका से छह विकेट से हारने के बाद समाप्त हो गया। उस मैच में नूर और मुजीब ने एक-एक विकेट लिया था।

# पीकेएल-12: अंतिम रेड पर नीरज को लपक पटना पाइरेट्स ने दबंग दिल्ली केसी का विजय रथ रोका

**जयपुर, एजेंसी।** दबंग दिल्ली केसी का लगातार छह मैचों से चला आ रहा विजय रथ आखिरकार रुक गया है। सवाई मानसिंह इंडोर स्टेडियम में शनिवार को खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 12वें सीजन के 43वें मुकाबले में तीन बार के चैंपियन पटना पाइरेट्स ने अंतिम रेड में नीरज नरवाल को लपक 33-30 के अंतर से मैच जीत लिया। दिल्ली को पहली हार मिली जबकि पटना को सात मैचों में दूसरी जीत मिली।

एक समय 12 अंक से पीछे चल रही पटना की जीत में अंकित (12) का अहम योगदान रहा। उन्होंने मैच में पटना की वापसी कराई और फिर स्कोर बराबर भी किया। दिल्ली के लिए आशू मलिक ने 6 अंक लिए जबकि नीरज नरवाल ने 8 अंक जुटाए। पटना के लिए कप्तान अंकित ने डिफेंस में 6 अंक जुटाए। दिल्ली ने अच्छी शुरुआत करते हुए तीन मिनट में ही 4-1 की लीड बना ली थी लेकिन सुधाकर ने फजल का शिकार कर फासला दो का कर दिया।

फिर अजिंक्य को लपक अंकित ने स्कोर 3-4 कर दिया। सौरव ने मिलन को लपका तो अयान ने डिफेंस में हाथ साफ करते हुए नीरज का शिकार कर स्कोर 4-6 कर दिया। इस बीच दिल्ली ने अयान को लपका और फिर अजिंक्य ने डू ओर डाई रेड पर अंक लेकर 10 मिनट की समाप्ति तक स्कोर 8-4 कर दिया। ब्रेक के बाद सुधाकर ने एक अंक लिया तो नीरज ने दिल्ली को दो अंक दिला दिए। संदीप और सुरजीत ने हालांकि अगली रेड पर सुधाकर को लपक लिया लेकिन अंकित ने अजिंक्य का शिकार कर स्कोर 6-11 किया। फिर सुरजी ने अकेले दम पर मिलन को लपक लीड फिर दोगुना कर दी। इस



बीच आशू ने दो अंक लेकर पटना को दो खिलाड़ियों तक सीमित कर दिया।

अगली रेड पर नीरज ने हालांकि उन्हें रिवाइव करा लिया। फिर नीरज ने ही पटना को आलआउट की ओर धकेला और फिर सुरजीत ने हाफटाइम से ठीक पहले आलआउट लेते हुए दिल्ली को 19-10 की लीड दिला दी। ब्रेक के बाद दिल्ली ने लगातार दो अंक लेकर पकड़ मजबूत की। इस बीच सौरव ने अयान को लपक स्कोर 22-11 कर दिया। इस बीच अंकित ने डू ओर डाई रेड पर सौरव का शिकार कर लिया लेकिन अजिंक्य ने मिलन को आउट कर हिसाब बराबर किया। दिल्ली का डिफेंस अयान को नहीं चलने दे रहा था लेकिन डिफेंस ने हाथ खोल दिए थे। नवदीप ने अजिंक्य को लपक लिया। पिछली रेड पर नीरज को आउट करने वाले अंकित ने अगली दो रेड पर सुरजीत और फजल को आउट कर स्कोर 16-25 कर दिया। फिर डिफेंस ने नीरज को लपक दिल्ली को सुपर टैकल की स्थिति में ला दिया। अंकित ने इसके बाद डू ओर डाई रेड पर संदीप का शिकार कर दिल्ली को आलआउट की ओर धकेला।

अंकित ने अगली रेड पर दो शिकार के साथ दिल्ली को आलआउट कर स्कोर 22-26 कर दिया। आलइन के बाद आशू ने नवदीप को बाहर किया। इस बीच अंकित ने बोनस लिया और फिर आशू ने दो अंक की रेड क साथ स्कोर 29-23 कर दिया। फिर अंकित के बोनस के बाद पटना के डिफेंस ने अजिंक्य को लपक फासला 5 का कर दिया। फिर अंकित ने सौरव का शिकार कर सुपर-10 पूरा किया। अगली रेड पर हालांकि वह लपक लिए गए।

# कंस की तरह होगा तेजस्वी का विनाश : नित्यानंद राय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**गोह(औरंगाबाद)।** प्रखंड के देवहरा-पथरौल खेल मैदान में रविवार को एनडीए कार्यकर्ताओं का सम्मेलन आयोजित हुआ। इस सम्मेलन में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय उपस्थित हुए। सम्मेलन की अध्यक्षता पूर्व विधायक सह जदयू जिलाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह व संचालन भाजपा जिलाध्यक्ष विजेंद्र चंद्रवंशी ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि कंस की तरह तेजस्वी का भी विनाश तय है। उन्होंने कहा कि औरंगाबाद जिला खूनी जिले के नाम से जाना जाता था परंतु हमारी सरकार आते ही सभी नक्सलियों का लगभग खत्मा कर दिया गया। उन्होंने लालू यादव पर हमला बोलते हुए कहा कि 1990 में जब लालू प्रसाद मुख्यमंत्री बने थे तो सभी को उम्मीद जगी थी की हर तबके के लोगों का विकास होगा लेकिन उन्होंने परिवार को आगे बढ़ाने का काम किया है। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ रणविजय कुमार ने कहा कि अगर सही प्रत्याशियों का चयन किया गया तो औरंगाबाद जिले से महागठबंधन का सफाया हो जाएगा। सभी सीटों पर एनडीए की जीत पक्की होगी। उन्होंने कहा कि एनडीए की सरकार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महिलाओं के सम्मान को ऊंचा किया है। विशेषकर महिलाओं को अनेक सुविधाएं उपलब्ध कराई है। वहीं पूर्व भाजपा विधायक सह प्रदेश प्रवक्ता मनोज शर्मा ने कहा कि जो पार्टी मां को गाली दिया है वह सत्ता में वापस नहीं आएगी। कहा कि याद रखें गाली देने वाली पार्टी अगर सत्ता में आई तो आम जनता को भी गाली देगी। कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश उन्नति की ओर बढ़ रहा है। इस मौके पर पूर्व विधायक अमरेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व विधायक विजेंद्र पासवान, पूर्व विधायक श्यामदेव पासवान, रालोमो जिलाध्यक्ष अशोक मेहता, हम के जिलाध्यक्ष रंधीर सिंह, लोजपा जिलाध्यक्ष चंद्रभूषण सिंह, भाजपा नेता प्रमोद सिंह चंद्रवंशी, कुसुम देवी, डॉ श्रीकृष्ण सिंह सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## शराब व वारंट मामले में चार लोग गये जेल

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** कोर्ट के निर्देश पर तीन वारंटियों को देवकुंड पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए वारंटियों की पहचान थाना क्षेत्र के भीमलीचक निवासी सुरेंद्र महतो, भगलू महतो उर्फ़ अरविंद महतो एवं रामविशुन महतो के रूप में की गई है। ये सभी बीते काफी दिनों से फरार चल रहे थे। इसी क्रम में कोर्ट के निर्देश पर ये सभी आज पकड़े गए। थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि पर्व-त्योहार व चुनाव के मद्देनजर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में लंबे समय से विभिन्न अपराधों में फरार अभियुक्तों व वारंटियों की धर-पकड़ की जा रही है। पकड़े गए तीन वारंटियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई के उपरांत जेल भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि इसके अलावा 50 लीटर देसी शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया गया है जिसके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई के उपरांत जेल भेज दिया गया। पकड़ा गया कारोबारी थाना क्षेत्र के हथियारा गांव का रहने वाला 50 वर्षीय योगेन्द्र साव है।

# सात्विक गुणों से जीवन को बनाएं आदर्श : डॉ. निहारिका

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सप्त शक्ति संगम कार्यशाला 2025 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नवयुग का विचार-नव चेतना भरा जीवन से हुई। मंच संचालन रानी कुमारी एवं सृष्टि ने किया। दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्जन कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. निहारिका सिंह द्वारा संपादित हुआ। कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन सकरा प्रधानाचार्य अनीता ने किया। मौके पर प्रधानाचार्य नीरज कुमार कौशिक, विभाग निरीक्षक धरणीकांत पांडे भी उपस्थित रहे। अतिथियों का परिचय अनुपम कुमारी ने कराते हुए कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुए विभाग संयोजिका अनीता ने शब्द शक्ति संगम की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में कुटुंब प्रबोधन पर अनंता सिन्हा ने विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बताया कि जिस मां की गोद में बालक बड़ा होता है वह गोद मां की ही होती है। उन्होंने 16 संस्कारों की महत्ता बताई और कहा कि परिवार में दयालु और संस्कारी वातावरण के बिना बालकों का समुचित विकास संभव नहीं है। उन्होंने सामाजिक विकृतियों जैसे 'हम दो हमारे दो' नीति और वृद्धों की उचित देखभाल न होने की समस्याओं पर भी ध्यान आकर्षित किया। अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए डॉ. निहारिका सिंह ने सामाजिक समानता, माताओं की शक्ति, बच्चों के संस्कार और सनातन धर्म की रक्षा की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नारी का धर्म है कि अपने सात्विक गुणों से जीवन को आदर्श बनाएं। उन्होंने कहा कि माताओं की जागृति से ही समाज और देश का विकास संभव है। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों और बड़ों का सम्मान, प्रश्नोत्तरी और संकल्प ग्रहण भी किया गया। अंत में सभी ने वृक्षारोपण, जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के महत्व को स्वीकार किया। प्रधानाचार्य अनीता ने कहा कि यह कार्यशाला विद्यार्थियों और समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बनी है और नारी सशक्तिकरण तथा संस्कारी परिवार निर्माण में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। आभार ज्ञापन माया पांडे द्वारा तथा संकल्प माया मिश्रा द्वारा संपन्न हुआ।

# घर से आठ लाख के आभूषण व नकदी चोरी, जांच शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** कुटुंबा थाना क्षेत्र के खपिया गांव में शनिवार की देर रात एक घर से अज्ञात चोरों ने आभूषण व नकदी की चोरी कर ली। गृह स्वामी के मुताबिक करीब आठ लाख रूपये की सम्पत्ति लेकर चोर फरार हो गए। चोरों ने खपिया गांव निवासी युगल सिंह के घर में वारदात को अंजाम दिया। गृहस्वामी ने बताया कि देर रात चोर छत से घर में घुसे और जिस कमरे में सपरिवार सो रहे थे उसमें चोरों ने बाहर से कुंडी लगा दी और वारदात को अंजाम देकर भागने लगे। इसी क्रम में किसी चीज से टकरा गए जिसमें उनकी नींद खुली लेकिन बाहर दरवाजा बंद होने के कारण निकल नहीं पाए। उन्होंने शोर मचा कर ग्रामीणों को इकट्ठा किया। ग्रामीणों ने कुंडी खोलकर घरवालों को बाहर निकाला। हालांकि ग्रामीणों के पहुंचने से पहले ही चोर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले थे। गृहस्वामी ने बताया कि चोरों ने आलमीरा का लॉक तोड़कर सोने व चांदी के आभूषण के साथ 12 हजार रूपये नकद रुपए लेकर फरार हो गए। ग्रामीणों ने घटना की सूचना डायल 112 नंबर पर पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन में जुट गई। घटनास्थल से 500 मीटर दूर नहर के समीप से टूटा हुआ बक्सा मिला है। थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। साक्ष्य संकलन के लिए एफएसएल टीम और डॉग स्क्वॉड को बुलाया जा रहा है। पीड़ित ने अब तक थाने में आवेदन नहीं दिया है। आवेदन प्राप्त होने पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

# जनता तय करेगी हम पार्टी का उम्मीदवार : संतोष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** कुटुंबा की जनता हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा सेक्युलर का उम्मीदवार खुद तय करेगी। मुझे उनपर पूरा भरोसा है ताकि उन्हें यह नहीं लगे कि हमने टिकट बेच दिया। यह बात अंबा के एक निजी प्रतिष्ठान द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह में हम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व बिहार सरकार के मंत्री संतोष सुमन ने कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रमुख अरूण सिंह एवं संचालन पूर्व उप प्रमुख अखिलेश मेहता ने किया। मंत्री संतोष सुमन ने कहा कि हमने राजनीतिक जीवन की शुरुआत कुटुंबा से की है। पहली बार यही से हमने चुनाव लड़ा और 42 हजार मतदाताओं ने हमपर भरोसा जताया। आज फिर चुनाव सिर पर है। चुनाव में सीटों की दावेदारी पर उन्होंने कहा कि हम पार्टी सम्मान के साथ एनडीए गठबंधन में है और विश्वास है कि उन्हें सम्मानजनक सीट दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बार पार्टी कार्यकर्ताओं को भी जगह मिलेगी, उनकी कोशिश है कि ज्यादा कार्यकर्ता चुनाव लड़ें। उन्होंने कहा कि कुटुंबा की जनता ने मुझे सम्मान दिया है, वह सराहनीय है। हमारी ओर से कोई उम्मीदवार तय नहीं किया जायेगा बल्कि यहां के जनता मालिकों के आधार पर कुटुंबा उम्मीदवार तय किया जाए। उन्होंने कहा कि मगध ही हमारी पार्टी का आधार है, इसलिए इस क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ना चाहेंगे। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही बिहार का विकास हो सकता है। उनकी तुलना में दूर-दूर तक दूसरा कोई नजर नहीं आता। बिहार के विकास की तेज गति के लिए हम लोग प्रयासरत हैं। प्रदेश के लोगों को हम लोगों पर विश्वास है, उस पर कायम रहने के लिए हम लोग काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एनडीए पूरी तरह एकजुट है, जबकि विपक्षी गठबंधन में एकजुटता का अभाव है। सनातन परम्परा के अनुसार हम सभी सरस्वती की पूजा करते हैं लेकिन ये लोग कलम को फ़ेकने का काम करते है। आप सोच सकते हैं इनकी कैसी मानसिकता है। प्रदेश को विकसित और सुंदर बनाना है तो एनडीए को जिताएं। हम आपके हर कदम पर साथ है।

# शारदीय नवरात्र की तैयारी पूरी, जलभरी यात्रा आज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर।** सोमवार से शुरू हो रहे शारदीय नवरात्रि की तैयारी श्रद्धालुओं ने पूरी कर ली है। विभिन्न पूजा समितियां की ओर से सोमवार को जलभरी यात्रा निकाली जायेगी। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मौलाबाग स्थित ऐतिहासिक सूर्यमंदिर तालाब या सोन नदी से जलभरी की जायेगी। इधर, पंडालों का निर्माण कार्य अंतिम चरण में पहुंच गया है। कलाकार माता के दरबार को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। सप्तमी को पट खुलेगा, इससे पहले अधूरे निर्माण को हर हाल में पूरा कर लेना का लक्ष्य निर्धारित है। शहर के पटवा टोली स्थित दुर्गा क्लब, पटना के फाटक दुर्गा क्लब, मौलाबाग स्थित नगर भवन परिसर, सिनेमा हॉल रोड, ठाकुरबाड़ी, चावल बाजार सुमिरन साव धर्मशाला, मौलाबाग सूर्य मंदिर परिसर, पुराना शहर वार्ड संख्या पांच माली टोला शिव मंदिर, बालू गंज, राष्ट्रीय स्कूल स्टेडियम मैदान, भखरुआं सहित शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के कई स्थानों पर मां दुर्गा या मां काली की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की जा रही है। पुराना शहर संघत, महिला कॉलेज के पास मां काली मंदिर, भखरुआं-गया रोड मंदिर, हनुमान मंदिर, श्रीराम मंदिर सहित कई स्थानों पर मां दुर्गा की स्थायी प्रतिमा स्थापित है, जहां कलश स्थापित कर पूजा -अर्चना की जा रही है। रविवार को बाजार में कलश व अन्य पूजन सामग्रियों की खरीदारी करते श्रद्धालु दिखे। पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना क्षेत्र में लाइसेंसधारियों की संख्या 44 है।

# भाजयुमो ने लगाया रक्तदान शिविर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर शुरू हुए सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आज सदर अस्पताल स्थित बल्ड बैंक में भाजयुमो द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष विकास सिंह ने कहा कि पीएम मोदी के जन्मदिन को पूरे देशभर में सेवा कार्य दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। सेवा कार्य से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने कहा कि आज के इस महत्वपूर्ण दिन पर भाजपा युवा मोर्चा द्वारा रक्तदान शिविर में सभी द्वारा रक्तदान किया जा रहा है। हम सभी को समय-समय पर रक्तदान करते रहना चाहिए। रक्तदान से बड़ा कोई महादान नहीं होता है और इससे बड़ा कोई पुण्य का काम नहीं होता है। मौके पर प्रभारी उपाध्यक्ष विशाल सिंह, पूर्व एमएलसी राजन सिंह, महिला मोर्चा अध्यक्ष पूजा सिंह, जुलेखा ख़ातून, उषा सिंह, सुमन अग्रवाल, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष गोल्डन जी, लव कुश, नीरज, विकाश और युवा मोर्चा के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भगवान भास्कर समिति की बैठक आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**नवीनगर।** प्रखंड के धूंधुआ गांव स्थित सूर्य मंदिर परिसर में कार्तिक छठ पूजा को लेकर भगवान भास्कर समिति की बैठक आयोजित की गयी। अध्यक्षता समिति उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह व संचालन महासचिव जगदीश चौधरी ने किया। बैठक में कार्तिक छठ पूजा की तैयारी को लेकर चर्चा हुई। समिति से जुड़े कार्यकर्ताओं को इसकी तैयारी में जुटने को कहा गया। कहा गया कि सभी लोग आपसी सहयोग बनाकर कार्य करेंगे। किसी भी तरह की परेशानी होने पर समिति के समक्ष अपनी बाते रखेंगे। इस दौरान सचिव श्रवण सिंह, कोषाध्यक्ष सिकंदर यादव, सुरेंद्र पाल, सदस्य दीपक यादव, जितेंद्र पासवान, राजीव कुमार, संजय मेहता, अरुण यादव, अरुण सिंह, विक्की यादव समेत कई लोग मौजूद थे।

# शांति-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का करें सहयोग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए खुदवां थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि दुर्गा पूजा के दौरान विधि व्यवस्था पर ध्यान रखना आवश्यक है। सौहार्दपूर्ण वातावरण में यह त्योहार मनाया जायेगा। असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखी जा रही है। पुलिस को संवेदशील स्थलों पर गश्त तेज करने का निर्देश दिया गया है। पंडाल में श्रद्धालुओं के आने-जाने के लिए अलग रास्ता होना चाहिए। प्रतिमा का विसर्जन निर्धारित समय पर करवाया जायेगा। पूजा पंडाल में ध्यान रहे बिजली के कटे तार का उपयोग ना हो। पंडाल में आग से बचाव के उपाय होनी चाहिए और सीसीटीवी कैमरा लगे। थानाध्यक्ष सुशील कुमार ने बताया कि इस बैठक में थाना क्षेत्र के बुद्धिजीवी, सामाजिक संगठन के सदस्य और पूजा समितियों के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य त्योहार के दौरान शांति और सुव्यवस्था बनाए रखना है। थानाध्यक्ष ने सभी से अपील की कि वे अपने स्तर से सहयोग करें और किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए सतर्क रहें।

# ओवरलोड कोयला लदे तीन ट्रक जब्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** रिसियप पुलिस द्वारा ओवरलोड कोयला लदे तीन ट्रकों को जब्त किया गया है। पकड़े गए वाहनों की सूचना जिला परिवहन पदाधिकारी को दी गई जिसके बाद विभाग ने जुर्माना लगाया है। बताता जाता है कि ट्रकों पर लदा कोयला बिना वैध या फर्जी कागजात के होते हैं। इतना ही नहीं अधिकांश ट्रकों पर ओवरलोडिंग होती है जिससे न केवल कानून का उल्लंघन होता है बल्कि सरकार को भारी राजस्व का नुकसान होता है। थानाध्यक्ष संजीत राम ने बताया कि ओवरलोड कोयला लदे तीन ट्रकों को जब्त किया गया है। इस मामले में वाहन मालिकों से जुर्माना वसूला जाएगा। इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी ताकि ओवरलोडिंग पर पूरी तरह से अंकुश लगाया जा सके।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

संपादक - कमल किशोर

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

झारखंड कार्यालय
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

दिल्ली प्रतिनिधि
मो.- 09818366269

# बिहार कुम्हार प्रजापति समन्वय समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**नवीनगर।** बिहार कुम्हार प्रजापति समन्वय समिति की जिला इकाई की बैठक में रविवार को नवीनगर में आयोजित की गयी। बैठक में कुटुंबा प्रखंड इकाई का पुनर्गठन किया गया जिसमें टंडवा निवासी बनारसी प्रजापति को अध्यक्ष, कृष्ण मुरारी प्रजापति को उपाध्यक्ष, परमानंद प्रजापति को सचिव, अखिलेश प्रजापति को कोषाध्यक्ष, महेंद्र प्रजापति को संगठन सचिव, दर्शन कुमार को मीडिया प्रभारी व सुबोध प्रजापति को संरक्षक बनाया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश संगठन सचिव रामप्रवेश प्रजापति ने की। बिहार प्रदेश महामंत्री पिंटू गुरुजी सहित अन्य वक्ताओं ने कहा कि समिति के माध्यम से कुम्हार प्रजापति समाज के अधिकारों की लड़ाई सरकार तक पहुंचाई जायेगी। आजादी के बाद से अब तक बिहार कुम्हार प्रजापति समाज का कोई बेटा न विधायक बना, न सांसद बन पाया। समाज के उत्थान के लिए माटी कला बोर्ड के गठन की मांग की गयी। नेताओं ने कहा कि आगामी विधानसभा में औरंगाबाद के किसी एक सीट से कुम्हार प्रजापति समाज को उम्मीदवार बनाया जाए। बैठक में जिलाध्यक्ष ललन प्रजापति, सचिव गया प्रजापति, अमरेश प्रजापति, रामप्रवेश प्रजापति, रविंद्र प्रजापति, निगम प्रजापति, ओमप्रकाश प्रजापति, नरेश प्रजापति, तुलसी प्रजापति मनोज प्रजापति आदि उपस्थित थे।

# इमानदारी और सादगी के प्रतीक थे भोला पासवान शास्त्री : डॉ सुरेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ सुरेश पासवान ने स्व भोला पासवान शास्त्री की जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बिहार सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री स्व भोला पासवान शास्त्री झोपड़ी के लाल, सादगी और इमानदारी के बेमिसाल राजनेता थे। बिहार सरकार के तीन-तीन बार मुख्यमंत्री एवं केंद्र सरकार में मंत्री रहने के बावजूद उनके दामन पर कभी दाग नहीं लगा। यही कारण है कि वह सादगी एवं इमानदारी की प्रतिमूर्ति के रूप मे हमेशा जाने जाते रहेंगे।

# पूर्व मुख्यमंत्री बिंदेश्वरी प्रसाद मंडल की जयंती मनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित संत पदारथ भवन के सभागार में पूर्व मुख्यमंत्री व मंडल आयोग के अध्यक्ष रहे बिंदेश्वरी प्रसाद मंडल की जयंती शताब्दी समारोह पूर्वक मनायी गयी। अध्यक्षता समाजवादी चिंतक राजीव रंजन सिन्हा व मंच संचालन अर्जुन पासवान ने किया। अतिथियों ने संत पदारथ बाबू के स्मारक व पूर्व मुख्यमंत्री बिंदेश्वरी प्रसाद मंडल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। बताया गया कि मंडल आयोग के सिफारिशें लागू होने के 32 वर्षों की यात्रा पूर्ण होने पर एक विचार संगोष्ठी आयोजित की गयी। संबोधित करते हुए राजीव रंजन सिन्हा ने कहा कि दलित, वंचित व पिछड़ों को आरक्षण मिलने के बाद भी वह सम्मानजनक स्थिति अभी भी नहीं बनी है, जिसकी अपेक्षा बिंदेश्वरी प्रसाद मंडल व संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर ने की थी। आज जरूरी है कि प्रत्येक वर्ग के शिक्षाविद व बुद्धिजीवी अपने स्तर से समाज के वंचित, दलित व पिछड़ो को विशेषकर शैक्षणिक क्षेत्र में जागरूक व प्रेरित करें ताकि वे समाज के मुख्य धारा से जुड़ सके। मुख्य वक्ता डॉ रामाशीष सिंह, प्रोफ़ेसर बच्चू लाल सिंह, पूर्व जिप अध्यक्ष रूपा पासवान, डॉ भागवत यादव, समाजवादी नेता तुलसी यादव, सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक अजीत कुमार, बुधन सिंह, मनोज कुमार, विजेंद्र कुमार कवि, अधिवक्ता कुणाल कुमार, सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक बैजनाथ सिंह यादव, रामा सिंह, संजय कुमार यादव, सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक कपिलदेव सिंह, राजद के वरीय नेता मोहन यादव व बिहार राज्य शिक्षा प्रकोष्ठ जदयू के प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार यादव ने मंडल आयोग के सिफारिशों को समीक्षात्मक विश्लेषण करने पर जोर दिया। कार्यक्रम के आयोजक राम परीखा यादव ने कहा कि मंडल आयोग को पूर्ण रूपेण लागू नहीं किया गया। यह आधा-अधूरा है, जिसकी समीक्षा होना चाहिए।

# सड़क पर जलजमाव से आवागमन में परेशानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवीनगर।** नवीनगर- टंडवा मुख्य पथ पर जलजमाव के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण अंबुज सिंह, धर्मेंद्र पांडेय, लवकुश चंद्रवंशी, धीरेंद्र चंद्रवंशी, रमेश सिंह, रोहित सिंह राणा, शशि कुमार सिंह, विकेश कुमार सिंह, यशवंत राठौर, सनी सिंह, मोनू सिंह, ददन सिंह, अजय साहसी, अनूप कुमार सहित अन्य लोगों ने बताया कि यह सड़क नवीनगर व टंडवा का मुख्य पथ है। जिससे प्रखंड मुख्यालय, गैस एजेंसी, पेट्रोल पंप, विद्यालय जैसे कई अन्य कार्यों के लिए लोगों का आना-जाना होता है। दरअसल इस मार्ग पर दर्जनों जगहों पर गड्ढे हो गये हैं, जिसमें बारिश का पानी जम गया है। साथ ही कीचड़ जमा है। ऐसे में दो व तीन पहिया वाहन चालकों के अलावा पैदल आने - जाने वाले लोगों को भी काफी परेशानी होती है। साथ ही स्कूली बच्चों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। दुर्घटना होने का खतरा भी हमेशा बना रहता है। लोगों ने जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है।